CMYK

ख़बरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 19°C
न्यूनतम : 08°C

नई दिल्ली, शुक्रवार 12 दिसम्बर 2025 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 251 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper


shahtimes2015@gmail.com | पौष कृष्ण पक्ष 7 विक्रमी सम्वत् 2082 | 20 जमादिउल उखरा 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



लोकतंत्र के मंदिर संसद में धूम्रपान करना संविधान का अपमान: शहजाद पूनावाला पेज 2



रोहित-कोहली का ए+ ग्रेड खतरे में, गिल का प्रमोशन संभव खेल टाइम्स



कोशिकाओं की सुरक्षा प्रणाली के लिए घातक है जीका वायरस सम्पादकीय



नौ करोड़ में मिलेगी अमेरिकी नागरिकता, ट्रम्प गोल्ड कार्ड आज से लागू पेज 12

## बहराइच हिंसा के दोषी सरफराज को फांसी की सजा

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले में 13 अक्टूबर 2024 को दुर्गा प्रतिमा विसर्जन जुलूस के दौरान भड़की सांप्रदायिक हिंसा में मारे गए 22 वर्षीय राम गोपाल मिश्रा की हत्या मामले में अपर सत्र न्यायाधीश की अदालत ने गुरुवार को दोषियों को सजा सुनाई।

बहराइच कोर्ट ने राम गोपाल की हत्या के आरोपी सरफराज को फांसी की सजा सुनाई है। वहीं 9 दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई है। बता दें कि कोर्ट ने 9 दिसम्बर को 13 आरोपियों में से 10 को दोषी ठहराया था, जबकि तीन को सबूतों के अभाव में बरी कर दिया था। दोषी ठहराए गए आरोपी अब्दुल हमीद, उसके बेटे फहीम, सरफराज, तालिब, सैफ, जावेद, जीशान, ननकऊ, शोएब और मारुफ हैं। इनमें से सरफराज को फांसी की सजा मिली है। शासकीय अधिवक्ता प्रमोद सिंह ने बताया कि महज 13 महीने 26 दिन में ट्रायल पूरा होकर फैसला आया, जो तेज न्याय का उदाहरण है। घटना महसी थाना क्षेत्र के महराजगंज में हुई थी, जहां डीजे पर बजते गाने को लेकर विवाद शुरू हुआ। पथराव और फायरिंग में राम गोपाल मिश्रा को गोली लगी और उनकी मौत हो गई। पुलिस ने 11 जनवरी 2025 को कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की, 18 फरवरी को दोषियों पर आरोप तय हुए। 12 गवाहों की गवाही के बाद 21 नवम्बर को फैसला सुरक्षित रखा लिया गया। आरोपियों पर बीएनएस की धारा 103(2) (मॉब लिंचिंग में हत्या) लगी है, जिसमें फांसी या आजीवन कारावास का प्रावधान है। अन्य धाराएं 191(2), 191(3), 190, 109(2), 249, 61(2) और आर्म्स एक्ट की धारा 30 हैं, जिनमें 2 से 5 वर्ष तक की सजा या मौत की सजा तक हो सकती है। 9 दिसम्बर को जब कोर्ट ने तीन आरोपियों को बरी कर दिया था, तब राम गोपाल मिश्रा की पत्नी रोली मिश्रा ने कहा था कि मेरे पति के हत्यारों को फांसी दो, तभी न्याय मिलेगा। बरी किए गए तीन भी दोषी हैं, उन्हें भी सजा मिलनी चाहिए। परिवार ने सभी दोषियों को मौत की सजा की मांग की है। बरी हुए खुर्शीद, शकील और अफजल हैं। मामले में रासुका भी लगाई गई थी। प्रशासन ने इलाके में भारी फोर्स तैनात की है, ताकि सांप्रदायिक सद्भाव बना रहे। सीएम योगी आदित्यनाथ ने पहले ही सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया था।



दोषियों को अदालत ले जाती पुलिस।

**■ नौ को उम्रकैद, मूर्ति विसर्जन के दौरान भड़की सांप्रदायिक हिंसा में राम गोपाल मिश्रा की हुई थी हत्या**

## दिल्ली दंगा: उमर खालिद को बड़ी राहत

### बहन की शादी के लिए मिली अंतरिम जमानत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दिल्ली दंगा केस में आरोपी और जेएनयू के छात्र रहे उमर खालिद को बड़ी राहत मिली है। कोर्ट ने उमर को बहन की शादी में शामिल होने के लिए अंतरिम जमानत दी है। ये जमानत 16 से 29 दिसम्बर तक के लिए मिली है। कोर्ट ने जमानत देते हुए कुछ शर्तें भी तय की हैं।

कोर्ट ने कहा कि इस दौरान उमर सोशल मीडिया का इस्तेमाल नहीं करेंगे। सिर्फ अपने परिवार के सदस्यों, रिश्तेदारों और दोस्तों से मिलेंगे। जमानत देते हुए अदालत ने कहा कि इस बात को ध्यान में रखते हुए कि शादी याचिकाकर्ता की सगी बहन की है, इसलिए याचिका मंजूर की जाती है। याचिकाकर्ता को 16 दिसम्बर से 29 दिसम्बर तक 20 हजार रुपये के पर्सनल बॉन्ड और इतनी ही रकम के दो जमानतदारों के साथ कुछ शर्तों पर अंतरिम जमानत दी जाती है। कोर्ट ने कहा कि जमानत के दौरान उमर अपने घर पर या उन जगहों पर रहेगा, जहां शादी की रस्में होंगी। बता दें कि उमर खालिद ने 14 दिसम्बर से 29 दिसम्बर तक जमानत मांगी थी। उसकी बहन की शादी 27 दिसम्बर को है। उमर को सितम्बर 2020 में अरेस्ट किया गया था। उस पर आपराधिक साजिश, दंगा, गैरकानूनी सभा साथ ही गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के तहत कई अन्य अपराधों का आरोप लगाया गया था।



**■ कोर्ट ने जमानत देते हुए कुछ शर्तें भी तय की**

### संक्षिप्त समाचार

#### लखीमपुर हिंसा केस में आशीष मिश्रा को राहत

**नई दिल्ली।** लखीमपुर खीरी हिंसा मामले में सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को मुख्य आरोपी और पूर्व केंद्रीय मंत्री के बेटे आशीष मिश्रा को 25 से 31 दिसम्बर तक अपने पैतृक आवास लखीमपुर जाने की अनुमति दे दी। कोर्ट ने उनकी जमानत की शर्तों में सीमित राहत देते हुए यह आदेश जारी किया। सीजेआई सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ ने उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से दाखिल अद्यतन स्थिति रिपोर्ट का उल्लेख किया, जिसके अनुसार मुख्य ट्रायल में 36 गवाहों के बयान दर्ज हो चुके हैं, जबकि 85 गवाह अभी बाकी हैं। इसमें बताया गया कि 10 गवाहों को छूट भी दी गई है।

#### भारत की समुद्री सीमा में घुसी पाकिस्तानी नाव

**अहमदाबाद।** भारत की जल सीमा के अंदर घुसने वाली एक पाकिस्तानी नाव को तटरक्षक बल ने गुरुवार को जब्त कर लिया। इस नाव में सवार 11 सदस्यों को भी गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने गुरुवार को जानकारी देते हुए बताया कि भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) ने भारतीय जलक्षेत्र में अवैध रूप से मछली पकड़ने के आरोप में एक पाकिस्तानी नाव को जब्त कर लिया है और उसके चालक दल के 11 सदस्यों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बताया कि गिरफ्तार किए गए लोगों को आगे की जांच के लिए गुजरात की जाखौ मरीन पुलिस को सौंप दिया गया है।

#### उत्तराखंड में झरने जमे, केदारनाथ व बद्रीनाथ का तापमान -13 डिग्री से नीचे

**नई दिल्ली।** पहाड़ी राज्यों की बर्फबारी और हिमालयी क्षेत्र में वेस्टर्न डिस्टरबेंस बनने से मैदानी इलाकों में सर्दी बढ़ी है। पहाड़ी राज्य उत्तराखंड में झरने जमने लगे हैं। चमोली-पिथौरागढ़ में पाइपलाइन में पानी जम गया। केदारनाथ में तापमान -15 डिग्री सेल्सियस, बद्रीनाथ में -13 डिग्री सेल्सियस चला गया। मध्य प्रदेश में पारा 3डिग्री सेल्सियस तक पहुंचा है। मौसम विभाग के मुताबिक वेस्टर्न डिस्टरबेंस का असर 13 दिसम्बर से दिखना शुरू होगा इससे और तेजी से तापमान गिरेगा। राजस्थान में भी पारा गिरने लगा है। राज्य के 20 से ज्यादा जिलों में मिनिमम टेम्परेचर 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे रिकॉर्ड किया गया।

## यूपी सहित छह राज्यों में बढ़ाई गई एसआईआर की समयसीमा

### मप्र-छत्तीसगढ़ में 18, उप्र में 26 दिसम्बर तक फार्म भर सकेंगे

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने उप्र, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात और तमिलनाडु तथा केंद्र शासित प्रदेश अंडमान निकोबार की मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के कार्यक्रम में गुरुवार को संशोधन की घोषणा की। आयोग ने इन पांच राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश अंडमान निकोबार के मुख्य चुनाव अधिकारियों के अनुरोध पर वहां मतगणना प्रपत्र जमा कराने और संशोधित मतदाता सूची के मसौदों के प्रकाशन की तिथियां बढ़ा दी हैं।

आयोग की विज्ञप्ति के अनुसार, उत्तर प्रदेश में मतगणना प्रपत्र जमा करने की तिथि 11 दिसम्बर से बढ़ाकर 26 दिसम्बर कर दी गई है और राज्य की संशोधित मतदाता सूची का मसौदा 31 दिसम्बर को प्रकाशित किया जाएगा। इसी तरह मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ और केंद्र शासित प्रदेश अंडमान में मतगणना प्रपत्र जमा कराने की तिथि 18 दिसम्बर और संशोधित मतदाता सूची के मसौदे के प्रकाशन की तिथि 23 दिसम्बर कर दी गई है। गुजरात और तमिलनाडु में मतगणना प्रपत्र को जमा करने की अंतिम तारीख 14 दिसम्बर कर दी गई है और इन दोनों राज्यों की संशोधित सूची का मसौदा 19 दिसम्बर को जारी किया जाएगा। इससे पहले के संशोधित कार्यक्रम के अनुसार, इन सभी जगहों पर मतगणना प्रपत्र जमा करने की तिथि गुरुवार को ही समाप्त हो रही थी, जबकि इनमें संशोधित सूची का मसौदा 16 दिसम्बर को प्रकाशित किया जाना था। आयोग ने इससे पहले केरल में मतगणना प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि संशोधित कर 18 दिसम्बर कर दी थी और वहां संशोधित सूची का मसौदा 23 दिसम्बर को आयोग ने कहा है कि यह फैसला यह सुनिश्चित करने के लिए किया गया है कि नई सूची में किसी भी पात्र व्यक्ति का नाम नहीं छुटे।



**■ पहले 11 दिसम्बर थी लास्ट डेट**
**■ यूपी संशोधित मतदाता सूची का मसौदा 31 दिसम्बर को किया जाएगा प्रकाशित**

### संजीव भट्ट की 20 साल की सजा को निलंबित करने से किया इन्कार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को पूर्व आईपीएस अधिकारी संजीव भट्ट को 1996 के मादक पदार्थ प्लांट करने के मामले में दी गई 20 साल की सजा को निलंबित करने से इन्कार कर दिया। न्यायमूर्ति जेके माहेश्वरी और न्यायमूर्ति विजय बिश्नोई की पीठ ने गुरुवार को भट्ट की याचिका पर सुनवाई करने से इन्कार कर दिया, जिससे 2024 में गुजरात की एक अदालत द्वारा एनडीपीएस अधिनियम एवं भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) के विभिन्न प्रावधानों के अंतर्गत दी गई सजा बरकरार रही। सुनवाई के दौरान, भट्ट की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने तर्क दिया कि पूर्व आईपीएस अधिकारी पहले ही सात वर्षों से अधिक समय जेल में गुजार चुके हैं और वह गैर-व्यावसायिक मात्रा में मादक पदार्थों का दोषी ठहराए गए थे। याचिका का विरोध करते हुए, राज्य की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता मनिंदर सिंह ने कहा कि यह स्पष्ट रूप से साजिश का मामला है और कहा कि एक साजिश रची गई थी।

## सुप्रीम कोर्ट ने प्रज्वल रेवन्ना की याचिका ठुकराई

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को पूर्व जेडी(एस) सांसद प्रज्वल रेवन्ना की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने दो लंबित बलात्कार मामलों की सुनवाई बेंगलुरु की 81वीं अतिरिक्त सिटी सिविल एवं सेशंस कोर्ट से किसी अन्य अदालत में स्थानांतरित करने की मांग की थी।

रेवन्ना ने दलील दी थी कि मौजूदा ट्रायल जज पहले ही उन्हें एक अन्य बलात्कार मामले में दोषी ठहरा चुके हैं, इसलिए उनके निष्पक्ष ट्रायल की संभावना कम है। हालांकि, सीजेआई सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा कि जज की टिप्पणियां रिकॉर्ड और कर्नाटक हाईकोर्ट के अवलोकनों के आधार पर थीं और इन्हें पक्षपात का आधार नहीं माना जा सकता। कोर्ट ने स्पष्ट कहा कि ट्रायल जज पुराने फैसले से प्रभावित हुए बिना वर्तमान मामलों का निर्णय सबूतों के आधार पर करेंगे। मामला रेवन्ना के खिलाफ दायर गंभीर आरोपों से जुड़ा है, जिनमें दोहराया गया बलात्कार, छेड़छाड़, धमकी, सबूत नष्ट करना और आईटी एक्ट के तहत गोपनीयता उल्लंघन शामिल हैं। आरोप तब सामने आए जब करीब 2,900 कथित आपत्तिजनक वीडियो ऑनलाइन प्रसारित हुए थे। रेवन्ना को इसी साल अगस्त में एक मामले में आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी और वे वर्तमान में बेंगलुरु की केंद्रीय जेल में बंद हैं। सुनवाई के दौरान उनके वकीलों ने ट्रायल जज की टिप्पणियों को हटाने की मांग की, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने इसे भी ठुकरा दिया और कहा कि इस तरह के आरोप न्यायिक अधिकारियों को बंधक बनाने जैसे हैं।

**■ बलात्कार मामलों की सुनवाई, याचिका किसी अन्य अदालत में भेजने से इन्कार**

## फरार लूथरा भाई हिरासत में

**नई दिल्ली।** गोवा नाइट क्लब आग हादसे के कुछ ही घंटों बाद भारत से फरार हुए नाइट क्लब के मालिक गौरव और सौरभ लूथरा को थाईलैंड के फुकेट में हिरासत में ले लिया गया है, जिन्हें दिल्ली की रोहिणी कोर्ट ने गोवा के 'बिर्च बाय रोमियो लेन' अग्निकांड मामले में आरोपी गौरव और सौरभ लूथरा की अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई पूरी कर फैसला सुना दिया है। अदालत ने अग्रिम जमानत की याचिका खारिज कर दी है। यह मामला गोवा के एक रेस्तरां में आग लगने के बाद दर्ज एफआईआर से जुड़ा है, जिसमें लूथरा भाइयों पर लापरवाही के आरोप हैं।

अदालत में दोनों पक्षों ने अपनी दलीलें रखीं। पुलिस का कहना है कि लूथरा भाइयों ने जांच में सहयोग नहीं किया, जबकि बचाव पक्ष ने गिरफ्तारी पर रोक की मांग करते हुए कहा कि मामला गैर-हत्यात्मक बताया, बचाव पक्ष की दलील सुनने के बाद कोर्ट ने जमानत की याचिका खारिज कर दी। लूथरा भाइयों के वकील तनवीर अहमद मीर ने कहा था कि एफआईआर के अनुसार घटना लापरवाही का मामला है, कोई हत्या नहीं। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर अफवाहों के कारण परिवार को खतरा है और बिना नोटिस दो रेस्तरां तोड़े गए।

**गोवा आग त्रासदी**

**■ रोहिणी कोर्ट ने खारिज की अग्रिम जमानत की याचिका**

### सेना पर टिप्पणी मामले में आजम खां बरी

**रामपुर- शाह टाइम्स ब्यूरो।** पूर्व मंत्री आजम खां को कोर्ट से गुरुवार को बड़ी राहत मिली है। उनके सेना के जवानों पर दिए गए बयान मामले रामपुर कोर्ट ने बरी कर दिया है। फैसला सुनाते हुए कोर्ट ने कहा कि मामले में पर्याप्त साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किए जा सके हैं। यह मामला साल 2017 के चुनाव के दौरान का है। कोर्ट में उनकी पेशी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कराई गई। आजम खां पर यह मुकदमा बीजेपी विधायक आकाश सक्सेना द्वारा 30 जून 2017 को सिविल लाइंस कोतवाली में दर्ज कराया गया था। आरोप था कि आजम खां ने सेना के खिलाफ विवादित बयान दिया था, जिससे उनकी छवि और मनोबल को ठेस पहुंचती है। लगभग 8 वर्ष तक चली सुनवाई के बाद कोर्ट ने साक्ष्यों, गवाहों और तथ्यों पर विचार करने के बाद आजम खां को आरोपों से मुक्त कर दिया।

## अरुणाचल में ट्रक खाई में गिरा, 21 की मौत

**हयुलियांग (अरुणाचल प्रदेश)।** अरुणाचल प्रदेश के अनजा जिले के हयुलियांग इलाके में एक ट्रक 1000 फीट गहरी खाई में गिर गया। इस हादसे में ड्राइवर और क्लीनर समेत 21 की मौत हो गई। बचाव दल को 18 शव मिल चुके हैं। यह हादसा 8 दिसम्बर का है। जानकारी गुरुवार को सामने आई।

दरअसल हादसे में एक व्यक्ति जीवित बचा था, जो दो दिन तक पैदल चलकर किसी तरह आर्मी कैंप तक पहुंचा। इसके बाद गुरुवार सुबह आर्मी के बचाव दल की टीमें मौके पर पहुंची। टीम को घटनास्थल पर पहुंचने में 10 से ज्यादा घंटे लगे। हादसे में घायल व्यक्ति खाई से मुश्किल से बाहर निकला और हयुलियांग- चगलगाम रोड पर पहुंचा। दो दिन तक पैदल चलकर दिसम्बर की रात चिपरा जीआरईएफ कैंप तक पहुंचा। यहां उसने जवानों को हादसे की जानकारी दी। इसके बाद गुरुवार सुबह आर्मी ने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। हादसे वाली जगह चगलगाम से लगभग 12 किमी आगे पहाड़ी और घने जंगल वाला इलाका है। यहां बहुत कम ही आवाजाही होती है। आर्मी की रेस्क्यू टीमें रस्सी से खाई में उतरीं और करीब 4 घंटें की मशक्कत के बाद ट्रक तक पहुंची।



**■ जिंदा बचा एक मजदूर दो दिनों तक पैदल चलकर आर्मी कैंप पहुंचा, तब हादसे की जानकारी मिली**

## राहुल गांधी ने सीईसी की नियुक्ति पर उठाए सवाल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** चीफ इन्फॉर्मेशन कमिश्नर (सीईसी) और 8 इन्फॉर्मेशन कमिश्नर्स की नियुक्ति के लिए चयनित उम्मीदवारों की जातियों पर नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने असहमति जताई।

इनकी नियुक्ति को लेकर बुधवार को पीएम मोदी, राहुल और अमित शाह के बीच प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) में डेढ़ घंटे मीटिंग हुई। राहुल गांधी ने कुछ हफ्ते पहले सरकार से आवेदकों और चुने गए उम्मीदवारों की जाति की जानकारी मांगी थी। बैठक के पहले सरकार ने नेता प्रतिपक्ष से इसकी जानकारी साझा की। इस पर राहुल ने कहा कि चयनित उम्मीदवारों में अनुसूचित जाति/जनजाति, ओबीसी, ईबीसी और अल्पसंख्यक समुदायों के नाम शामिल नहीं हैं। सूत्रों के मुताबिक, आवेदकों की लिस्ट में सिर्फ 7 फीसदी लोग पिछड़े समुदाय से थे। वहीं, चयनित उम्मीदवारों में सिर्फ एक नाम पिछड़े समुदाय से था। राहुल गांधी ने इस पर कड़ी आपत्ति जताई और सभी नियुक्तियों के मानदंडों पर सवाल उठाए। उन्होंने लिखित में अपना असहमति पत्र सौंपा और चयनित उम्मीदवारों से जुड़ी और जानकारी मांगी। केन्द्रीय सूचना आयोग एक वैधानिक संस्था है। यह सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम के तहत नागरिकों को सरकारी जानकारी दिलाने में मदद करती है। आयोग में एक चीफ इन्फॉर्मेशन कमिश्नर और अधिकतम 10 इन्फॉर्मेशन कमिश्नर्स होते हैं। सीईसी और 10 इन्फॉर्मेशन कमिश्नर्स की नियुक्ति तीन सदस्यीय समिति करती है। प्रधानमंत्री इसके अध्यक्ष होते हैं।



**■ पूछा-एसटी, ओबीसी और अल्पसंख्यक समुदाय से कितने उम्मीदवार**
**■ पीएम व शाह के साथ बैठक में असहमति जताई**

## इंडिगो मुआवजे में 10 हजार का ट्रैवल वाउचर देगा

**नई दिल्ली।** एयरलाइन कंपनी इंडिगो फ्लाइट कैंसिल से प्रभावित यात्रियों को रिफंड के अलावा मुआवजे में ट्रैवल वाउचर भी देगी। कंपनी ने गुरुवार को बताया कि 3-5 दिसम्बर के बीच फ्लाइट कैंसिल से ज्यादा परेशान हुए पैसेंजर्स को 10000 का ट्रैवल वाउचर मिलेगा।

हालांकि इंडिगो ने यह साफ नहीं किया है कि ज्यादा परेशान का मतलब क्या है और किन यात्रियों को यह मुआवजा मिलेगा। एयरलाइन ने बताया कि ट्रैवल वाउचर अगले 12 महीने तक किसी भी इंडिगो फ्लाइट की बुकिंग के लिए इस्तेमाल किया जा सकेगा। कंपनी के अनुसार यह मुआवजा उन 5000-10,000 रुपये के अलावा होगा, जो फ्लाइट उड़ाने के 24 घंटे के अंदर कैंसिल होने पर मिलता है।

**■ 3-5 दिसम्बर के बीच ज्यादा परेशान पैसेंजर्स को मिलेगा**

## संक्षिप्त समाचार

### भूपेन्द्र चौधरी ने की प्रधानमंत्री मोदी से मुलाक़ात

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश भारतीय जनता पार्टी में नए अध्यक्ष की घोषणा को लेकर सियासी हलचल तेज हो गई है। इसी बीच मौजूदा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने गुरुवार को दिल्ली में अहम राजनीतिक मुलाकातें कीं हैं। बताया जा रहा है कि उत्तर प्रदेश के चुनाव प्रभारी पीयूष गोयल के जल्द ही लखनऊ के आने की संभावना है। चौधरी ने संसद भवन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाक़ात की। इसके तुरंत बाद वह केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से भी मिले। इन बैठकों को आगामी संगठनात्मक फेरबदल और बदलते राजनीतिक समीकरणों के संदर्भ में बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

### उप्र में दो वरिष्ठ आईएएस के दायित्वों में बदलाव

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रशासनिक फेरबदल करते हुए दो वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों का तबादला कर दिया है। सरकार की तरफ से जारी की गई सूची के अनुसार, वरिष्ठ अधिकारी अखण्ड प्रताप सिंह को मुख्य कार्यपालक अधिकारी, यूपी ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण से हटाकर विशेष सचिव, निर्वाचन विभाग, उत्तर प्रदेश शासन तथा अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश के पद पर नियुक्त किया गया है। वहीं सुश्री दीपा रंजन मिशन को उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन लखनऊ को उनके वर्तमान पद के साथ-साथ यूपी ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण, लखनऊ के मुख्य कार्यपालक अधिकारी के पद का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। शासन के इस निर्णय को ग्रामीण सड़क विकास और चुनावी व्यवस्थाओं से जुड़े कार्यों को और अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है।

### पोलियो का टीका बनाने वाली कंपनी के कर्मचारियों को नहीं मिल रहा वेतन

# निजीकरण व दमन सरकार की दुर्नीति: राहुल

नई दिल्ली, वार्ता



■ घर का खर्च चलाने के लिए कर्ज, उधार और मजबूरी पर कर्मचारियों का जीवन टिका है

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि सरकारी संस्थाओं का दमन और उनका निजीकरण सरकार की सबसे बड़ी दुर्नीति है और मौजूदा सरकार का यह कदम देश के लिए एक बहुत बड़ा अभिशाप बन गया है।

गांधी ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि उनकी हाल ही हुई जन संसद में भारत इम्यूनोलॉजिकल्स तथा जैविकीय निगम लिमिटेड (बिबकॉल) के कर्मचारियों के प्रतिनिधिमंडल से मुलाक़ात हुई। उन्होंने लिखा- इस सरकारी कंपनी के कर्मचारी सालों से वेतनहीन हैं। अपने घर का खर्च चलाने के लिए कर्ज, उधार और मजबूरी पर उनका जीवन टिका हुआ है। ये वही बिबकॉल है, जो भारत में वैक्सीन बनाने वाली एकमात्र सरकारी कंपनी थी और जिसने पोलियो जैसी भयंकर बीमारी के उन्मूलन में ऐतिहासिक योगदान दिया। उन्होंने कहा कि सरकार को कम कीमत पर वैक्सीन उपलब्ध कराने और हर बच्चे तक उसकी पहुंच सुनिश्चित करने में इसकी भूमिका निर्णायक रही है, लेकिन 2017 तक मुनाफे में चल रही इस कंपनी को जानबूझकर, योजनाबद्ध तरीके से घाटे के उद्यम में बदल दिया गया। गांधी ने आगे कहा कि कारण साफ है, ताकि सरकारी कॉन्ट्रैक्ट निजी कंपनियों को सौंपे जा सकें, निजी कंपनियां महंगे दाम पर वैक्सीन बेचकर भारी मुनाफा कमाएं और उसकी कीमत आपकी जेब से निकाली जाए और एक दिन बिबकॉल को 'नुकसान' के नाम पर बंद कर इसकी संपत्ति मुफ्त या सस्ते दामों में पूंजीपति मित्रों में बांट दी जाए। उन्होंने बताया कि बिबकॉल कंपनी बुलंदशहर से संचालित होती थी और उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर में स्थित इस कंपनी की जमीन और संपत्ति काफी महंगी है। जब से उत्तर प्रदेश में जेवर एयरपोर्ट बनाने की घोषणा हुई है, उसके बाद इसकी कीमत आसमान छू रही है। उन्होंने कहा कि इस कंपनी के कर्मचारियों की आर्थिक पीड़ा सरकार से साझा की है।

### पीरीयड अवकाश को लेकर बननी चाहिए राष्ट्रीय नीति: चंद्रशेखर



नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद ने लोकसभा में उठाई मांग, गृहमंत्री अमित शाह के बयान पर किया पलटवार

**नई दिल्ली।** यूपी की नगीना संसदीय सीट से सांसद व आजाद समाज पार्टी के नेता चंद्रशेखर आजाद ने गुरुवार को लोकसभा में मासिक धर्म (पीरीयड) अवकाश को लेकर राष्ट्रीय नीति की मांग उठाई है। आजाद ने कहा कि मासिक धर्म अवकाश को लेकर राष्ट्रीय नीति बननी चाहिए और इसके तहत असंगठित क्षेत्र में कार्यरत महिलाओं को शामिल किया जाना चाहिए, उन्होंने सदन में शून्यकाल के दौरान यह मांग उठाई। नगीना सांसद चंद्रशेखर ने कहा कि मासिक धर्म अवकाश को लेकर कोई राष्ट्रीय नीति नहीं है, जबकि कई देशों में ऐसी नीति मौजूद है। उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि मासिक धर्म अवकाश पर राष्ट्रीय नीति तैयार होए। मीडिया से बात करते हुए कहा नगीना सांसद ने कहा कि जितना पैसा चुनाव के दौरान खर्च हो रहा है, उसके बाद किसी गरीब का बेटा तो आगे बढ़ ही नहीं सकता है। मताधिकार हमारी शक्ति है, इसे छीनने का प्रयास किया जा रहा है। सरकार दलितों, आदिवासियों और अल्पसंख्यकों के मताधिकार को अप्रत्यक्ष रूप से छीनना चाह रही है, एसआईआर में इतनी तेजी क्यों की जा रही है, क्या वे कुछ छिपाना चाहते हैं? भारत अकेला ऐसा देश है जहां संविधान के लागू होने के बाद सभी को मताधिकार मिला है।

# जरूरतमंद को आवास बीमार को मिलेगा उपचार

गोरखपुर, वार्ता



■ सीएम योगी ने लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनकर दिया भरोसा

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान लगातार दूसरे दिन गुरुवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने आवास के लिए जरूरतमंद लोगों को आवास दिलाने और गंभीर बीमारियों से पीड़ितों के इलाज में भरपूर आर्थिक सहायता देने का आत्मीय संबल दिया।

योगी गुरुवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन के दौरान करीब 300 लोगों से मुलाकात की और कहा कि कि सरकार हर जरूरतमंद और पात्र व्यक्ति को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने तथा हर समस्या के प्रभावी निस्तारण के लिए संकल्पित है। ध्यान से बात सुनते हुए उनके प्रार्थना पत्र लिए और निस्तारण के लिए संबंधित प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों को संदर्भित कर निर्देशित किया कि सभी समस्याओं का निस्तारण समयबद, निष्पक्ष और सन्तुष्टिपरक होना चाहिए। जनता दर्शन में एक महिला ने आवास की समस्या बताई। मुख्यमंत्री ने उन्हें आश्वस्त किया कि उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास दिलाया जाएगा। इसे लेकर उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देशित भी किया और कहा कि सरकार की मंशा है कि हर जरूरतमंद के पास पक्का आवास हो। जनता दर्शन में एक महिला ने अपने पति की बीमारी में इलाज के लिए मदद की गुहार लगाई।

इस पर योगी नें महिला को आश्वस्त किया कि वह अपने पति का अच्छे से इलाज कराएं, पैसे की व्यवस्था विवेकाधीन कोष से करा दी जाएगी। इलाज में आर्थिक मदद मांगने कई अन्य लोग भी आए थे। मुख्यमंत्री ने उन्हें भरोसा दिया कि धन के अभाव में किसी का इलाज नहीं रुकेगा।

उन्होंने अफसरों को निर्देश दिया कि जो भी जरूरतमंद हैं, प्रशासन उनके उच्च स्तरीय इलाज का इस्टीमेट शीघ्रता से बनवाकर उपलब्ध कराए। इस्टीमेट मिलते ही सरकार तुरंत धन उपलब्ध कराएगी।

### बहराइच हिंसा के दोषी सरफराज को फांसी की सजा, नौ को उम्रकैद

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले में 13 अक्टूबर 2024 को दुर्गा प्रतिमा विसर्जन जुलूस के दौरान भड़की सां. प्रदायिक हिंसा में मारे गए 22 वर्षीय राम गोपाल मिश्रा की हत्या मामले में अपर सत्र न्यायाधीश की अदालत ने गुरुवार को दोषियों को सजा सुनाई। बहराइच कोर्ट ने राम गोपाल की हत्या के दोषी सरफराज को फांसी की सजा सुनाई है। वहीं 9 दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई है। बता दें कि कोर्ट ने 9 दिसंबर को 13 आरोपियों में से 10 को दोषी ठहराया था, जबकि तीन को सबूतों के अभाव में बरी कर दिया था। दोषी ठहराए गए आरोपी अब्दुल हमीद, उसके बेटे फहीम, सरुराज, तालिब, सैफ, जावेद, जीशान, ननकऊ, शोएब और मारुफ हैं।

# कफ सिरप केस में सहारनपुर के दो भाई गिरफ्तार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** कोडीन कफ सिरप केस में गुरुवार को यूपी एसटीएफ ने दो और आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। इन आरोपियों का नाम अभिषेक शर्मा और शुभम शर्मा हैं, दोनों सगे भाई हैं। ये दोनों कोडीन कफ सिरप का अवैध रूप से स्टॉक रखते थे। एसटीएफ को इनके पास से कई अहम दस्तावेज भी बरामद हुए हैं।

अभिषेक और शुभम सहारनपुर के रहने वाले हैं। लखनऊ के आलमबाग इलाके से एसटीएफ ने इनको गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से दो मोबाइल और फर्जी फर्मों से संबंधित तमाम दस्तावेज बरामद किए हैं। जानकारी के मुताबिक एबॉट कंपनी का दिल्ली का सुपर डिस्ट्रीब्यूटर एवं अभियोग में वांछित अभियुक्त अभिषेक शर्मा और शुभम शर्मा किसी काम से गुरुवार को लखनऊ आए हुए थे। एसटीएफ ने आलमबाग मवैया रोड पर टेढ़ी पुलिया तिराहे के पास से गिरफ्तार कर लिय। अभिषेक शर्मा ने बताया कि वर्ष 2019 से वह विशाल सिंह एवं विभोर राणा के यहां जी.आर. ट्रेडिंग दवा की फर्म में काम कर रहा था। वह लोडिंग-अनलोडिंग का काम देखा करता था एवं उससे संबंधित रिकॉर्ड मेंटेन करता था। विभोर और विशाल एबॉट कंपनी की अन्य दवाओं के साथ फेन्सेडिल कफ सिरप मंगाते थे एवं फर्जी फर्म के माध्यम से खरीद-बिक्री दिखाकर नशे के रूप में प्रयोग करने के लिए तस्करों को सप्लाई करते थे, जो बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल के रास्ते बांग्लादेश भेजी जाती थी।

#### शुभम जायसवाल पर 25 हजार का इनाम

**वाराणसी।** कोडीन युक्त प्रतिबंधित कफ सिरप की तस्करी के मामले में वाराणसी कमिश्नरेट पुलिस ने मुख्य आरोपी शुभम जायसवाल पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है। फरार चल रहे शुभम जायसवाल की तलाश में वाराणसी, सोनभद्र, जौनपुर और चंदौली पुलिस के साथ-साथ विशेष जांच टीम (एसआईटी), स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) और एंटी नारकोटिक्स सेल की टीमें लगातार दबिश दे रही हैं। इस गिरोह के एक अन्य प्रमुख सदस्य झारखंड (रांची) की शैली ट्रेडर्स के मालिक भोला प्रसाद को सोनभद्र पुलिस ने कुछ दिन पहले कोलकाता से गिरफ्तार किया था।

### रिजर्व बैंक ने 50 हजार करोड़ की सरकारी प्रतिभूतियां खरीदीं

**मुंबई।** आरबीआई ने बैंकिंग तंत्र में नकदी की उपलब्धता बढ़ाने के प्रयास के तहत गुरुवार को खुले बाजार से 50,000 करोड़ रुपये की सरकारी प्रतिभूतियों की खरीद की। गवर्नर संजय मल्होत्रा ने 5 दिसम्बर को मौद्रिक नीति संबंधी बयान जारी करने के अवसर पर बताया था कि केंद्रीय बैंक इस महीने एक लाख करोड़ रुपये की सरकारी प्रतिभूतियों की खरीद करेगा। पहले चरण के तहत आज 50,000 करोड़ रुपये की सरकारी प्रतिभूति खरीदी गई है जबकि 18 दिसम्बर को इतने ही मूल्य की प्रतिभूतियां खरीदी जाएंगी। ये प्रतिभूतियां चार से लेकर 25 साल तक की मियाद वाली हैं। रिजर्व बैंक ने बताया गया है कि उसने 6.75 प्रतिशत पर 2029 की 6,638 करोड़ रुपये की प्रतिभूतियां खरीदी हैं।

### लोकतंत्र के मंदिर संसद में धूम्रपान करना संविधान का अपमान: भाजपा

**नई दिल्ली।** भाजपा ने गुरुवार को कहा कि लोकतंत्र के मंदिर संसद में धूम्रपान करना संविधान और कानून का अपमान है। पार्टी प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने पार्टी मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में लगाया। पूनावाला ने आज संसद में टीएमसी सांसद द्वारा ई सिगरेट लाने और उसके उपयोग पर टिप्पणी करते हुए कहा कि लोकतंत्र के मंदिर में एक दुर्भाग्यपूर्ण एक घटना को घटते हुए देखा गया। इस संबंध में सासंद अनुराग ठाकुर ने सदन को और अध्यक्ष को अवगत कराया है। पूनावाला ने कहा कि पूरे देश में ई-सिगरेट 2019 से पूरी तरह से प्रतिबंधित हैं। कानून के अनुसार सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान करना भी प्रतिबंधित है। लोकतंत्र के मंदिर में ई-सिगरेट लाना और पीना कानून के खिलाफ है। इस मामले पर संज्ञान लेते हुए अध्यक्ष ने भी कहा कि ये पूर्ण तरीके से गलत है, इसकी जांच होगी और जो भी दोषी पाया जाएगा, उसपर कार्यवाही की जाएगी।



सेंसेक्स 84818.13
निफ्टी 25898.55



सोना रु. 128535
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 186988
प्रति किलो



# बाजारों में तीन दिन बाद लौटी रौनक

मुंबई, वार्ता



रिजर्व बैंक द्वारा 50 हजार करोड़ रुपये की सरकारी प्रतिभूतियों की खरीद से उत्साहित निवेशकों की लिवाली से गुरुवार घरेलू शेयर बाजारों में तीन दिन बाद तेजी लौट आई। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 426.86 अंक (0.51 प्रतिशत) उछलकर 84,818.13 अंक पर बंद हुआ।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी.50 सूचक. ांक भी 140.55 अंक यानी 0.55 प्रतिशत की बढ़त में 25,898.55 अंक पर बंद हुआ। रिजर्व बैंक ने बैंकिग तंत्र में नकदी बढ़ाने के उपायों के तहत आज 50,000 करोड़ रुपये की सरकारी प्रतिभूतियों की खरीद की। दूसरे चरण में 18 दिसम्बर को इतने ही मूल्य की और सरकारी प्रतिभूतियां खरीदने की उसकी योजना है। इससे बाजार में निवेश धारणा मजबूत हुई है। मझौली और छोटी कंपनियों में निवेशकों ने ज्यादा विश्वास दिखाया। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 1.01 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.81 फीसदी चढ़ा। ऑटो, धातु, आईटी, फार्मा, बैंकिंग, रियलिटी, स्वास्थ्य और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद समूहों में ज्यादा तेजी रही। तेल एवं गैस और मीडिया सेक्टरों के सूचकांक मामूली गिरावट में रहे। एनएसई में कुल 3,206 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें 1,919 के शेयरों में तेजी और 1,183 में गिरावट रही। अन्य 104 कंपनियों के शेयर अंततः अपरिवर्तित बंद हुए। सेंसेक्स की कंपनियों में इटरनल का शेयर 2.74 प्रतिशत चढ़ा। टाटा स्टील में 2.56 फीसदी, कोटक महिंद्रा बैंक में 2.45, मारुति सुजुकी में 1.62, अल्ट्राटेक सीमेंट में 1.31 और टेक महिंद्रा तथा सनफार्मा दोनों में 1.16 प्रतिशत की तेजी रही। एचडीएफसी बैंक का शेयर 0.99 प्रतिशत, टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स का 0.98, महिंद्रा एंड महिंद्रा का 0.97, इंफोसिस का 0. 83, ट्रेंट का 0.68 और रिलायंस इंडस्ट्रीज का 0.63 प्रतिशत की बढ़त में बंद हुआ। एचसीएल टेक्नोलॉजीज, भारतीय स्टेट बैंक, एलएंडटी, एनटीपीसी और अदानी पोर्ट्स के शेयर भी हरे निशान में रहे। वहीं एशियन पेंट्स का शेयर 0.91 प्रतिशत, भारती एयरटेल का 0.65 प्रतिशत रहा।

# चांदी पहुंची ऑलटाइम हाई पर, सोने के दाम भी बढ़े

**नई दिल्ली।** गुरुवार को चांदी अपने ऑल टाइम हाई पर पहुंच गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार चांदी 1,500 रुपए बढ़कर 1,86,988 रुपए किलोग्राम हो गई है। इससे पहले कल ये 1,85,488 रुपए पर थी। वहीं सोना 747 रुपए बढ़कर 1,28,535 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। इससे पहले ये 1,27,788 रुपए पर था। सोने ने 17 अक्टूबर को 1,30,874 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था।

आईबीजेए की सोने की कीमतों में 3 प्रतिशत जीएसटी, मेकिंग चार्ज और ज्वेलर्स मार्जिन शामिल नहीं होता, इसलिए अलग-अलग शहरों के रेट्स अलग-अलग होते हैं। पंजाब नेशनल बैंक समेत कई बैंक गोल्ड लोन रेट तय करने के लिए इन कीमतों का इस्तेमाल करते हैं। सिंगापुर मैनेजमेंट यूनिवर्सिटी के कोस्मास मरिनाकिस ने कहा कि चांदी अब सिर्फ निवेश का साधन नहीं रह गया है, बल्कि एक जरूरी भौतिक संसाधन भी है। मैन्युफैक्चरिंग कंपनियों को इसकी ज्यादा जरूरत है। इसलिए मांग बढ़ रही है।

इससे कीमतों में लगातार तेजी है। चांदी के दाम में उछाल की एक और बड़ी वजह है कि अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप की ट्रेड नीतियों के तहत चांदी पर टैरिफ लगने का डर है। इस डर से अमे. रिकी कंपनियां चांदी का भारी स्टॉक जमा कर रही हैं, जिससे दुनिया के बाकी हिस्सों में कमी हो गई है। दुनियाभर के मैन्युफैक्चरर अपनी प्रोडक्शन बाधित न हो, इसलिए सप्लाई पक्की करने की होड़ में हैं।

# चावल, गेहूं के भाव मजबूत, चीनी, दालों और खाद्य तेलों में रही नरमी



**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में गुरुवार को चावल के औसत भाव बढ़ गए। चावल के साथ गेहूं भी मजबूत हुआ। वहीं चीनी, दालों और खाद्य तेलों में नरमी देखी गई। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत तीन रुपये बढ़कर 3,854.01 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई।

गेहूं दो रुपये महंगा हुआ और 2,852.57 रुपये प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटे की कीमत सात रुपये टूट गई। दाल-दलहनों में नरमी रही। चना दाल औसतन 24 रुपये और तुअर दाल 18 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। उड़द दाल और मूंग दाल 17-17 रुपये टूट गई। मसूर दाल 12 रुपये प्रति क्विंटल कमजोर हुई। विदेशों में बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का फरवरी वायदा एक रिंगिट चढ़कर 4,064 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। वहीं जनवरी का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.63 प्रतिशत गिरकर में 50.77 डॉलर के भाव बोला गया। स्थानीय बाजारों में सरसों तेल औसतन 80 रुपये और वनस्पति 86 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। मूंगफली तेल की कीमत 73 रुपये और सोया तेल की 67 रुपये प्रति क्विंटल घट गई। पाम ऑयल 10 रुपये और सूरजमुखी तेल चार रुपये प्रति क्विंटल फिसल गया। मीठे के बाजार में आज गुड़ की औसत कीमत 25 रुपये प्रति क्विंटल गिर गई। चीनी भी पांच रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7837.01 रुपये, मसूर काली 8170.48 रुपये, मूंग दाल 10097.72 रुपये, उड़द दाल 10348.83 रुपये, तुअर दाल 10581.17 रुपये प्रति क्विंटल। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2852.57 रुपये और चावल 3854.01 रुपये प्रति क्विंटल। आटा (गेहूं) 3292.45 प्रति क्विंटल। चीनी-गुड़: चीनी एस 4325. 01 रुपये और गुड़ 4979.78 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 17655.51 रुपये, मूंगफली तेल 17749.67 रुपये, सूरजमुखी तेल 15723.31 रुपये, सोया तेल 13769.42 रुपये, पाम ऑयल 12423.06 रुपये और वनस्पति 14422.01 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

# व्यावसायिक परीक्षा के लिए प्रयोगात्मक परीक्षकों की मैपिंग 26 तक पूरी करें

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ छूटे हुए/सप्लीमेंट्री श्रेणी की प्रयोगात्मक परीक्षाएं 15 से 19 दिसम्बर 2025 के बीच आयोजित की जाएंगी

**लखनऊ।** व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग, उत्तर प्रदेश अखिल भारतीय व्यावसायिक परीक्षा (दिसम्बर- 2025) की तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुट गया है।

प्रमुख सचिव डा. हरिओम ने बताया कि छूटे हुए/सप्लीमेंट्री श्रेणी की प्रयोगात्मक परीक्षाएं 15 से 19 दिसम्बर 2025 के बीच आयोजित की जाएंगी। इसके लिए प्रेक्टिकल एग्जामिनर मैपिग की अनिवार्य समय-सीमा 9 से 26 दिसम्बर 2025 तय की गई है। इस बाबत उन्होंने सभी जिलों को निर्देशित किया है कि यह प्रक्रिया परीक्षा शुरू होने से पहले हर हाल में पूरी कर ली जाए। गुरुवार को प्रमुख सचिव डा. हरिओम ने बताया कि डीजीटी, भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार केवल वही परीक्षक मैपिग के लिए पात्र होंगे, जो सीधे पोर्टल पर पंजीकृत हैं। यदि किसी जनपद में पंजीकृत परीक्षकों की संख्या कम पड़ती है तो संबंधित नोडल राजकीय आईटीआई की अध्यक्षता में गठित समिति ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करेगी। यह समिति आवेदकों के शैक्षिक दस्तावेज, योग्यता और अनुभव की जांच कर उनके अनुमोदन की प्रक्रिया पूरी करेगी। उन्होंने बताया कि इस कार्य हेतु तीन सदस्यीय जिला स्तरीय समिति का गठन किया गया है। इसमें जिलाधिकारी द्वारा नामित सदस्य को अध्यक्ष बनाया गया है, जबकि नोडल राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान का प्रधानाचार्य तथा जिले के अन्य राजकीय आईटीआई के प्रधानाचार्य/वरिष्ठतम कार्यदेशक सदस्य होंगे। यह समिति डीजीटी के निर्धारित मानकों के अनुरूप परीक्षकों का चयन सुनिश्चित करेगी, ताकि प्रयोगात्मक परीक्षाएं बिना किसी बाधा के सम्पन्न हो सकें।

प्रमुख सचिव ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिया है कि अधिक से अधिक योग्य परीक्षकों का पोर्टल पर पंजीकरण कराया जाए, जिससे परीक्षा के दौरान किसी प्रकार की कमी उत्पन्न न हो। उन्होंने कहा कि नोडल प्रधानाचार्यों को समयबद्ध ढंग से कार्यवाही सुनिश्चित करनी होगी, ताकि न तो परीक्षकों की कमी रहे और न ही परीक्षा कार्यक्रम में कोई देरी हो। विभाग का कहना है कि परीक्षकों की उपलब्धता और समय पर मैपिग प्रक्रिया परीक्षा संच. ालन की गुणवत्ता के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

# हाइड्रोजन से चलने वाला देश का पहला यात्री जलयान गंगा में रवाना

■ केंद्रीय पत्तन पोत परिवहन मंत्री सर्बानंद ने किया रवाना

**वाराणसी।** केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन एवं जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने गुरुवार को वाराणसी के नमो घाट से देश के पहले पूर्णतः स्वदेशी हाइड्रोजन ईंधन सेल आधारित यात्री जलयान के वाणिज्यिक संचालन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह जलयान देश में समुद्री एवं अंतर्देशीय जल परिवहन क्षेत्र में हाइड्रोजन ईंधन सेल प्रणोदन प्रौद्योगिकी का पहला व्यावसायिक प्रदर्शन है और इसमें 100 प्रतिशत स्वदेशी तकनीक पर आधारित है।

निम्न तापमान प्रोटॉन एक्सचेंज मेम्ब्रेन ईंधन सेल प्रणाली से संचालित यह जलयान संग्रहित हाइड्रोजन को विद्युत में बदलता है और एकमात्र उप-उत्पाद के रूप में शुद्ध जल छोड़ता है। इस अवसर पर सोना. वाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत स्वच्छ, टिकाऊ और आत्मनिर्भर परिवहन प्रणालियों की ओर तेजी से अग्रसर है।

आज देश का पहला स्वदेशी हाइड्रोजन ईंधन चालित जलयान लॉन्च करना 'मेक इन इंडिया' और हरित परिवहन के प्रति प्रधानमंत्री जी की प्रतिबद्धता का जीवंत प्रमाण है। यह उपलब्धि मां गंगा के पुनरुद्धार एवं संरक्षण के हमारे व्यापक मिशन को भी सशक्त बनाती है। भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण की स्वामित्व वाली यह 24 मीटर लंबी कैटामरन नौका कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड द्वारा निर्मित की गई है। परीक्षण सफलतापूर्वक पूरे होने के बाद इसे वाणिज्यिक सेवा में शामिल किया गया है। 50 यात्रियों की क्षमता वाली पूर्णतः वातानुकूलित यह नौका हाइड्रोजन ईंधन सेल, बैटरी तथा सौर ऊर्जा की हाइब्रिड प्रणाली से संचालित है। एक बार हाइड्रोजन भरने पर यह लगातार आठ घंटे तक 7-9 समुद्री मील प्रति घंटे की गति से संचालन कर सकती है। इसके लिए कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड और इनलैंड एंड कोस्टल शिपिंग लिमिटेड के बीच त्रिपक्षीय समझौता हुआ है, जिसमें तकनीकी सहायता, संच. ालन, सुरक्षा मानक और नियमित निरीक्षण के प्रावधान शामिल हैं। हाइड्रोजन नौका के संचालन से यात्रियों को शोर-मुक्त, धुआं-मुक्त एवं प्रदूषण-रहित यात्रा का अनुभव मिलेगा।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिसीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहे फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# नोटबंदी के सालों बाद भी 3.5 करोड़ रुपये के पुराने नोट जब्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** 3.5 करोड़ रुपये के प्रतिबंधित नोटों को कमीशन के एवज में बदलकर अमीर बनने के चक्कर में तीन युवकों को वजीरपुर औद्योगिक क्षेत्र चौकी पुलिस ने गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने इन्हें शालीमार बाग मेट्रो स्टेशन के पास तब पकड़ा है, जब वे बुधवार की रात दो कारों से 500 और 1000 रुपये के प्रतिबंधित नोटों की गड्डियां लेकर किसी को देने आए थे। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने बताया कि उन्हें तरुण और आशीष नाम के दो युवकों ने ये नोट दिए थे। जो शालीमार बाग मेट्रो स्टेशन पर किसी को देना था।

नोट पहुंचाने के बदले उन्हें कमीशन मिलना था। पुलिस अब इन दोनों के बारे में पता लगा रही है। शुरुआती जांच में पता चला है कि ये रुपये तरुण और आशीष के हो सकते हैं। अब पुलिस इनके संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान हर्ष, टेकचंद, लक्ष्य और विपिन के रूप में हुई है। हर्ष बीए का छात्र है, जो रोहिणी सेक्टर-25 का रहने वाला है।

टेक चंद ठाकुर भी रोहिणी सेक्टर-25 का रहने वाला है। 10वीं पास हैं। जिम ट्रेनर है, फिलहाल बेरोजगार है। लक्ष्य बृजपुरी का रहने वाला है। जो ग्रेजुएट है और हाल ही में दिल्ली हाई कोर्ट में कान्ट्रैक्ट पर नौकरी ज्वाइन की है। विपिन कुमार फिरोज शाह रोड स्थित सरकारी क्वार्टर में रहता है। जो हिमाचल प्रदेश के जोगिंदर नगर का रहने वाला है। एक कंपनी प्राइवेट नौकरी करता है। वर्ष 2021 में मुख्य आरोपी आशीष और तरुण के संपर्क में आया। उत्तरी-पश्चिमी जिला पुलिस उपायुक्त भीष्म सिंह ने बताया कि बुधवार की शाम अशोक विहार थाना क्षेत्र स्थित वजीरपुर औद्योगिक क्षेत्र चौकी पुलिस को जानकारी मिली कि बड़ी मात्रा में बंद हो चुके नोट लेकर कोई शालीमार बाग मेट्रो स्टेशन के पास आने वाला है। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए मेट्रो स्टेशन के पास पहुंची, जहां दो अलग अलग कार में चार युवक बैठे थे।

जांच करने पर दोनों कार से एक-एक बैग मिला। जिसमें बंद हो चुके पांच और और एक हजार रुपये की गड़िया मिली। पूछताछ के दौरान, उन्होंने माना कि वे इन बंद हो चुके नोटों को उनकी कीमत के कुछ हिस्से पर बदल रहे थे। जो धोखाधड़ी, साजिश और बैंक नोट्स एक्ट का उल्लंघन था।

## एंटी स्नेचिंग सेल ने 63 वारदात कर चुके गैंग को दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** साउथ वेस्ट और वेस्ट दिल्ली के अलग-अलग इलाकों में महिलाओं को टारगेट करके उनके गले से गोल्ड चेन लूटने की वारदात को अंजाम देने एक गैंग का पर्दाफाश किया गया है। इसके तीन शातिर मेंबर को गिरफ्तार किया है। इनके पास से एक महिला से छीना गया गोल्ड चेन और वारदात में इस्तेमाल स्पोर्ट्स मोटरसाइकिल भी पुलिस ने बरामद किया है। आरोपियों की पहचान पारस उर्फ भारत, पंकज उर्फ काके और विनोद घोष के रूप में हुई है। यह तीनों सागरपुर और अशोक नगर के रहने वाले हैं।

पारस सागरपुर थाना का घोषित बीसी है, इस पर 30 आपराधिक मामले लूट, आर्म्स एक्ट के चल रहे हैं। पंकज पर भी 33 मामले चल रहे हैं और विनोद के पुराने मामले के बारे में पता नहीं चल पाया है। डीसीपी अमित गोयल ने बताया कि एसीपी विजयपाल सिंह तोमर की देखरेख में एंटी स्नेचिंग सेल के इंचार्ज इंस्पेक्टर हरि सिंह सिंह, कमलकांत, हेड कॉन्स्टेबल समर की टीम ने 300 से ज्यादा सीसीटीवी खंगालने के बाद इस गैंग का पता लगाने में कामयाब हुई। जो साउथ वेस्ट और वेस्ट डिस्टिक इलाके में इस तरह की वारदात को अंजाम दे रहे थे।

यह फर्राटा भरने वाली स्पोर्ट बाइक का इस्तेमाल गोल्ड चेन लूटने में कर रहे थे।वारदात को अंजाम देने से पहले यह कपड़े बदल लिया करते थे, और जिगजैग करके फर्राटा भरती हुई बाइक से तुरंत फरार हो जाते थे। पूछताछ उन्होंने बताया कि गोल्ड चेन लूटने के बाद यह व्यक्तिगत रूप से अपने जानकारी के द्वारा आगे डिस्पोजल करते थे। इस बार जब इन्होंने एक महिला से सागरपुर इलाके में गोल्ड चेन लूटा तो उसका डिस्पोजल करने से पहले ही पुलिस टीम ने इनको दबोच लिया।

# दिल्ली की हवा सुधारने को मेगा ग्रीन प्लान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** राजधानी की बिगड़ी हवा को सुधारने के लिए डीडीए ने हरियाली बढ़ाने का मेगा प्लान तैयार किया है। हवा में तैरती धूल, पीएम10 और पीएम 2.5 जैसे महीन कणों को कम करने के लिए एजेंसी ने पार्कों, खाली मैदानों, सूखे इलाकों और नालों के किनारे ग्रीन बेल्ट विकसित करने की मेगा परियोजना शुरू की है।

दिल्ली में धूल, पीएम10 और पीएम 2.5 जैसे कण लोगों की सेहत को सीधे नुकसान पहुंचा रहे हैं। इसी खतरे को कम करने के लिए एलजी और सीएम ने एजेंसियों को टास्क सौंपे हैं।

डीडीए को राजधानी के कई इलाकों में ग्रीन कवर बढ़ाकर प्रदूषण कम करने की जिम्मेदारी मिली है। इसी के तहत डीडीए ने 86.84 लाख रुपये की पांच परियोजनाएं शुरू की हैं। पहले चरण में डीडीए ने पांच इलाकों को चुना है। इन जगहों पर हरियाली बढ़ाने, पुराने पार्कों को सुधारने, सूखी जमीन को फिर से हराभरा करने और नालों के किनारे धूल रोकने के लिए हरित पट्टी विकसित करने का काम होगा। इन परियोजनाओं के लिए कुल 86,84,956 रुपये की मंजूरी मिली है। इस बजट से मिट्टी, यमुना रेत, घास, पौधे, गमले, और एसटीपी के पानी की आपूर्ति जैसे काम किए जाएंगे।

## डिजिटल अरेस्ट मामले में तीन पकड़े

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने डिजिटल अरेस्ट मामले में तीन मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार किया है।दिल्ली पुलिस उपायुक्त (अपराध) आदित्य गौतम ने बताया कि एक 71 वर्षीय महिला को मनोवैज्ञानिक हेरफेर, कानून प्रवर्तन अधिकारियों का रूप धारण करने और परिष्कृत डिजिटल धोखे के माध्यम से 49,00,000 रूपये का चूना लगाया गया था।इसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर एसीपी अनिल शर्मा की देखरेख में इंस्पेक्टर सुभाष चंद्र के नेतृत्व में टीम ने जांच शुरू की। जांच के दौरान टीम ने तकनीकी निगरानी और स्थानीय खुफिया जानकारी के आधार पर लखनऊ में अलग-अलग जगहों से आरोपी अर्जुन सैनी (20), मोहम्मद आबिद (20)और विमलेश (19) को गिरफ्तार किया था।मामले की जांच के दौरान कुल छह आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका था।पुलिस को पूछताछ में पता चला है कि सिंडिकेट ने पीड़ितों को डराने के लिए पुलिस अधिकारियों और सरकारी एजेंसियों का रूप धारण कर कानूनी परिणामों की झूठी धमकी देकर बड़ी रकम ट्रांसफर करने के लिए मजबूर किया गया।इसके बाद अवैध धन को बैंक खातों की कई परतों के माध्यम से लॉन्डर किया गया, जिसके बाद एटीएम से तेजी से पैसे निकाले गए।

## डिजाइन इनोवेशन अवार्ड 2023 से सम्मानित किया

**नई दिल्ली।** जयपुर रग्स को यह घोषणा करते हुए गर्व है कि मास्टर शिल्पकार धाफा देवी और डिजाइन डायरेक्टर काविता चौधरी को भारत की राष्ट्रपति, महामहिम श्रीमती द्रौपदी मुर्मू द्वारा आयोजित राष्ट्रीय हस्तशिल्प पुरस्कार समारोह में संयुक्त रूप से "डिजाइन इनोवेशन अवार्ड 2023" से सम्मानित किया गया है।यह विशिष्ट सम्मान विकास आयुक्त हस्तशिल्प, वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रदान किया जाता है, जो उन असाधारण डिजाइनर-शिल्पकार सहयोगों की सराहना करता है जो भारतीय शिल्प विरासत को समकालीन डिजाइन दृष्टि के साथ जोड़ते हैं।डिजाइन इनोवेशन अवार्ड उन सह-निर्मित परियोजनाओं को मान्यता देता है जहाँ शिल्पकार और डिजाइनर मिलकर पारंपरिक शिल्प कौशल पर आधारित नए, बाजार-उन्मुख डिजाइन विकसित करते हैं। यह पुरस्कार केवल तकनीकी निपुणता का सम्मान नहीं करता, बल्कि रचनात्मक नवाचार, व्यावसायिक प्रासंगिकता, और पारंपरिक कौशलों के आधुनिक डिजाइन मांगों के साथ संवेदनशील समावेश को भी महत्व देता है।

# आरएसएस को राष्ट्रनिर्माण के लिए प्रतिबद्ध बताया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** संघ के सौ वर्षों की यात्रा हमें बताती है कि राष्ट्रीय विकास का आरंभ आत्मबोध, परिवार के प्रति उत्तरदायित्व, सामाजिक समरसता और सामूहिक कर्तव्य से होता है, यह बात आज दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने "संघ के 100 वर्ष" कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए कही।

यह कार्यक्रम समवेत सभा हॉल, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र, में आयोजित किया गया। उन्होंने कहा कि 27 सितंबर 1925 को नागपुर में डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार द्वारा स्थापित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने सौ वर्षों में सेवा, अनुशासन और सांस्कृतिक उत्तरदायित्व पर आधारित एक संगठित राष्ट्रचेतना का निर्माण किया है।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य इन्द्रेश कुमार, हिन्दुस्थान समाचार सहकारी समिति के अध्यक्ष अरविंद भालचंद्र मार्डिकर, वरिष्ठ पत्रकार एवं इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र के अध्यक्ष राम बहादुर राय, तथा इस्कॉन बेंगलुरु के उपाध्यक्ष भरतर्षभ दास उपस्थित थे। अध्यक्ष ने कहा कि संघ की शताब्दी यात्रा व्यक्ति, समाज और राष्ट्र के उत्थान के लिए समर्पित अद्वितीय तप, त्याग, अनुशासन और सेवा का परिचायक है।




**'संघ के 100 वर्ष' कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए विधानसभा अध्यक्ष बिजेंद्र गुप्ता।**

## एक नजर

### नाली में सिर फसने से गई व्यक्ति की जान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** करावल नगर थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति की मौत का मामला सामने आया है, बताया जा रहा है व्यक्ति अपने काम पर जा रहा था और किसी कारण गिर पड़ा, और गिरने के बाद उनका सिर नाली में फंस गया स जिस वजह से उनकी मौत हो गयी।

मृतक की पहचान बसंत सिंह बघेल (46) के रूप में हुई है वह मूल रूप से मध्य प्रदेश के मुरैना जिले के रहने वाले थे स अभी परिवार के साथ विजय विहार में रहते थे इनके परिवार में पत्नी, एक बेटा और दो बेटियां है स यह हलवाई का काम करते थे बुधवार की सुबह करीब 8. 30 बजे काम पर जा रहे थे जब मृतक जी ब्लॉक, करावल नगर की गली न-2, में पहुंचे तब यह किसी कारण से गिर पड़े और उनका सिर गली की नाली में फंस गया, जिसके बाद मौके पर मौजूद लोगो ने इनका सिर नाली से बाहर निकालने का काफी प्रयास किया, काफी देर के बाद इनका सिर नाली से बाहर निकला गया स मौके पर मौजूद किसी परिचित ने परिवार और पुलिस को फोन किया, उनको जीटीबी लाया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### हाइड्रोजन से चलने वाला यात्री जलयान हुआ गंगा में रवाना

**नई दिल्ली।** भारत ने अपने हरित समुद्री अभियान में एक बड़ा कदम उठाया है, क्योंकि पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सर्वानंद सोनोवाल ने आज यहां नमो घाट पर देश के पहले पूरी तरह से स्वदेशी हाइड्रोजन ईंधन चालित यात्री यात्री जलयान वाणिज्यिक संचालन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

यह जलयान भारत में समुद्री परिवेश में हाइड्रोजन ईंधन सेल प्रणोदन का प्रदर्शन करने वाला पहला जलयान है और इसमें पूरी तरह से स्वदेशी तकनीक का उपयोग किया गया है। यह एक निम्न तापमान प्रोटॉन एक्सचेंज मेम्ब्रेन ईंधन सेल प्रणाली पर संचालित होता है जो संग्रहित हाइड्रोजन को बिजली में परिवर्तित करता है और उप-उत्पाद के रूप में केवल पानी उत्सर्जित करता है। इस अवसर पर बोलते हुए केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने कहा, प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के गतिशील और दूरदर्शी नेतृत्व में भारत स्वच्छ, टिकाऊ और आत्मनिर्भर परिवहन प्रणालियों की ओर एक परिवर्तनकारी बदलाव देख रहा है। हमारे पहले स्वदेशी हाइड्रोजन ईंधन चालित जलयान का शुभारंभ प्रधानमंत्री के इस दृष्टिकोण का एक उत्कृष्ट उदाहरण है।

### पुष्पा इम्पॉसिबल में इस हफ्ते महत्वपूर्ण मोड़

**नई दिल्ली।** सोनी सब का लोकप्रिय शो 'पुष्पा इम्पॉसिबल' पुष्पा (करुणा पाण्डे) और उनके जटिल संसार की चुनौतियों को बेबाकी से दिखाता रहा है। यह शो एक निडर माँ पुष्पा की कहानी बताता है, जो कानूनी जंग, पारिवारिक संकट और आत्म-खोज की अपनी यात्रा को संतुलित करती है।

इस हफ्ते दर्शक एक महत्वपूर्ण मोड़ देखेंगे जब राशि (अक्षया हिंडालकर) अपने जीवन के प्यार ऋषभ (श्रेय माराडिया) के साथ सगाई करने की तैयारियाँ करती है। मधुमती (सेजल शाह) उसे समारोह के लिए एक खूबरत साड़ी भेजती हैं, परंतु राशि का दिल किसी और चीज की ओर खिंचता है ख्र पुष्पा की वह पटोला साड़ी, जो उसकी माँ ने अपनी शादी के दिन पहनी थी।

### क्रेडिट विश्लेषण आंकलन जारी किया

**नई दिल्ली।** एक वैश्विक डेटा और प्रौद्योगिकी कंपनी, एक्सपेरियन ने नवीनतम क्रेडिट विश्लेषण -असुरक्षित क्रेडिट, सितंबर 2025 जारी किया। यह रिपोर्ट पर्सनल लोन, क्रेडिट कार्ड, दोपहिया वाहन लोन और कंज्यूमर ड्यूरेबल कर्ज सहित भारत में तेजी से बढ़ रहे असुरक्षित क्रेडिट परिदृश्य का विस्तृत दृष्टिकोण प्रस्तुत करती है। निष्कर्ष बताते हैं कि प्रमुख उत्पादों में स्थिर पोर्टफोलियो प्रदर्शन और प्रारंभिक-चरण की चूक में सुधार के कारण असुरक्षित लोन की मांग में निरंतर वृद्धि हुई है। वित्तीय वर्ष 2025-26 की दूसरी छमाही में नए कर्ज वितरण में मजबूती देखने को मिली। एक्सपेरियन के कंट्री मैनेजिंग डायरेक्टर मनीष जैन ने इस पर टिप्पणी करते हुए कहा, हम भारत के असुरक्षित ऋण क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण बदलाव देख रहे हैं। मांग लगातार बढ़ रही है। उपभोक्ता उच्च टिकट साइज की ओर बढ़ रहे हैं, और पुनर्भुगतान व्यवहार में लगातार सुधार हो रहा है।

### बैंकिंग आउटलेट का किया उद्घाटन

**नई दिल्ली।** फेडरल बैंक ने नई दिल्ली के मानसरोवर गार्डन इलाके में एक बड़े शानदार समारोह में अपने 1600 वें बैंकिंग आउटलेट का उद्घाटन किया। यह नई दिल्ली जोन में बैंक की 141 वीं ब्रांच है । बैंक के डिजिटल प्लेटफॉर्म के साथ-साथ पर्सनलाइज्ड सर्विस मॉडल को ग्राहकों से मिले जबरदस्त रिस्पॉन्स की वजह से दिल्ली एनसीआर रीजन बैंक के रिटेल और एसएमई फ्रेंचाइजी में अहम योगदान दे रहा है । इस मौके पर फेडरल बैंक के कंज्यूमर बैंकिंग के नेशनल हेड विराट दीवानजी ने कहा, नया आउटलेट नेशनल कैपिटल रीजन में हमारी मौजूदगी को और मजबूत करता है।

## कुख्यात ऑटो-लिफ्टर को गिरफ्तार किया

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उत्तर पूर्वी जिला पुलिस के एएटीएस स्टाफ ने कुख्यात ऑटो-लिफ्टर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से पांच चोरी के दोपहिया वाहन बरामद। किए है। दिल्ली के उत्तर पूर्वी जिला पुलिस अधिकारी ने बताया कि 09 दिसंबर को इंस्पेक्टर एएटीएस योगेश वशिष्ठ, की देखरेख में एक टीम ने भागीरथी विहार की गली नंबर 11 से एक संदिग्ध को बाइक चलाते हुए पकड़ा।

# सलमान खान के नाम, फोटो, का अनाधिकृत इस्तेमाल रोकने का आदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान की ओर से अपनी पर्सनैलिटी राइट्स यानी नाम, तस्वीर, आवाज और छवि के दुरुपयोग के खिलाफ दायर याचिका पर दिल्ली हाईकोर्ट ने गुरुवार को महत्वपूर्ण टिप्पणी की। न्यायमूर्ति मनमीत प्रीतम सिंह अरोड़ा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों और अन्य इंटरमीडियरीज को निर्देश दिया कि वे सलमान खान की शिकायत पर तुरंत कार्रवाई करें। तीन दिन में इस पर कार्रवाई करें। अदालत ने कहा कि वह स्वयं उन सभी व्यक्तियों और संस्थानों के खिलाफ स्टे आदेश (प्रतिबंधात्मक आदेश) जारी करेगी, जो सलमान खान के नाम, फोटो, वीडियो, आवाज या उनकी अन्य पर्सनैलिटी विशेषताओं का बिना अनुमति व्यावसायिक लाभ के लिए इस्तेमाल कर रहे हैं। सलमान खान ने याचिका में आरोप लगाया है कि कई इंटरनेट मीडिया प्लेटफॉर्म और ऑनलाइन संस्थान उनके नाम, वीडियो और आवाज का अनधिकृत उपयोग कर रहे हैं और इससे उनके व्यक्तिगत अधिकारों का गंभीर उल्लंघन हो रहा है। इस मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति मनमीत प्रीतम सिंह अरोड़ा की पीठ के समक्ष हुई।

## घाना का रहने वाला विदेशी नागरिक पकड़ा

**नई दिल्ली।** निहाल विहार थाना की पुलिस टीम ने एक अफ्रीकन मूल के नागरिक को पकड़ा है, जो बिना वेलिड डॉक्यूमेंट के इलाके में रह रहा था। उसके पास से छानबीन में कोई भी सही कागजात पुलिस को नहीं मिला। डीसीपी आउटर सचिन शर्मा ने बताया कि उसके खिलाफ फॉरनर एक्ट के तहत मामला दर्ज करके उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। SHO शीशपाल की देखरेख में हेड कॉन्स्टेबल शैलेंद्र, दलवीर और महेंद्र की टीम चंद्र विहार इलाके में पेट्रोलिंग कर रही थी। इस दौरान इस फॉरनर के बारे में पुलिस को पता चला यह अवैध रूप से चंद्र विहार इलाके में रह रहा है। पुलिस टीम ने उसके घर पहुंच कर पूछताछ की, वैलिड डॉक्युमेंट दिखाने को कहा। लेकिन वह कोई कागज दिख नहीं पाया फिर उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की गई।

# कार से आए चोरों ने उड़ाया लाखों का तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** शाहदरा जिले के फर्श बाजार थाना क्षेत्र में 60 फुटा रोड पर स्थित हैवेल्स वायर के शोरूम पर बुधवार रात चोरो ने चोरी की वारदात को अंजाम देते हुए सुरक्षा व्यवस्था की धज्जियां उड़ा दीं। चोरी की वारदात पूरी प्लानिंग के साथ की।

सीसीटीवी फुटेज में चोर बुधवार देर रात शोरूम के पास पहुंचते हुए दिखाई दिए और सबसे पहले वहां लगे सीसीटीवी कैमरों को निशाना बनाया। कैमरों को नुकसान पहुंचाने की कोशिश से पहले की फुटेज में साफ देखा जा सकता है कि किस तरह दो- तीन संदिग्ध युवक इलाके की रेकी करते दिखाई दे रहे हैं। चोर कार में सवार होकर आए थे उन्होंने लोहे की रोड के सहारे शोरूम का शटर उठाया और शोरूम में घुस गए।महज कुछ ही मिनटों में शोरूम से करीब 8 लाख रुपए मूल्य के कीमती वायर और ₹10,000 नकद पर हाथ साफ कर दिया। वारदात के वक्त इलाके में सन्नाटा पसरा हुआ था, जिससे चोरों के हौसले और बुलंद हो गए। घटना के बाद जब वीरवार सुबह शोरूम मालिक पहुंचे तो टूटे ताले, बिखरा सामान और गायब स्टॉक देखकर उनके होश उड़ गए। तुरंत पुलिस को सूचना दी गई, जिसके बाद फर्श बाजार थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस अब सीसीटीवी की उपलब्ध फुटेज को खंगाल कर आरोपियों की पहचान में जुटी है।

# धर्मेंद्र की याद में द ग्रेट इंडियन सिंगिंग अवॉर्ड शो 2025 का आयोजन

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड के सदाबाहर फिल्म अभिनेता धर्मेंद्र की याद में द ग्रेट इंडियन सिंगिंग अवॉर्ड शो 2025 का आयोजन नई दिल्ली के लोधी रोड स्थित इंडिया इस्लामिक कल्चरल सेंटर में आयोजित किया गया।इस मौके पर अब्या प्रोडक्शन के सी.ई.ओ योगेश मलिक जी और वी.एल प्रोडक्शंस की सी.ई.ओ शालू राठी जी ने मिलकर द ग्रेट इंडियन सिंगिंग अवॉर्ड शो में धमाका कर दिया।

इस शो के सीजन 6 में दिल्ली के जाने माने नए सिंगर्स भी जुड़े और भारत के तमाम उच्च पदों के राजनेता और बिजनेसमैन ने शिरकत की जैसे शो के स्पोंसर और सपोर्टर पंकज मेहंदीरत्ता जी जो बिल्डर हैं देहरादून से और सीईओ हैं। गणपति प्रॉपर्टीज के



चीफ गेस्ट श्री धीरेंद्र सिंह राघव सीनियर बीजेपी लीडर और चेयरमैन हैं भद्रावती ग्रुप के, आईकॉनिक चीफ गेस्ट अमित चौधरी प्रमुख सदर बीजेपी मुजफ्फर नगर से, सेलेब्रिटी चीफ गेस्ट विनय चौधरी नेशनल को-इंचार्ज रिसर्च एंड पॉलिसी, बीजेपी से, अशोक चौधरी सपा से जिला अध्यक्ष, शामली से।राष्ट्रीय प्रवक्ता, समाजवादी पार्टी से प्रोफेसर सुधीर पंवार, सीनियर सोशल वर्कर और बिजनेसमैन सिकंदर यादव, कथा वाचक योगिनी गुरु माँ, पारुल चौधरी जो कि एक जानी मानी सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर हैं, राजनेता वरुण धामा, बहादुरगढ़ हरियाणा से, ए.सी.पी डॉ प्रदीप खत्री इत्यादि सभी ने मेहफिल की शान बढ़ा दी।

# नि:शुल्क मोतियाबिंद जांच शिविर लगाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** जम जम फाउन्डेशन के द्वारा तिमारपुर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक सूर्य प्रकाश खत्री के जन्मदिन के उपलक्ष्य में आज तिमारपुर क्षेत्र के इन्द्रा बस्ती स्थित बस्ती विकास केन्द्र में डॉ. श्रॉफ चैरिटी आई हॉस्पिटल के सहयोग से एक नि:शुल्क मोतियाबिंद जाँच शिविर लगाया गया जिसमें लगभग 100 लोगों की नि:शुल्क मोतियाबिंद की जाँच की गई तथा 15 लोगों को नि:शुल्क मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए एक दिन बाद कि रोटरी-डॉ. श्रॉफ चैरिटी आई क्लिनिक करोल बाग में आने की तारीख दी गई । इस अवसर पर विधायक सूर्य प्रकाश खत्री जम जम फाउन्डेशन के अध्यक्ष शमीम अहमद खान उपाध्यक्षा ममता आनन्द सचिव



मौहम्मद कादिर सहित नीलू सोनकर, दिनेश सोनकर, मौहम्मद कामिल, एडवोकेट अमित आनन्द, मनोज कुमार,विकास कुमार, प्रेम चन्द, आरती,आदि प्रमुख रूप से उपस्थित हुए। इस अवसर पर विधायक सूर्य प्रकाश खत्री ने कहा कि आंखें कुदरत की सबसे बड़ी नेअमत है और बुजुर्ग लोगों की आँखों की देखभाल करना भी बहुत जरूरी होता है ताकि मोतियाबिंद जैसी बीमारी का समय रहते ईलाज कराके आँखों की रोशनी को बचाया जा सकें और मैं चाहता हूँ कि मेरा तिमारपुर विधानसभा क्षेत्र मोतियाबिंद मुक्त हो इसके लिए हमारा प्रयास जारी रहेगा हम समय समय पर अलग अलग क्षेत्रों में नि:शुल्क मोतियाबिंद जाँच शिविर लगाकर गरीब परिवारों के लोगों का नि:शुल्क ईलाज करायेंगे।

## सीआईएसएफ की नई यूनिट का अधिष्ठापन

**नई दिल्ली।** भारत की महत्वपूर्ण अवसंरचना सुरक्षा को और मजबूत करते हुए, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल ने रायगढ़ स्थित एनटीपीसी तलाईपल्ली कोयला खनन परियोजना में अपनी नई यूनिट का औपचारिक रूप से अधिष्ठापन किया। यह सीआईएसएफ की 362वीं यूनिट है, जो देश के सबसे तेजी से विकसित होते कैप्टिव कोयला खदानों में से एक की सुरक्षा संभालेगी।




पहले चरण में 265 स्वीकृत पदों में से 101 कर्मियों की तैनाती की गई है। यह तैनाती परियोजना के विस्तार और सीआईएसएफ के लिए विकसित हो रही आधारभूत संरचना के अनुरूप चरणबद्ध योजना के तहत की गई है। इंडक्शन समारोह में एनटीपीसी तलाईपल्ली के हेड ऑफ प्रोजेक्ट, अखिलेश सिंह ने यूनिट की सुरक्षा चाबी सीआईएसएफ सीएस मुख्यालय भिलाई की इंस्पेक्टर जनरल, नीलिमा रानी सिंह को सौंपी। यह क्षण खदान की सुरक्षा जिम्मेदारी सीआईएसएफ को हस्तांतरित होने का प्रतीक था।

इस अवसर पर दया शंकर, डीआईजी/सीजेड, सीआईएसएफ हेडक्वार्टर भिलाई, और पियाली शर्मा, डीआईजी/ सीएस, सीआईएसएफ हेड क्वार्टर भिलाई सहित एनटीपीसी के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे।

## शुद्ध हवा में सांस लेने के अधिकार की गारंटी दें सरकारें: डॉ.वत्स

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया आठवले दिल्ली प्रदेश के पश्चिमी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र से पूर्व लोकसभा सांसद प्रत्याशी रहे अखिल भारतीय स्वतंत्र पत्रकार एवं लेखक संघ के राष्ट्रीय महासचिव, मानवाधिकार कार्यकर्ता एवं पर्यावरण मित्र शिक्षाविद् डॉ. दयानंद वत्स भारतीय ने आज अन्तरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस कै अवसर पर संघ के मुख्यालय बरवाला में कहा कि भारतीय नागरिकों को इस समय केवल एक ही अधिकार की आवश्यकता है ओर वह है शुद्ध हवा में जीने का अधिकार की गारंटी। वायु गुणवत्ता सूचकांक निरंतर खतरनाक स्थिति की और बढ रहा है। देश की राजधानी दिल्ली ही गैस चौंबर में परिवर्तित हो गई है। एन.सी.आर और अन्य राज्यों की हालत भी कमोबेश यही है। ऐसे में देश की संसद को पर्यावरण संरक्षण के लिए कठोरतम कानून बनाने की ओर कदम बढाना चाहिए। वायु प्रदूषण के लिए जिम्मेदार प्रदूषण माफिया के लिए मृत्युदंड का प्रावधान किया जाए। केंद्र ओर राज्य सरकारें सुनिश्चित करें कि कहीं भी कोई भी व्यक्ति हवा को दूषित न कर सके। प्रदूषण फैलाकर लोगों को दमघोंटू वातावरण की ओर धकेलने वाले सभी औधोगिक इकाइयों को तत्काल बंद कराएं क्योंकि जब मानव जिंदा ही नहीं बचेगा तो फिर अन्य मानवाधिकारों का क्या औचित्य शेष रहेगा? वत्स ने कहा कि हम सबको और सरकारों को प्रदूषण मुक्त भारत बनाने के लिए पर्यावरण संरक्षण को अपनी उच्च प्राथमिकता सूची में रखना होगा। मानवाधिकारों की मांग करते समय हमें अपने नागरिक मानवीय कर्तव्यों का का निर्वहन करने का भी संकल्प लेना चाहिए।

# कबड्डी चैंपियंस लीग सम्पन्न



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** कबड्डी चैंपियंस लीग (केसीएल) ने 5 दिसंबर को जोन 4 ट्रायल्स और 6-7 दिसंबर को सेंट्रल ट्रायल्स सफलतापूर्वक सम्पन्न किए, जो लीग के बहुप्रतीक्षित पहले सीजन की ओर एक महत्वपूर्ण कदम है।

ट्रायल्स की पारदर्शिता और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए देश के चर्चित और सम्मानित कबड्डी खिलाडियों ने निगरानी में हुआ। यह बहु-स्तरीय प्रतिभा पहचान अभियान हरियाणा की मजबूत कबड्डी क्षमता को दर्शाता है और केसीएल की ऐतिहासिक 4 करोड़ मेगा ऑक्शन को लेकर उत्साह को और बढ़ाता है। ट्रायल्स दो विभिन्न स्थानों पर आयोजित किए गए।

अधिकारियों ने बताया कि यह ट्रायल केवल चयन प्रक्रिया नहीं थे,बल्कि जमीनी प्रतिभा को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंच तक पहुँचाना था।


शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं





फैसल कुरैशी

भाई मेहरबान
अध्यक्ष: भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

# जिलाधिकारी ने नगर पालिका कार्यालय का किया उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादनगर।** नगर पालिका परिषद मुरादनगर के कार्यालय तथा पुस्तकालय का गाजियाबाद मेरठ रोड पर जिलाधिकारी रविंद्र मोंदड ने फीता काटकर उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि नगर को अच्छी सुविधा देने के लिए अच्छे कार्यालय का होना भी आवश्यक है करोड़ों की कीमत से बनने वाला यह कार्यालय मुरादनगर के विकास में सहायक होगा कहा कि कर्मचारियों को कार्यालय के माध्यम से अच्छी सुविधा मिलेगी इससे वह नगर के लिए काम भी अच्छा कर पाएंगे। वही पुस्तकालय के उद्घाटन पर भी उन्होंने कहा कि जो युवा





प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं विशेष कर उनके लिए यह वरदान साबित होगा होगा साथी इस बात का भी ध्यान रखा जाएगा की प्रतियोगी परीक्षाओं के हिसाब से ही यहां पर किताबों का चयन कर भंडारण किया जाएगा।

उन्होंने मुरादनगर वीसियो को इस कार्यालय के लिए बधाई दी एक सवाल के जवाब में उन्होंने बताया कि एस आई आर प्रक्रिया को 60% पूर्ण कर लिया गया है जिन लोगों के फॉर्म अभी तक वापस नहीं आए हैं उसके लिए बी एल ओ को निर्देश दिए गए हैं। आगामी 15 दिनों तक इस कार्य को सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया जाएगा इस दौरान मुख्य रूप से आईपीएस पूजा गुप्ता, अवर अभियंता सत्येंद्र कुमार नगर पालिका परिषद, डॉक्टर शैलेंद्र कुमार सिंह अधिकारी नगर पालिका परिषद मुरादनगर, अजीत कुमार सिंह उप जिलाधिकारी मोदीनगर, शम्मी चौधरी अध्यक्ष नगर पालिका परिषद,पूर्व विधायक वहाब चौधरी समेत कई दर्जन लोग मौजूद रहे।

## जनपद में 26 दिसम्बर तक कैंसिल रहेंगी कई लोकल ट्रेनें

**गाजियाबाद।** रेलवे स्टेशन गाजियाबाद से लोकल स्तर पर चलने वाली सात ट्रेनें रद होने से यात्रियों के जेब पर किराये का बोझ बढ़ गया है। वह बस में यात्रा कर अधिक किराया चुका रहे हैं। कुछ नौकरी पेशा वाले लोग बस की तुलना में ट्रेन में कम किराया होने की वजह से ट्रेन में यात्रा करते हैं। यह परेशानी उन्हें 26 दिसंबर तक झेलनी पड़ेगी। स्टेशन का पुनर्निर्माण होने के चलते अलग-अलग तिथि पर 16 ट्रेनों को रद किया गया है। इनमें सात 14 दिसंबर तक रद रहेंगी। इससे यात्री परेशान हो रहे हैं। ज्यादातर ट्रेनें दिल्ली से गाजियाबाद के बीच चलने वाली है। 26 दिसंबर तक ट्रेनों के रद होने का सिलसिला जारी रहेगा। वहीं, 35 ट्रेनें प्लेटफार्म नंबर बदला गया है। गाजियाबाद स्टेशन पर प्रतिदिन पांच लाख से अधिक लोग पहुंचते हैं। वर्तमान में रेलवे स्टेशन पर निर्माण कार्य चल रहा है। रेलवे लाइन के पास निर्माण कार्य चलने की वजह से ट्रेनों को रद करने और प्लेटफार्म नंबर बदलने का निर्णय लिया गया है। बता दें कि सात ट्रेन 16 दिसंबर, दो ट्रेन एक दिसंबर से 15 दिसंबर, आठ ट्रेन 17 दिसंबर से 26 दिसंबर तक रद रहेगी। जबकि एक ट्रेन 30 नवंबर से 15 दिसंबर तक रद रहेगी। यात्री हरेंद्र शर्मा ने बताया कि ट्रेन रद होने से लोकल यात्री बस व अन्य वाहनों में यात्रा कर रहे हैं।

## अंडर-13 वर्ग में विजेता बने समर्थ

**अंडर-13 में लड़कों के सिंगल्स में समर्थ ने पहला स्थान प्राप्त किया**

**गाजियाबाद।** स्पार्टा बैडमिंटन एकेडमी में चल रहे 11वीं जिला बैडमिंटन चैंपियनशिप का गुरुवार को समापन हुआ। निर्णायक दिन कई वर्ग के फाइनल मुकाबले खेले गए,जिसमें अंडर-13 वर्ग में लड़कों में समर्थ और लड़कियों में कीरत ने पहला स्थान हासिल किया। स्पार्टा बैडमिंटन एकेडमी में एक से 11 दिसंबर तक जिला बैडमिंटन एसोसिएशन ने जिला बैडमिंटन चैंपियनशिप का आयोजन किया।

गुरुवार को प्रतियोगिता के अंतिम दिन अंडर 13, अंडर 65 प्लस,70 प्लस आयु वर्ग के मुकाबले खेले गए। अंडर-13 में लड़कों के सिंगल्स में समर्थ ने पहला स्थान प्राप्त किया। अंडर 13 वर्ग में कीरत ने बाजी मारी। अंडर 13 डबल्स में लड़कों में उद्यान और प्रत्यांजय विजेता बने। वहीं मिक्स डबल्स में कीरत और समर्थ ने पहला स्थान हासिल किया। 65 प्लस में मदनलाल, 70 प्लस में अनिल कुमार जैन प्रथम स्थान पर आए।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में एचआरआईटी के प्रोफेसर चां. सलर अंजुल अग्रवाल ने विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया। सचिव नरेंद्र शर्मा ने बताया कि गाजियाबाद प्रो बैडमिंटन लीग के आयोजन का निर्णय गाजियाबाद बैडमिंटन एसोसिएशन जल्द लेगा।

## कॉलेज में लगे 'प्राचार्य लापता' के पोस्टर, एबीवीपी के पदाधिकारियों ने क्यों फूंका पुतला

**मोदीनगर।** मुलतानीमल मोदी डिग्री कॉलेज के प्राचार्य डॉ. दीपक अग्रवाल का गुरुवार को एबीवीपी पदाधिकारियों ने पुतला फूंका। प्रदर्शनकारियों ने पुतले की चप्पल से भी पिटाई की। साथ ही जमकर नारेबाजी भी की। पिछले दिनों हुई एबीवीपी जिला संगठन मंत्री चिरायु शर्मा से मारपीट को लेकर पदाधिकारियों में प्राचार्य के खिलाफ रोष है। आरोप है कि प्राचार्य के इशारे पर ही चिरायु से मारपीट हुई थी। प्राचार्य को निलंबित करने की मांग की जा रही है। पिछले तीन दिन से पदाधिकारियों का कॉलेज में धरना चल रहा है।

## साइबर टीम ने २३८ मोबाइल रिकवर कर स्वामियों को लौटाए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादनगर।** ग्रामीण जोन, पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के थानों साइबर सर्विलास टीम द्वारा 238 मोबाइल फोन अनुमानित कीमत लगभग 01 करोड़ रूपये रिकवर कर मोबाइल फोन स्वामियो को लोटाये दिये।

सेन्ट्रल इक्वीपमेंट आइडेंटीटी रजिस्ट्रर पोर्टल पर ग्रामीण जोन कमिश्नरेट गाजियाबाद के विभिन्न थानों पर मोबाइल चोरी व मोबाइल खोने आदि की प्राप्त शिकायतों पर कार्यवाही करते हुए ग्रामीण जोन साइबर सर्विलास टीम द्वारा सर्विलांस एवं मैनुअल इनपुट की सहायता से यह बरामदगी की है। सभी थानों व साइबर सर्विलांस टीम द्वारा मोबाइल फोन की बरामदगी के लिये तकनीकी



साक्ष्यों का गहन विश्लेषण किया गया। बरामद किये गये मोबाइल फोन को मोबाइल फोन के स्वामियों की पहचान कर प्रदान किये गये हैं।

कुलदीप कर किए गए मोबाइल में थाना लोनी से 20, थाना ट्रोनिका सिटी से 15, थाना अंकुर विहार से 25, थाना लोनी बॉर्डर से 24, थाना मसूरी से 65, थाना मुरादनगर से 28, थाना मोदीनगर से 30, थाना निवाड़ी से15, थाना भोजपुर से 16, कुल मिलाकर 238 मोबाइल रिकवर किए गए हैं।



## छात्रों को डिजिटल मार्केटिंग के बारे में बताया

**गाजियाबाद।** मेरठ रोड स्थित एचआरआईटी विश्वविद्यालय में दो दिवसीय डिजिटल मार्केटिंग पर कार्यशाला का आयोजन हुआ। इसमें मुख्य प्रशिक्षक सनी रंजन ने उद्योग अनुभव और व्यावहारिक ज्ञान से छात्रों को डिजिटल मार्केटिंग के विभिन्न पहलुओं के बारे में बताया। सोशल मीडिया मार्केटिंग, एसईओ की मूल बातें, ऑनलाइन विज्ञापन, कंटेंट रणनीतियां और डिजिटल व्यापार जगत में उभरते रुझान आदि के बारे में जानकारी दी। गुप्ता ने लाइव टूल्स, डेमो और संवादात्मक गतिविधियों के जरिए व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया।

## कोरोनावायरस में विधवा हुई महिला का परमार्थ सेवा ट्रस्ट में रचाया विवाह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** सेक्टर 23 की जागृति बिहार में अपने पिता के साथ रह रही हैं अंजली शर्मा को पुंन विवाह बंधन में बांधने का कार्य आज परमार्थ सेवा ट्रस्ट के द्वारा संपन्न कराया गया।

अंजली शर्मा का पूर्व विवाह जनपद शामली निवासीजिस युवक से हुआ था उसका आज भी है युवक की कोरोनावायरस में निधन हो गया अब अंजली शर्मा का विवाह सिवाल खास मेरठ निवासी नीरज के साथ संपन्न किया गया बारात संजय नगर स्थित शुभम बैंक्विट हॉल में आई आई तथा गोधूलि की बेला में 5:00 बजे विवाह संस्कार शुरू हो गया।

तत्पश्चात जयमाला डालकर दोनों ने एक दूसरे को ग्रहण किया



और दोनों पक्षों की परिजनों ने पुष्प हार डालकर उनका आशीर्वाद दिया परमारत शिव ट्रस्ट के द्वारा नव दंपति को विवाह के उपरांत ग्रस्त जीवन में काम आने वाले अनेक उपहार भेंट किए जिन में डबल बेड, बड़ी वाली लोहे की अलमारी,,वाशिंग मशीन टीवी, डिनर सेट स्टील का, मिक्सी कम ग्राइंडर 21 साड़ियां, मेकअप बॉक्स, पर्स, गद्दे डबल बेड के कंबल, बेडशीट आदि उपहारमें दिए।

वी सिंघल अरुण त्यागी अध्यक्ष परमार्थ सेवा ट्रस्ट, आशीष त्यागी एसौमैक मशीन वाले, शिव कुमार शर्मा महामंत्री हनुमान मंदिर, डॉ बीके शर्मा हनुमान मीडिया प्रभारी राकेश चंद्र अग्रवाल रमा गुप्ता, आदर्श सिंगल मुकेश सिंगल प्रदीप सिंगला वरिष्ठ भाजपा नेता पवन गोयल के वॉल्टन ललित जायसवाल लोकेश सिंगल लवकेश गुप्ता हेमंत कंसल डीके मित्तल क का सहयोग रहा कार्यक्रम में नव दंपति को आशीर्वाद देने के लिए क्षेत्रीय विधायक अजीतपाल त्यागी वार्डन सिविल डिफेंस पधारे।

## फंदे पर लटका मिला गर्भवती का शव

**गाजियाबाद।** क्रॉसिंग रिपब्लिक थाना क्षेत्र के सुदामापुरी में बुधवार को विवाहिता का शव फंदे पर संदिग्ध परिस्थिति में लटका हुआ मिला। स्वजन ने ससुरालियों पर हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। मृतका 27 वर्षीय लाली दो माह की गर्भवती थी। करीब डेढ़ वर्ष पहले उसकी शादी सुदामापुरी के रहने वाले पंकज से हुई थी, जो फार्म हाउस ठेके पर लेकर संचा. लित करता है। विवाहिता के पिता की शिकायत पर ससुराल पक्ष के लोगों पर केस दर्ज किया गया है।

घटना की जानकारी मिलते ही स्वजन मौके पर पहुंचे और ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। लाली के पिता गोपीराम ने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि जिस बेड और पंखे से लाली का शव लटका बताया जा रहा है, उसकी ऊंचाई इतनी कम है कि आत्महत्या संभव ही नहीं है।

उनके अनुसार लाली के पैर मुड़े हुए थे, ऐसे में फंदा लगाकर आत्महत्या करना असंभव है। उसे मारकर लटकाया गया है। शिकायत के आधार पर क्रासिंग रिपब्लिक थाने में ससुराल पक्ष के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। एसीपी वेव सिटी प्रियाश्री पाल ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा कि यह हत्या है या आत्महत्या। रिपोर्ट के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता के लिए दो खिलाड़ी चयनित

**गाजियाबाद।** हॉकी की प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता के लिए मंडल टीम में जिले के दो खिलाड़ी अयान खान और सैफी का चयन हुआ है। दोनों ने मंडल स्तरीय ट्रायल में अच्छा प्रदर्शन किया,जिसके बाद उनका चयन हुआ है। हॉकी कोच नदीम अहमद ने बताया कि जिला स्तरीय ट्रायल महामाया स्टेडियम में छह दिसंबर को हुआ था। इसमें दोनों का चयन मंडल ट्रायल के लिए हुआ। इसके बाद मेरठ के कैलाश प्रकाश स्पोर्ट्स स्टेडियम में आठ को आयोजित मंडल स्तरीय ट्रायल में दोनों के बेहतर प्रदर्शन को देखते हुए उनका चयन प्रदेश स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता के लिए मंडल टीम में हुआ है।



**गाजियाबाद। वरिष्ठ समाजसेवी व भाजपा नेता वरुण शर्मा ने भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल के जन्मदिन के अवसर पर बधाई व शुभकामनाएं दी।**

## अवैध तरीके से रह रहे रोहिंग्याओं को चिह्नित कर निकाला जाए: पंकज कंसल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** अपराध मुक्त सेवा समिति के द्वारा उप जिलाधिकारी तहसील मोदीनगर को ज्ञापन सोपा गया। ज्ञापन में जिला अध्यक्ष पंकज कंसल द्वारा कहा गया कि मोदीनगर में लगभग 6 जगहों पर रोहिंग्या अवैध तरीके से रह रहे हैं इन्हें चिन्हित कर मोदीनगर से निकालां जाए यह लोग शहर का माहौल खराब कर रहे हैं जिससे चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ रही है। इस मौके पर अपराध मुक्त सेवा समिति अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

## युवक पर गोली चलाने का आरोप, पुलिस ने किया इंकार

**मोदीनगर।** थाना क्षेत्र की कृष्णाकंज कॉलोनी में गुरुवार शाम को बाइक सवारों पर घर के बाहर खड़े युवक पर ताबड़तोड़ फायरिंग करने का आरोप लगा है। पीड़ित का कहना है कि हाथ की कोहनी में गोली लगी है। वहीं, पुलिस मामले को संदिग्ध बताते हुए गोली लगने से इंकार कर रही है। कृष्णाकुंज कॉलोनी में रहने वाले सोनिक चिकारा ने बताया कि वह अपनी बहन मो. निका के साथ गुरुशाम को घर के बाहर खड़े हुए थे। उनका आरोप है कि इसी बीच बाइक और स्कूटी पर सवार करीब आठ से दस युवक मौके पर पहुंचे। इससे पहले सोनिक कुछ समझ पाते आरोपियों ने ताबड़तोड़ फायरिंग करनी शुरू कर दी।

आरोप है कि गोली सोनिक चिकारा के हाथ की कोहनी में लगी है। इसके बाद पीड़ित ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने सोनिक सरकारी अस्पताल भेज दिया है।

पुलिस का कहना है कि मेडिकल में भी गोली लगने की पुष्टि नहीं हो रही है। एसीपी मोदीनगर अमित सक्सेना का कहना है कि मारपीट की बात सामने आई। फायरिंग की पुष्टि नहीं हुई है। जांच के बाद ही कार्रवाई की जाएगी।

## आयकर विभाग सेवाओं को अधिक सुलभ बनाने के लिए प्रतिबद्ध: अपर्णा करण

**गाजियाबाद।** डासना स्थित आईएमएस यूसी में करदाताओं से मुखातिबत होते हुए उत्तर प्रदेश (पश्चिम) एवं उत्तराखंड की प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त अपर्णा करण ने कहा कि आयकर विभाग का मुख्य उद्देश्य करदाताओं को सम्मान, सुविधा और पारदर्शी सेवाएं उपलब्ध कराना है। विभाग तकनीकी नवाचारों के जरिए सेवाएं अधिक सुलभ बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके लिए लगातार सुधारों पर कार्य किया जा रहा है। कार्यक्रम का आयोजन आयकर विभाग, उत्तर प्रदेश (पश्चिम) एवं उत्तराखंड तथा फेडरेशन ऑफ ऑल टैक्स बार एसोसिएशंस ऑफ गाजियाबाद ने किया। आयकर अधिनियम के अंतर्गत अनुपालन एवं करदाता सेवाएं विषय पर आयोजित इस संवाद सत्र में टीडीएस से संबंधित समस्याएं एवं उनके व्यावहारिक समाधान पर चर्चा की गई। साथ ही अग्रिम कर के मुद्दे एवं अनुपालन, करदाताओं को उपलब्ध नवीनतम डिजिटल सेवाएं और शिकायत-मुक्त व समयबद्ध करदाता सेवा प्रणाली को मजबूत बनाने के लिए विभाग की योजनाओं की जानक. ारी दी गई। इसमें गाजियाबाद के मुख्य आयकर आयुक्त देवेंद्र कुमार गुप्ता, प्रधान आयकर आयुक्त गाजियाबाद दीपिका मित्तल तथा प्रधान आयकर आयुक्त (ओएसडी/ प्रशासन), कानपुर शिवोदान सिंह भदौरिया ने आयकर से जुड़े विभिन्न पहलुओं, समस्याओं और समाधार के बारे में बताया। मौके पर सुनील गोयल, सीए डीके गोयल, चीफ वार्डन ललित जायसवाल, स्टील एंड ट्रेड एसोसिएशन की अध्यक्ष डॉ. अतुल जैन, आईएएमए के महासर्चि. चव संजीव सचदेव, समरकूल ग्रुप के चेयरमैन संजीव गुप्ता, आईएमएस के मैनेजिंग ट्रस्टी डॉ. राकेश छारिया, डॉ. पीएन चौधरी, डॉ. राहुल गुप्ता समेत व्यापारी, उद्यमी, उद्योगपति, सीए, टैक्स प्रैक्टिशनर्स, वकील, चिकित्सक तथा अन्य करदाता मौजूद रहे।

## 64वीं उत्तर प्रदेश सीनियर स्टेट पुरुष बास्केटबॉल चैम्पियनशिप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** नेहरु वर्ल्ड स्कूल गाजियाबाद की मेजबानी में 64वीं उत्तर प्रदेश सीनियर स्टेट पुरुष बास्केटबॉल चैम्पियनशिप खेली जा रही है। जिसमें उत्तर प्रदेश की कुल 44 टीम हिस्सा ले रही है। 6 दिन से चल रहे मुकाबलों में सारी टीमों ने बढ़-चढ़ कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। 6 वें दिन 10/12/2025 को क्वाटर फाइनल मैच खेले गए। कुछ गणमान्य लोग एसएसके पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर गुलशन भाभरी, रोजबैल पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर जोगिंदर सिंह, जेकेजी स्कूल के डायरेक्टर एवं बास्केट बॉल एशोसिएशन के जिला अध्यक्ष करुण गौड़ एवं बास्केट बॉल एशोसिएशन के जिला सचिव इस अवसर पर टीमों क उत्साहवर्धन के लिए मौजूद रहे।

क्वाटर फाइनल मैच खेले गए जिसका परिणाम इस प्रकार रहा। मुकाबले परिणाम गाजियाबाद व बागपत बागपत 84 76 से जीता अलीगढ़ व मेरठ मेरठ 82-61 से जीती बीएलडब्ल्यू व हाथरस हाथरस 67-62 से जीती आगरा व उत्तर प्रदेश पुलिस उत्तर प्रदेश पुलिस 55-34 से जीती सेमिफाइनल मुकाबलों में मुकाबले परिणाम मेरठ व हाथरस हाथरस 80 - 73 से जीता उत्तर प्रदेश पुलिस व बागपत उत्तर प्रदेश पुलिस 78-58 से जीती फाइनल मुकाबला हाथरस व उत्तर प्रदेश पुलिस के बीच खेला जाएगा।

## श्री ठाकुरद्वारा बालिका विद्यालय में वार्षिकोत्सव 'कला उत्सव' का भव्य आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** श्री ठाकुरद्वारा बालिका विद्यालय में वार्षिकोत्सव "कला उत्सव" का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि धारिणी अरुण (रीजनल डायरेक्टर, सीबीएसई, नोएडा), विशिष्ट अतिथि निधि कुलपति (पूर्व मैनेजिंग एडिटर, एन.डी.टी. वी.) एवं श्वेता सिंह (इंडियन एथलीट ख्र पिस्टल शूटर) द्वारा दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया।



विद्यालय की छात्राओं ने संस्कृति, साहित्य, संगीत एवं वास्तुकला पर आधारित विविध रंगारंग एवं मनमोहक प्रस्तुतियाँ दीं। जिसमें नाट्य, गीत, कविताएँ, लोक संगीत, चित्रकला आदि प्रमुख आकर्षण रहे। भगवान शिव की महिमा पर आधारित प्रस्तुति, कृष्ण लीला, मीरा नृत्य, समूह-अभिनय, तथा नृत्य नाटिका ने सभी दर्शकों का मन मोह लिया और सराहना प्राप्त की। वार्षिक रिपोर्ट विद्यालय की प्रधानाचार्या पूनम शर्मा द्वारा प्रस्तुत की गई।

उन्होंने विद्यालय द्वारा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तथा जीवन मूल्यों की स्थापना हेतु किए जा रहे सतत प्रयासों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष दिनेश कुमार गोयल ने पिछले दो वर्षों (सत्र 2023ख्र24 एवं 2024ख्र25) में कक्षा 10 व 12 की सीबीएसई बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि छात्राओं की सफलता अभिभावकों, प्रधानाचार्य एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के मैनेजर ज्ञान प्रकाश गोयल ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों, अभिभावकों, शिक्षिकाओं, एवं मैनेजमेंट कमेटी के सभी सदस्य एव दिनेश गोयल (सोप वाले), मोि. हत गुप्ता एवं शिवाक गर्ग आदि का आभार व्यक्त किया और कार्यक्रम की सफलता की सराहना की। अंत में उन्होंने छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# महिला से अश्लील हरकत कर बाल काटे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** शाहबाद डेयरी इलाके में सिर्फ शक होने पर एक महिला और उसकी बेटी को घर में जबरन घुसकर कुछ महिलाओं और उनके बेटों ने बुरी तरह से पीटा। महिला का आरोप है कि उसके बाल काटे और उसके कपड़े उतारने की कोशिश कर अश्लील हरकत की,जबकि उसकी बेटी के साथ बलात्कार करने की धमकी तक दी। पुलिस महिला के बयान पर नामजद एफआईआर दर्ज करके जांच कर रही है। महिला का आरोप है कि वारदात करने के बाद आरोपी उनको धमकी दे रहे हैं।

एफआईआर के मुताबिक पीडिघ्त महिला परिवार के साथ शाहबाद डेयरी इलाके में रहती है। परिवार में उसके तीन लडके और एक लडकी है। वह कोठियों में बर्तन मांझने का काम करती है। महिला ने पुलिस को बयान दिये कि बीते सोमवार रात को घर पर बेटी के साथ थी। उसी वक्त इलाके में रहने वाली एक महिला अपने साथ अन्य महिलाओं को लेकर घर में घुसी,उनके साथ सुमित नामक एक लडका भी था। उनमें से एक महिला ने कहा कि मेरे बेटे कुलदीप की विधवा पत्नी को तेरा बेटा लेकर घूमता है। जब उस महिला को बोला कि उसको इस बारे में कुछ नहीं पता है। इसी बात को लेकर कहासूनी व गाली गलौच हो गई। महिला ने उसपर हाथ उठा दिया। बेटी के विरोध करने पर उसकी भी पिटाई करनी शुरू कर दी। सुमित नामक लडके ने जबरन पकडकर उसकी बुरी तरह से पिटाई की। सुमित ने उसके साथ बदतमीजी की और कपड़े फाडकर बाल काट दिये। उसके कपड़े उतारने की को. शिश की। धमकी दी कि तुझे विधवा कर दूंगा। पुलिस की धमकी देने पर बेटी ने आरोपियों को किसी तरह से घर से बाहर निकालकर कुंडी लगा दी। विकास ने ईंट मारकर दरवाजा तोडकर कुंडी दिया।

## मंगोलपुरी में जुए के अड्डे पर रेड, 17 गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** बाहरी जिला के स्पेशल स्टाफ की पुलिस टीम ने गैंबलिंग की अड्डे पर छापा मारकर 17 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। वहां से 97 हजार कैश के अलावा गैंबलिंग में इस्तेमाल सामान भी जप्त किया है। डीसीपी आउटर सचिन शर्मा ने बताया कि गैंबलिंग के अड्डे के बारे में पुलिस टीम को एक इनफार्मेशन मिली थी। जिसके आधार पर एसीपी ऑपरेशन जयप्रकाश की देखरेख में इंस्पेक्टर रोहित, सब इंस्पेक्टर विपिन, ै८ मुरारी लाल की टीम ने ध्२ ब्लॉक मंगोलपुरी के एक ठिकाने पर छापा मारा और वहां से 17 आरोपियों को गिरफ्तार किया। इनके खिलाफ मंगोलपुरी थाना में दिल्ली पब्लिक गैंबलिंग एक्ट के तहत थ्प् भी दर्ज किया गया है।

## कार से टक्कर मारने का आरोप लगाकर लूट करने वाले दो धरे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** सदर बाजार में खरीदारी करने जा रहे एक शख्स पर कार से टक्कर मारने का आरोप लगाकर लूटपाट करने वाले दो शातिर बदमाशों को पहाड़गंज पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मुल्तानी ढांडा पहाड़गंज निवासी संजू उर्फ कलवा (32) और हर्ष (23) के रूप में हुई है। उनके पास से कुछ कैश भी बरामद हुआ है। संजू पहले से 19 आपराधिक मामलों में शामिल रह चुका है। जबकि हर्ष तीन मामलों में शामिल रह चुका है। फिलहाल फरार चल रहे उनके तीसरे साथी रमन का पता किया जा रहा है।

डीसीपी निधिन वाल्सन ने बताया कि 4 दिसंबर को पहाड़गंज पुलिस को सूचना मिली थी कि पंजाबी अकादमी, मुल्तानी ढांडा के पास 3 से 4 लोगों ने एक शख्स से लूटपाट की है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस टीम को वैशाली गाजियाबाद 55 वर्षीय शिकायतकर्ता मिले। उन्होंने बताया कि वह सदर बाजार सामान खरीदने जा रहे थे। भारी ट्रैफिक के कारण जैसे ही उनकी गाड़ी धीमी हुई, एक युवक ने आरोप लगाया कि उसकी टांग गाड़ी से टकरा गई है और विवाद शुरू कर दिया। कुछ ही देर में तीन और युवक वहां आ गए। फिर सभी मिलकर शिकायतकर्ता को काबू कर लिया। एक ने उनकी बाईं टांग पकड़ी, दूसरे ने दाईं टांग, जबकि बाकी ने 9,900 लूट लिए और फरार हो गए। उनके शिकायत पर लूटपाट का मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई और एक आरोपी राहुल उर्फ विक्की (40) को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से 1,000 कैश और शिकायतकर्ता का आधार कार्ड बरामद किया। लेकिन तीन अन्य फरार थे। फिर सीसीटीवी फुटेज और मुखबिरों की मदद से संजू और हर्ष को भी गिरफ्तार कर लिया गया।

## मुख्यमंत्री ने कहा शासन होगा और अधिक सुचारू

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने राजधानी में प्रशासनिक कार्यों को अधिक कुशल, सुगम और नागरिक केंद्रित बनाने की दिशा में एक बड़ा और ऐतिहासिक निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में दिल्ली के मौजूदा 11 राजस्व जिलों का पुनर्गठन करते हुए 13 नए राजस्व जिलों के गठन को मंजूरी प्रदान की गई। यह निर्णय शासन को सरल, पारदर्शी और समन्वित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण सुधार माना जा रहा है।मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि "दिल्ली के प्रशासनिक ढांचे को मजबूत बनाने का यह निर्णय वर्षों से लंबित था, जिसे किसी भी सरकार ने निपटाने का प्रयास नहीं किया। हमारी सरकार ने मात्र 10 माह में इस लक्ष्य को पूरा कर दिखाया। यह प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के सुशासन के विजन को धरातल पर उतारने का एक सशक्त उदाहरण है।

# पुरानी रंजिश में नाबालिग की चाकू से गोदकर हत्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** कंझावला इलाके में पुरानी रंजिश में एक नाबालिग की चाकू गोदकर हत्या कर दी। पुलिस ने वारदात को अंजाम देने वाले तीन नाबालिगों को पकडकर वारदात में इस्तेमाल चाकू भी जब्त कर लिया है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बीते बुधवार दोपहर पौने दो बजे कंझावला पुलिस को एक लडके को चाकू मारने की पीसीआर कॉल मिली थी। पुलिस सावित्री अस्पताल, कंझावला पहुंची, जहां घायल लडके को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और वारदात वाली जगह से क्रॉइम और फॉरेंसिक टीम की सहायता से सबूत इक्ट्ठा किये। मृतक की पहचान इलाके में ही रहने वाले लोगों ने की। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। हत्या का मामला दर्ज एसीपी अजय वेदवाल की देखरेख में एसएचओ राजीव मलिक के निर्देशन में पुलिस टीम ने वारदात वाली जगह के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और ह्यूमैन सॉर्स की सहायता से संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की।

एक पुख्ता जानकारी के बाद इलाके में रहने वाले तीन नाबालिगों को उनके ठिकाने पर छापेमारी करके पकड़ लिया।

पूछताछ करने पर पता चला कि उनकी किसी बात को लेकर पहले विवाद हुआ था,उसी का बदला लेने के लिये नाबालिग की हत्या कर दी। सभी नाबालिग सरकारी स्कूल से आठवीं तक पढ़ाई की है। किसी का पिता मजदूर है तो किसी को पेंटर है।

# बहन की शादी में शामिल हो सकेंगे उमर खालिद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** कड़कड़डूमा कोर्ट ने बृहस्पतिवार को दिल्ली दंगों की साजिश के आरोपी उमर खालिद को अपनी बहन की शादी में शामिल होने के लिए अंतरिम जमानत दी है। अतिरिक्त सत्र न्यायधीश समीर बाजपाई ने कहा कि खालिद 16 दिसंबर से 29 दिसंबर तक जमानत पर रहेगा।

कोर्ट ने कहा कि इस बात को ध्यान में रखते हुए कि शादी याचिकाकर्ता की सगी बहन की है, याचिका मंजूर की जाती है और याचिकाकर्ता को 16 से 29 दिसंबर तक 20,000 रुपये के पर्सनल बॉन्ड और इतनी ही रकम के दो जमानतदारों के साथ कुछ शर्तों पर अंतरिम जमानत दी जाती है। दरअसल, दो साल पहले उन्हें अपनी दूसरी बहन की शादी के लिए भी अंतरिम जमानत मिली थी। उमर खालिद पर नॉर्थ-ईस्ट दिल्ली दंगों के मामले में गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के तहत चार्जशीट दायर की गई है। उनकी जमानत याचिका सुप्रीम कोर्ट में लंबित है। साथ ही, दिल्ली हाईकोर्ट और कड़कड़डूमा कोर्ट ने उनकी पिछली जमानत याचिकाओं को खारिज कर दिया था।

इस मामले में शरजील इमाम, ताहिर हुसैन, शिफा उर रहमान, अब्दुल खालिद सैफी, मीरान हैदर, नताशा नरवाल, देवांगना कलिता और अन्य भी आरोपी हैं।



समाज कल्याण मंत्री रविन्द्र इन्द्राज सिंह बवाना विधानसभा और उससे गुजरने वाली प्रमुख सड़कों एवं अन्य विकास कार्यों को लेकर पीडब्ल्यूडी अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करते

# सड़कों के लिए अगले पांच साल की कार्य योजना करें तैयार: रविन्द्र इन्द्राज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार के समाज कल्याण मंत्री और उत्तर-पश्चिमी दिल्ली के प्रभारी रविन्द्र इन्द्राज सिंह ने बवाना विधानसभा और उससे गुजरने वाली प्रमुख सड़कों एवं अन्य विकास कार्यों को लेकर पीडब्ल्यूडी के संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। रविन्द्र इन्द्राज ने पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सड़कों और क्षेत्र के विकास की अन्य परियोजनाओं के लिए अगले पांच साल की कार्ययोजना तैयार करें। उन्होंने जन समस्याओं और उनकी सुविधा बढ़ाने के आधार पर नई परियोजनाओं की कार्ययोजना तैयार करने के साथ ही निर्माणाधीन सड़कों एवं उनकी मरम्मत और फुटपाथ, आरसीसी ड्रेन, फुटओवर ब्रिज, नालों की डिसिल्टिंग के कार्य को पूरी गुणवत्ता के साथ समय पर पूरा करने के निर्देश दिए।

कैबिनेट मंत्री ने अगले पांच साल की कार्ययोजना तैयार कर, समय से योजना और फण्ड की मंजूरी लेने के निर्देश दिए ताकि विकास कार्यों में बाधा न आये और लोगों को अधूरे विकास कार्यो के कारण समस्या न हो। उन्होंने बादली-बवाना रोड, बवाना-औचंदी रोड, औचंदी-टटेसर रोड और बवाना-कंझावला रोड पर चल रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। पीडब्ल्यूडी अधिकारियों ने जेएनवी स्कूल के नजदीक फुटपाथ निर्माण, औचंदी गाँव में नाले और फुटपाथ का निर्माण, बवाना-कंझावला रोड पर जर्सी बैरियर लगाने एवं शाहबाद डेयरी में फुटओवर ब्रिज के निर्माण की प्रस्तावित योजनाओं की जानकारी दी। इनके लिए 23 करोड़ रूपये की योजनाएं प्रस्तावित हैं। समाज कल्याण मंत्री ने बवाना में सड़क मरम्मत, नालों की डीसिल्टिंग, साइनेज बोर्ड लगाना, फुटपाथ की मरम्मत, पर्यावरण सुरक्षा हेतु एंटी-स्मॉग गन और वाटर स्प्रिंकलर का संचालन जैसे कार्यों की प्रगति की समीक्षा की।

# आईजीआई स्टेडियम में हुए कॉन्सर्ट से चुराए थे हाई-एंड मोबाइल, सरगना सहित चार गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने इंटरस्टेट मोबाइल फोन चोर गैंग का भंडाफोड़ कर सरगना सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने उनके पास से लाखों रुपये के चालीस हाई-एंड चोरी के मोबाइल फोन बरामद किए है। गैंग ने आईजीआई स्टेडियम में हुए एपी ढिल्लों कॉन्सर्ट से कुछ हाई-एंड मोबाइल फोन चुराए थे।

दिल्ली पुलिस उपायुक्त (अपराध) विक्रम सिंह ने बताया कि

वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों के अनुसार, मोबाइल चोरी में शामिल आदतन अपराधियों के खिलाफ लगातार अभियान चलाते हुए एसीपी सुनील श्रीवास्तव की देखरेख में इंस्पेक्टर आशीष शर्मा के नेतृत्व में टीम को जानकारी मिली थी कि पैदल चलने वालों, भीड़भाड़ वाली जगहों, मेट्रो के अंदर से मोबाइल फोन चोरी करने और खरीदने-बेचने में शामिल एक अंतर-राज्यीय गैंग दिल्ली आएगा। यह भी पता चला कि इस गैंग के सदस्यों ने 07-दिसंबर को आईजी आई स्टेडियम में हुए एपी ढिल्लों कॉन्सर्ट से कुछ हाई-एंड मोबाइल फोन चुराए थे। इसके बाद टीम ने आरोपियों को टेक्निकल सर्विलांस से ट्रैक कर यमुना विहार मेट्रो स्टेशन, के पास कार को रोक कर आरोपी सलमान (35), इमरान (28), शाहरुख (32) और वसीम (25) की गिरफ्तार कर लिया आरोपियों की तलाशी के दौरान कुल 40 महंगे चोरी के मोबाइल फोन बरामद किए हैं।पुलिस पूछताछ करने पर, गैंग लीडर सलमान ने बताया कि अपनी शानदार जीवन शैली बनाए रखने और दैनिक खर्चों को पूरा करने के लिए, उसने अन्य गिरफ्तार आरोपियों के साथ मिलकर विशेष रूप से महंगे लग्जरी मोबाइल फोन को निशाना बनाने के लिए एक गैंग बनाया था।गैंग म्यूजिक कॉन्सर्ट और लाइव इवेंट,मेट्रो स्टेशन और बस स्टैंड,रेलवे स्टेशन,शराब की दुकानों और बार के बाहर के इलाके ,दूसरे भीड़भाड़ वाले बाजार और धार्मिक सभाएँ में वारदात को अंजाम देते थे।

## चांदनी महल में एक इमारत में लगी आग, कोई हताहत नहीं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** उत्तरी दिल्ली के चांदनी महल इलाके में गुरुवार दोपहर एक बहुमंजिला इमारत में अचानक आग लग गई।

दिल्ली फायर सर्विसेज को यह सूचना दोपहर 12:12 बजे मिली। विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि आग की गंभीरता को देखते हुए तुरंत चार फायर टेंडर मौके पर रवाना किए गए। फिलहाल आग बुझाने का व्यापक अभियान जारी है और स्थिति को नियंत्रित करने की पूरी कोशिश की गई। अधिकारी ने कहा, "आग पर काबू पाने के लिए सभी जरूरी कदम उठाए गए।" गौरतलब है कि अभी तक इस हादसे में किसी के हताहत होने या घायल होने की कोई सूचना नहीं है। आग लगने के सटीक कारणों की जांच जारी है।

# छतों के रास्ते कर रहे थे भागने की कोशिश , दो चोर पकड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पूर्वी जिला पुलिस के पांडव नगर थाने के स्टाफ ने दो सक्रिय चोरों को पकड़ा है।पुलिस ने उनके पास से चोरी के गहने और स्मार्ट वॉच बरामद की है। आरोपी छतों के रास्ते भागने की कोशिश करते समय पकड़े गए थे।

दिल्ली के पूर्वी जिला पुलिस उपायुक्त अभिषेक धनिया ने बताया कि 09.दिसंबर को क्षेत्र में चोरों की मौजूदगी के बारे में एक पीसीआर कॉल मिली थी। तुरंत कार्रवाई करते हुए, पुलिस टीम मौके पर पहुंची। अंधेरे का फायदा उठाकर, आरो. पियों ने एक छत से दूसरी छत पर कूदकर भागने की कोशिश की। हालांकि, पुलिस टीम ने रणनीतिक रूप से इलाके की घेरा. बंदी कर दोनों आरोपी जाकिर अली (28) और सुमित (27) को मौके पर ही पकड़ लिया। शिकायतकर्ता ने एक बयान दर्ज कराया जिसमें आरोप लगाया गया कि चोरों ने उसके घर का ताला तोड़कर एक चांदी की चेन, एक पीले धातु की चेन, एक स्मार्ट वॉच, उसकी शिकायत के आधार पर, पांडव नगर थाने के तहत एक मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई।

## चिंता बढ़ा रहा दिल्ली का प्रदूषण

**नई दिल्ली।** दिल्ली में प्रदूषण का स्तर चिंता बढ़ा रहा है। राजधानी का औसत एयर क्वालिटी इंडेक्स (AQI) 282 दर्ज किया गया है, जो कि खराब श्रेणी में आता है। वहीं, विभिन्न स्थानों पर सुबह 7 बजे केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (CPCB) के आंकड़ों में कई इलाकों का AQI 300 से भी अधिक पाया गया है। सबसे खराब स्थिति बवाना (334), जहांगीरपुरी (341), रोहिणी (339), अशोक विहार (331), डीटीयू (331), मुंडका (326), वजीरपुर (325) और विवेक विहार (319) में देखने को मिली। इनके अलावा अलीपुर, आनंद विहार, चांदनी चौक, पंजाबी बाग और आरके पुरम जैसे प्रमुख इलाकों में भी १ृ 300 के आसपास रिकॉर्ड हुआ है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के सुबह सात बजे को आंकड़ों के अनुसार, राजधानी दिल्ली के अलीपुर में एक्यूआई 309, आनंद विहार में एक्यूआई 302, अशोक विहार में 331, आया नगर में 242, बवाना में 334, बुराड़ी में 293, चांदनी चौक में 308, डीटीयू में 331, द्वारका सेक्टर 8 में 285, आईजीआई एयरपोर्ट टी3 इलाके में 211, आईटीओ में 309, जहांगीरपुरी में 341, लोधी रोड 232, मुंडका 326, नजफगढ़ में 219, पंजाबी बाग में 302, रोहिणी 339, विवेक विहार 319, सोनिया विहार 301, आरकेपुरम 309, वजीरपुर में 325 दर्ज किया गया है।

## वकील पर हुए हमले की निंदा

**नई दिल्ली।** अखिल भारत हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुन्ना कुमार शर्मा की अध्यक्षता में हुई हिन्दू संगठनों की बैठक हुई जिसमे पूर्व मुख्य न्यायधीश बीआर गवई को जूता मारने वाले वकील राम किशोर पर कड़कड़डूमा कोर्ट के एक वकील द्वारा किए गए हमले की निंदा की गई। हिन्दू संगठनों ने वकील राकेश किशोर पर हमला हिन्दू धर्म पर हमला बताया। बैठक में मुन्ना कुमार शर्मा ने कहा कि जब खुद बीआर गवई ने राकेश किशोर के खिलाफ किसी भी प्रकार की कार्यवाही करने से इंकार कर दिया स सर्वोच्च न्यायालय की बार काउंसिल ने उनका लाइसेस निलंबित कर दिया तो फिर उन पर हमला करना गलत है,उससे लगता हे कि वकीलों का न्याय प्रणाली से भरोसा उठ गया है जो कानून अपने हाथ में ले रहे हैं।



दिल्ली पुलिस की स्पेशल पुलिस यूनिट फॉर वुमेन एंड चिल्ड्रन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भाग लेतीं स्कूली छात्राएं।

# महिला सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल पुलिस यूनिट फॉर वुमेन एंड चिल्ड्रन ने महिलाओं और लड़कियों के बीच सुरक्षा जागरूकता और आत्मविश्वास बढ़ाने के उद्देश्य से 'सशक्ति' कार्यक्रम के तहत अपनी मासिक गतिविधियाँ आयोजित कीं। नवंबर में स्कूलों, कॉलेजों, एनजीओ आरडब्लूए कार्यस्थलों और होटलों में आयोजित आत्मरक्षा प्रशिक्षण सत्रों में 21,013 से अधिक महिलाओं और लड़कियों ने भाग लिया। इन सत्रों में प्रमाणित प्रशिक्षकों ने बुनियादी और उन्नत आत्मरक्षा तकनीकों पर प्रशिक्षण प्रदान किया, जिससे प्रतिभागियों को व्यावहारिक रक्षा कौशल और कानूनी अधिकारों के बारे में जागरूकता मिली।प्रदर्शनों में व्यावहारिक, सीखने में आसान आत्मरक्षा तकनीकों को दिखाया गया, जिन्हें आत्मविश्वास बढ़ाने और महिलाओं और लड़कियों को कठिन परिस्थितियों में प्रभावी ढंग से प्रतिक्रिया करने के लिए सशक्त बनाने के लिए डिजाइन किया गया था। गौरतलब है कि दिल्ली पुलिस निरंतर जागरूकता और क्षमता-निर्माण कार्यक्रमों के माध्यम से महिला सुरक्षा को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। ष्सशक्तीष पहल महिलाओं और लड़कियों को अपनी सुरक्षा और हिफाजत पर नियंत्रण रखने के लिए सशक्त बनाने की दिशा में एक कदम है।

# दिल्ली सरकार आयोजित करेगी पहला 'क्लीन एयर इनोवेशन शोकेस इवेंट': सिरसा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली सरकार अपने इनोवेशन चैलेंज को अगले महत्वपूर्ण चरण में ले जा रही है। दिसंबर के अंतिम सप्ताह में आईआईटी दिल्ली में लाइव शोकेस और मूल्यांकन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जहाँ देशभर से चुनी गई सर्वश्रेष्ठ टीमों को अपने समाधान जनता के सामने पेश करने का अवसर मिलेगा। यह कार्यक्रम इन्टरनल टेक्निकल इवैल्यूएशन कमेटी (आईटीईसी) द्वारा संचालित होगा। इस कमेटी में प्रमुख वैज्ञानिक, प्रोफेसर और पर्यावरण विशेषज्ञ शामिल हैं, जिनका लक्ष्य है ऐसी तकनीकों को पहचानना जो दिल्ली की हवा को साफ करने में व्यावहारिक, किफायती और तुरंत लागू की जा सकें।प्रारंभिक स्क्रीनिंग में करीब 300 एंट्रीज की गहन जांच हुई। अब उन बेहतरीन प्रविष्टियों को बैचवाइज आईटीईसी के सामने लाइव पिच के लिए बुलाया जा रहा है।

पर्यावरण मंत्री मंजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि यह वह चरण है "जहाँ आइडिया को हकीकघ्त में बदला जाएगा", क्योंकि अब प्रतिभागियों को दिखाना होगा कि उनका मॉडल जमीन पर कैसे काम करेगा और पार्टिक्युलेट मैटर (पीएम) को कितनी प्रभावी तरह कम कर सकता है।इनोवेशन चौलेंज दो मुख्य श्रेणियों पर केंद्रित है। सिरसा ने कहा कि सरकार केवल कागज पर बने मॉडल नहीं, बल्कि जमीन पर असर दिखाने वाली तकनीकों को प्राथमिकता दे रही है। "हम वह समाधान चाहते हैं जो पायलट से आगे बढ़कर सीधे सड़क, डिपो या हॉटस्पॉट पर लग सकें और तुरंत परिणाम दे। आइआइटी दिल्ली का यह आयोजन 'ओपन-प्रेजेंटेशन फॉर्मेट' में होगा, जहाँ इनोवेटर्स विशेषज्ञों के सामने पिच करेंगे, तकनीकी सवालों के जवाब देंगे और तत्काल प्रतिक्रिया प्राप्त करेंगे। सत्र कई दिनों तक चलेंगे और कुल 3ख्4 राउंड होंगे। दर्शकों में सरकारी अधिकारी, डीपीसीसी टीमें, प्प्ज दिल्ली के छात्र-एलुमनाइ और आम नागरिक शामिल होंगे।

# स्व. दिलीप कुमार को श्रद्धासुमन अर्पित किए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय स्वतंत्र पत्रकार एवं लेखक संघ के राष्ट्रीय महासचिव एवं नेशनल मीडिया नेटवर्क फिल्म एंड टीवी फाउंडेशन नई दिल्ली के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पश्चिमी दिल्ली से रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया आठवले दिल्ली प्रदेश के पूर्व लोकसभा सांसद प्रत्याशी रहे शिक्षाविद् दयानंद वत्स भारतीय ने आज ट्रेजडी किंग अभिनेता स्वर्गीय दिलीप कुमार को उनकी 103 वीं जयंती पर संघ के मुख्यालय बरवाला में उनके करोड़ों प्रशंसकों की और से अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए और दिलीप कुमार के साथ बिताए गए पलों को याद किया। दिलीप कुमार के साथ अपनी स्मृतियों को साझा करते हुए वत्स ने कहा कि दिलीप कुमार और सायराबानो से मेरी मुलाकात 1995 में नई दिल्ली में दादा साहब फालके अवार्ड समारोह के दौरान हुई। पद्मविभूषण, दादा साहब फालके और आठ फिल्मफेयर अवार्ड्स से सम्मानित किए जाने वाले दिलीपकुमार राज्यसभा सांसद भी रह चुके हैं।

दाग, देवदास, कोहिनूर, शक्ति, राम और श्याम, आजाद, नया दौर, लीडर फिल्म के लिए बैस्ट एक्टर के फिल्मफेयर अवार्ड से दिलीप साहब नवाजे गये। उन्होंने गंगा जमुना फिल्म का निर्माण भी किया था। सैंकडों फिल्मों में अपनी एक्टिंग का लोहा मनवाने वाले दिलीप कुमार को पाकिस्तान ने भी अपने सर्वोच्च सम्मान से नवाजा था।

# फॉग-प्रूफ बना आईजीआई एयरपोर्ट, धुंध में कम होगी मुसीबत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली एयरपोर्ट अब एआई और कुछ खास तकनीकों की मदद से कोहरे को मात देने के लिए तैयार है। इन तकनीकों की मदद से धुंध के कारण फ्लाइट कैंसल होने की दुविधा से छुटकारा मिलेगा। देश के सबसे व्यस्त हवाईअड्डे दिल्ली के आईजीआई एयरपोर्ट ने दावा किया है कि इस बार सर्दियों की घनी धुंध के बावजूद उड़ानों में न्यूनतम रुकावट होगी।

एयरपोर्ट के संचालन की जिम्मेदारी संभालने वाली डायल का कहना है कि अगली पीढ़ी की आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, प्रेडिक्टिव एनालिटिक्स और रनवे अपग्रेड की मदद से आईजीआई को लगभग फॉग-प्रूफ बना दिया गया है। इसके लिए आइजीआइ में एयरपोर्ट प्रेडिक्टिव ऑपरेशंस सेंटर (एपीओसी) बनाया गया है। इसकी मदद से रियल-टाइम मौसम डेटा, हवाई यातायात की स्थिति और ग्राउंड आपरेशंस को एक ही प्लेटफॉर्म पर जोड़कर सेकंडों में ही अपडेट मिलेगा, जिससे तुरंत फैसले लिए जा सकेंगे। यहां तक की इससे रनवे का बेहतरीन इस्तेमाल, गेट आवंटन में तेजी और फ्लाइट सीक्वेंसिंग में सटीकता भी आएगी। एयरपोर्ट पर एयरपोर्ट प्रेडिक्टिव ऑपरेशंस सेंटर (एपीओसी) तैयार किया गया है, जिसमें रियल-टाइम मौसम डेटा, हवाई यातायात की स्थिति, और ग्राउंड ऑपरेशंस को एक डिजिटल प्लेटफॉर्म पर जोड़ दिया गया है। इससे सेकंडों में ऑपरेशनल फैसले लिए जा सकेंगे, रनवे का अधिकतम उपयोग होगा, और गेट आवंटन व फ्लाइट सीक्वेंसिंग पहले से अधिक तेज और सटीक हो जाएगी।

दिल्ली एयरपोर्ट ने पुणे स्थित आईआईटीएम के विंटर फॉग एक्सपेरिमेंट (वाईफाईएक्स) मॉडल को अपने सिस्टम से जोड़ा है, जिसकी 85 फीसदी सटीकता बताई गई है। यह मॉडल 36 घंटे पहले घने कोहरे का अलर्ट दे देता है, जिससे एयरलाइंस, एटीसी, और ग्राउंड स्टाफ पहले से तैयारी कर लेते हैं और उड़ान संचालन बाधित नहीं होता।

## 3 मामलों में वांटेड को धर-दबोचा

**नई दिल्ली।** तीन आपराधिक वारदात में फरार चल रहे एक वांटेड बदमाश को क्राइम ब्रांच के नॉर्दर्न रेंज 2 की पुलिस टीम ने गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचान दीनबंधु के रूप में हुई है, यह दिल्ली के शाहदरा इलाके का रहने वाला है। डीसीपी क्राइम पंकज कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि इस बदमाश के खिलाफ उत्तम नगर और सिविल लाइन थाना में तीन अलग-अलग मामले दर्ज थे, जिस मामले में यह फरार चल रहा था। एसीपी गिरीश कौशिक की देखरेख में इंस्पेक्टर संदीप स्वामी, सब इंस्पेक्टर अनिल सरोहा, सुखविंदर, प्रदीप सिंह, रवि राणा और ै८ सुनील की टीम ने इसके ठिकाने के बारे में पता लगाना शुरू किया। काफी मशक्कत के बाद दीनबंधु को ट्रैक करके गिरफ्तार करने में कामयाब हुई।

# आंकड़ों ने हमारे आरोप को प्रमाणित किया: सचदेवा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है की दिल्ली भाजपा लगातार कहती रही है की अरविंद केजरीवाल सरकार के सर्वश्रेष्ठ शिक्षा व्यवस्था के दावे खोखले हैं और आज राज्य सभा सांसद के एक प्रश्न के जवाब में केन्द्रीय शिक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी के जवाब ने भाजपा के कथन को सही साबित कर दिया है।

दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा है की केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री द्वारा संसद में रखे आंकड़ों के अनुसार 2020-21 एवं 2021-22 जो दो कोविड़काल वर्ष थे में 31541 एवं 28548 छात्र नौवीं कक्षा में फेल हुए और उनमे से केवल 11322 एवं 10598 छात्रों ने आगे ओपन स्कूल से शिक्षा जारी रखी शेष 39519 छात्रों ने शिक्षा आगे चालू ही नही रखी।इसी तरह 2022-23 कुल 88421 कक्षा 9वीं में फेल हुए उनमे से केवल 29436 छात्रों ने ही ओपन स्कूल से आगे शिक्षा जारी रखी।

2023-24 जब आतिशी मार्लेना शिक्षा मंत्री बन गईं थी 9वीं में फेल होने वाले छात्रों की संख्या एक लाख का आंकड़ा पार कर 101344 पर जा पहुंची और उन मे से केवल 7794 छात्रों ने पढ़ाई ओपन स्कूल से जारी रखी और गत वर्ष 2024-25 में 70296 छात्र फेल हुए जिनमे से केवल 11974 ने ओपन स्कूल से शिक्षा आगे जारी रखी।

# पीएम विवाह योजना के तहत 120 जोड़े बने जीवनसाथी

## सामाजिक सद्भाव और खुशियों से महका सामूहिक विवाह समारोह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जिले में गुरुवार का दिन खुशियों, रौनक और सामाजिक सद्भाव का गवाह बना, जब हापुड़ ब्लॉक में आयोजित भव्य सामूहिक विवाह समारोह में कुल 120 गरीब हिंदू एवं मुस्लिम बेटियों का विवाह पूरे रीति-रिवाज और विधि-विधान के साथ संपन्न कराया गया। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत आयोजित इस विशाल कार्यक्रम में प्रशासन और जनप्रतिनिधियों ने मिलकर सभी जोड़ों को नई जिंदगी की शुरुआत के लिए शुभकामनाएँ दीं।

समारोह का पूरा माहौल शादी के गीतों, ढोल-नगाड़ों और उत्सव की चहल-पहल से महक उठा। सैकड़ों परिजन, रिश्तेदार व क्षेत्रीय लोग इस आयोजन के साक्षी बने। नवविवाहित जोड़े पारंपरिक परिधानों में सजे-धजे नजर आए, वहीं बेटियों के परिवारों की आंखों में खुशी और संतोष साफ दिखाई दिया। कार्यक्रम में पहुंचे सदर विधायक विजय पाल आढ़ती ने मंच से सभी दंपतियों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना गरीब परिवारों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। उन्होंने बताया कि सरकार की ओर से प्रत्येक जोड़े को विवाह सामग्री किट और आर्थिक सहायता दी जा रही है, जिससे परिवारों पर आर्थिक बोझ कम होता है और बेटियों की शादी सम्मानपूर्वक की जा सकती है। समारोह की सजावट आकर्षक और भव्य रही। नवविवाहित जोड़ों ने एक-दूसरे



को वरमाला पहनाई और परिजनों के आशीर्वाद के साथ नए जीवन की शुरुआत की। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने इस आयोजन को हापुड़ जिले की सामाजिक एकता और सद्भाव का बेहतरीन उदाहरण बताया। हापुड़ ब्लॉक में आयोजित यह सामूहिक विवाह समारोह जिले में सामाजिक उत्थान और सामूहिक प्रयास का प्रेरणादायक संदेश देकर संपन्न हुआ।

# पुलिस ने गुमशुदा बच्चे को बरामद कर परिजनों को सौंपा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** ज़िलें में ऑपरेशन स्माइल अभियान लगातार सकारात्मक परिणाम दे रहा है। इसी क्रम में थाना सिम्भावली पुलिस ने एक और बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए गुमशुदा बच्चे को अथक प्रयासों के बाद सकुशल बरामद कर लिया। बच्चे को सही-सलामत पाकर उसके परिजनों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। उन्होंने पुलिस टीम के प्रति गहरी कृतज्ञता व्यक्त की।

थाना प्रभारी सुरेश कुमार ने बताया कि सिम्भावली थाना पुलिस ने मेहनत और संवेदनशीलता का परिचय देते हुए गुमशुदा बच्चे को खोज निकाला। जैसे ही पुलिस ने बच्चे को उसके परिवार को सुपुर्द किया, घर में खुशी और राहत का माहौल बन गया। परिजनों ने कहा कि हापुड़ पुलिस ने जिस लगन और मानवीय भाव से उनकी मदद की, वह प्रशंसनीय है। उन्होंने पुलिस टीम की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए



कहा कि ऑपरेशन स्माइल वास्तव में उन परिवारों के लिए उम्मीद की किरण है, जिनके बच्चे लापता हो जाते हैं। हापुड़ पुलिस का सराहनीय प्रयास एक बार फिर साबित करता है कि ऑपरेशन स्माइल अभियान न केवल गुमशुदा बच्चों को खोजने का मिशन है, बल्कि परिवारों को उनके अपनों से मिलाने की मानवीय पहल भी है, जो समाज में सुरक्षा और विश्वास की भावना को और मजबूत करती है।

# कबाड़ में लगातार लग रही आग बनी लोगों के लिए सिरदर्द

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नगर कोतवाली क्षेत्र के बुलंदशहर रोड पर स्थित कबाड़ के ढेरों में प्रतिदिन रात के समय अज्ञात व्यक्तियों द्वारा आग लगाए जाने की घटनाएँ अब आम होती जा रही हैं। लगातार लग रही आग से धुआँ सुबह तक फैलता रहता है, जिससे स्थानीय लोगों का जीना दूभर हो गया है।

रात के अंधेरे में कबाड़ में लगाई गई आग सुबह तक नहीं बुझती, जिससे आसपास के क्षेत्रों में धुएँ की मोटी परत छा जाती है। स्थानीय निवासियों ने बताया कि इस धुएँ की वजह से घरों में साँस लेना तक मुश्किल हो जाता है। बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएँ लगातार बढ़ते प्रदूषण के कारण खांसी, जलन और दिक्कतों का सामना कर रहे हैं।



क्षेत्रवासियों का कहना है कि कोई अज्ञात व्यक्ति प्रतिदिन कबाड़ में आग लगा रहा है, लेकिन यह गतिविधि किसके द्वारा की जा रही है, इसका पता नहीं चल पाया है। लोगों ने बताया कि यह समस्या पिछले कई दिनों से जारी है और लगातार शिकायतें करने के बावजूद स्थिति जस की तस बनी हुई है। स्थानीय लोग प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग कर रहे हैं ताकि इस तरह की गतिविधि पर रोक लगे और क्षेत्र को इस बढ़ते प्रदूषण से राहत मिल सके। फिलहाल इलाके में भय व नाराजगी का माहौल है और नागरिक इंतजार कर रहे हैं कि कब उनकी समस्या का समाधान हो पाएगा।

# महिला से छेड़छाड़ व तेजाब फेंकने की धमकी, चार आरोपी नामजद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नगर कोतवाली क्षेत्र के मेरठ रोड स्थित एक मोहल्ले में छेड़छाड़ की घटना ने मारपीट और जानलेवा हमले का रूप ले लिया। एक महिला ने पड़ोस के दो युवकों पर लंबे समय से राह चलते अश्लील टिप्पणियां करने और परेशान करने का आरोप लगाया है। पीड़िता के मुताबिक, 7 दिसंबर को पड़ोस में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान भी आरोपियों का यही व्यवहार जारी रहा। महिला ने यह बात अपने परिवार को बताई, जिसके बाद उसके भाई ने आरोपी बिजेंद्र और सुनील को समझाने की कोशिश की। आरोपियों ने न सिर्फ धमकाया, बल्कि कहा कि वह महिला पर तेजाब ेंकने से भी नहीं चूकेंगे। मोहल्ले के लोगों के हस्तक्षेप से उस समय मामला शांत हुआ। लेकिन अगले ही दिन, 8 दिसंबर की सुबह, हालात और बिगड़ गए। बिजेंद्र, सुनील, चंचल और बिजेंद्र की बहन पीड़िता के घर के बाहर पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने लाठी-डंडों से पीड़िता के भाइयों पर हमला कर दिया। आरोप है कि सुनील ने बड़े भाई के सिर पर जानलेवा वार किया, जिसे उसके छोटे भाई ने हाथ से रोक लिया। मारपीट में दोनों भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। परिवार ने प्रारंभिक शिकायत कोतवाली में दी थी, लेकिन कार्रवाई न होने पर मामला एसपी तक पहुंचा। एसपी के निर्देश पर पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी देवेंद्र सिंह बिष्ट ने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी जल्द की जाएगी।

## जानलेवा फायरिंग मामले में फरार शातिर बदमाश गिरफ्तार, तमंचा और कारतूस बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना हापुड़ देहात पुलिस ने फायरिंग कर जानलेवा हमला करने की घटना में फरार चल रहे एक शातिर बदमाश को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से अवैध तमंचा और एक खोखा कारतूस बरामद किया है।

देहात थाना प्रभारी पटनीश कुमार ने बताया कि पुलिस टीम ने मनीष उर्फ मतनौरा पुत्र सतीश कुमार निवासी देवलोक कॉलोनी थाना हापुड़ नगर, हाल पता ग्राम दोयमी थाना हापुड़ देहात को धनौरा कट से दोयमी-धनौरा रोड पर दबोच लिया। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार बदमाश पर करीब आधा दर्जन आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। आरोपी शातिर किस्म का अपराधी है जो कुछ दिन पूर्व हुई फायरिंग व जानलेवा हमला करने की घटना के बाद से रार चल रहा था। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा व एक खोखा कारतूस बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि अपराधियों के खिलाफ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

# मतदाता सूची का पुनरीक्षण पूरा, हटाए 44,848 डुप्लीकेट नाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पंचायत निर्वाचक नामावली के व्यापक पुनरीक्षण-2025 के तहत जिले में डुप्लीकेट मतदाताओं की जांच प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। अभियान के दौरान कुल 44,848 दोहराए गए मतदाताओं के नाम सूची से विलोपित किए गए हैं।

राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देश पर लगभग डेढ़ महीने तक चले इस विशेष अभियान में चारों ब्लॉकों की 273 ग्राम पंचायतों में 1,69,550 संदिग्ध डुप्लीकेट नामों की जांच की गई। सत्यापन के बाद इनमें से 44,848 नाम हटाए गए। जिले में इस प्रक्रिया के लिए 89 पर्यवेक्षक और 454 बूथ लेवल अधिकारी तैनात थे। सत्यापित आंकड़ों को नियमित रूप से आयोग की वेबसाइट पर अपलोड किया गया और अब यह कार्य पूर्ण रूप से




समाप्त हो चुका है। ब्लॉकवार आंकड़ों के अनुसार, धौलाना ब्लॉक में सर्वाधिक 13,077 डुप्लीकेट मतदाता हटाए गए। इसके अलावा सिंभावली में 9,594, गढ़मुक्तेश्वर में 9,764 और हापुड़ ब्लॉक में 12,413 नाम सूची से विलोपित किए गए। सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी संजीव कुमार ने बताया कि पंचायतों में सभी डुप्लीकेट मतदाताओं का सत्यापन पूरा कर डेटा आयोग के पोर्टल पर अपलोड कर दिया गया है। कुल 44,848 नाम हटाकर मतदाता सूची को अद्यतन किया गया है।

# गन्ने के खेत में निकला 12 फीट लंबा अजगर, गांव में मचा हड़कंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** बाबूगढ़ क्षेत्र के नली हुसैनपुर गांव में गुरुवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई जब किसानों ने गन्ने के खेत में एक विशाल अजगर रेंगता हुआ देखा। खेत में काम कर रहे मजदूरों ने अचानक सरसराहट की आवाज सुनी और पास जाकर देखा तो एक बड़ा अजगर नजर आया। देखते ही देखते सूचना पूरे गांव में फैल गई और सैकड़ों लोग मौके पर जुट गए।

ग्रामीणों ने तुरंत इसकी जानकारी वन विभाग को दी। सूचना पाकर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और करीब 40 मिनट के रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद अजगर को सुरक्षित पकड़ लिया। टीम ने बताया कि अजगर लगभग 10-12 फीट लंबा है और पूरी तरह स्वस्थ दिखाई दे रहा है। टीम के अधिकारियों ने



बताया कि अजगर खेतों में छोटे जानवरों की तलाश में पहुंचा होगा। रेस्क्यू के बाद उसे सुरक्षित जंगल में छोड़ा जाएगा। अचानक खेत में अजगर निकलने से ग्रामीणों में दहशत फैल गई, लेकिन वन विभाग की तत्परता से स्थिति नियंत्रण में आ गई। गांव के लोगों ने बताया कि पहली बार इतने बड़े आकार का अजगर यहां देखा गया है। वन विभाग ने ग्रामीणों से अपील की है कि किसी भी जंगली जीव को देखने पर बिना छेड़छाड़ तुरंत सूचना दें।

## एक नजर

### मुख्य चिकित्सा अधिकारी की अध्यक्षता में साप्ताहिक समीक्षा बैठक का हुआ आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मथुरा।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी के निर्देशानुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोनई पर डॉ.आलोक कुमार अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी की अध्यक्षता में साप्ताहिक खण्ड समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया जिसमे डॉ.आलोक कुमार अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी और डॉ. विपिन कुमार चिकित्सा अधीक्षक द्वारा टीकाकरण की समीक्षा बैठक की गयी जिसमे निम्न बिन्दुओ पर नियमित टीकाकरण की उपकेंद्रवार समीक्षा की गयी और टीकाकरण में प्रयोग किये जा रहे ॅप्छ पोर्टल पर शतप्रतिशत लाभार्थियों का टीकाकरण किया गया हैं उनको अपडेट करने के निर्देश दिए टीकाकरण दिवस वाले दिन से एक दिन पूर्व ॅप्छ पोर्टल से ड्यूलिस्ट डाउनलोड करके आशा आंगनवाड़ी से साझा करने के लिए कहा गया चिन्हित किये गए बच्चों के परिवारों से सम्पर्क करके आने वाले टीकाकरण दिवस की सुचना दे दें जिसके कि लाभार्थियों का टीकाकरण शतप्रतिशत किया जाये सफार्मासिस्ट वीरेश सारस्वत को निर्देशित किया गया कि किसी भी ।छड के पास क्षेत्र में किसी भी प्रकार कि लॉजिस्टिक की कमी किसी भी स्तिथि में न रहेस लैब टेस्ट मानक के अनिसार नहीं हो रहे थे लैब तकनीशियन को चेतावनी दी कि सभी टेस्ट मानक के अनुसार हों स भुवनेश्वर शर्मा वैक्सीन कोल्ड चौन मैनेजर द्वारा ॅप्छ पोर्टल पर ।छड एवं ब्स्ट का अभिमुखीकरण किया गया जिसमे शैलेन्द्र सिंह स्वास्थ्य पर्यवेक्षक बनी सिंह स्वास्थ्य पर्यवेक्षक रामदास ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर आदि थे स

## आरवीआईटी के छात्रों का एचसीएल में चयन

**बिजनौर।** आरवी इंस्टटीयूट ऑफ टेक्नोलॉजी के 4 छात्रों का चयन एचसीएल टेक्नोलोजीज कम्पनी में हुआ। सभी छात्रों का चयन कम्पनी द्वारा आयोजित की गई लिखित परीक्षा, सामूहिक वाद विवाद, टेक्निकल राउंड और साक्षात्कार के आधार पर हुआ। जिसमें छात्रों के पिछले तीन वर्षा के शैक्षणिक रिकॉर्ड को भी देखा गया। कम्पनी द्वारा 4 छात्रों का चयन किया गया, जिसमें बी टेक कम्प्यूटर साइन्स ब्रांच से 2 छात्राओं खुशी चौहान और सिमरन जोशी का चयन हुआ तथा इंफार्मेशन टेक्नोलोजी ब्रांच से भी 2 छात्र रचित शर्मा और सिदरा जैदी का चयन हुआ। संस्थान के प्रबन्ध निदेशक सन्नी देशवाल एवं निदेशक डा. नितिन अग्रवाल ने सभी चयनित छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट विभाग के हेड उज्ज्वल पाठक और कोर्डिनटर फिरोज द्वारा किया गया।

## क्रिसेंट में फायर ड्रिल का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** मुस्लिम फंड द्वारा संचालित शिक्षण संस्थान क्रिसेंट स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में व्यापक स्तर पर फायर ड्रिल का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यालय के शिक्षकों और कर्मचारियों ने आग लगने की आपातकालीन स्थिति में त्वरित व प्रभावी कार्रवाई का शानदार प्रदर्शन किया। ड्रिल में स्टाफ ने फायर एक्सटिंग्विशर, फायर हॉज, सैंड बकेट सहित विभिन्न सुरक्षा उपकरणों का उपयोग कर आग बुझाने की प्रक्रिया का अभ्यास किया। इसी दौरान पूरे विद्यालय परिसर को सुरक्षित रूप से खाली कराया गया, निकास मार्गों की जांच की गई और सुरक्षा प्रोटोकॉल का कठोरता से पालन किया गया।

# पौष्टिक रामदाना लड्डू ने बच्चों के चेहरों पर लाई मुस्कान

**मथुरा।** गुरुवार का दिन मथुरा जनपद के परीषदीय विद्यालयों में अध्ययन करने वाले बच्चों के लिए बेहद खास रहा, जब अक्षय पात्र फाउण्डेशन द्वारा विशेष रूप से तैयार किए गए पौष्टिक रामदाना(अमरनाथ) लड्डुओं का बड़े पैमाने पर वितरण किया गया | लड्डू प्राप्त कर बच्चों के चेहरे पर खिली खुशी ने विद्यालय परिसर को उल्लास से भर दिया |शासन के सप्लिमेंट्री न्यूट्रिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत अक्षय पात्र फाउण्डेशन के द्वारा आज मथुरा जनपद के कुल 1,666 परीषदीय विद्यालयों में नामांकित लगभग 1 लाख 30 हजार छात्रों के लिए पौष्टिक लड्डू भेजे गए | संस्था के ऑपरेशन हेड श्री अमित झा ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकारके द्वारा परिषदीय विद्यालयों में अधयन रत विद्यार्थियों को सप्लीमेंट्री न्यूट्रिशन कार्यक्रम के तहत मार्च माह तक प्रत्येक गुरुवार को मध्यान्ह भोजन के अतिरिक्त न्यूट्रिशन युक्त खाद्य पदार्थ का वितरण किया जाना है। इस शृंखला में आज प्रथम दिन रामदाना लड्डू का वितरण किया गया है। संस्था द्वारा प्रत्येक गुरुवार को भिन्न भिन्न प्रकार के खाद्य पदार्थों का वितरण मार्च माह तक किया जायेगा। यह विशेष रूप से छात्रों के लिए पोषण स्तर बढ़ाने और उन्हें अतिरिक्त ऊर्जा प्रदान करने हेतु सहायक होगा। श्री झा ने आगे बताया कि परीषदीय विद्यालयों के अधिकांश बच्चे ग्रामीण पृष्ठभूमि से आते हैं, जहाँ अनेक बार उन्हें संतुलित आहार उपलब्ध नहीं हो पाता। ऐसे में अक्षय पात्र फाउण्डेशन लगातार यह सुनिश्चित करने में जुटा है कि बच्चों को मध्याह्न भोजन के साथ-साथ अतिरिक्त पौष्टिक तत्व भी मिल सकें |अक्षय पात्र फाउण्डेशन के प्रतिनिधि श्री जितेन्द्र शर्मा ने बताया कि संस्था लंबे समय से सरकार के सहयोग से मध्याह्न भोजन योजना को सुदृढ़ करने के लिए कार्य कर रही है | वर्तमान में अक्षय पात्र देशभर के 16 राज्यों और 3 केंद्र शासित प्रदेशों में अपनी सेवाएँ प्रदान कर रही है। संस्था के पास 78 अत्याधुनिक केन्द्रीयकृत रसोईघर हैं, जिनके माध्यम से प्रतिदिन लगभग 25 लाख बच्चों को स्वच्छ, गरम, पौष्टिक एवं स्वादिष्ट भोजन उपलब्ध कराया जाता है |उन्होंने बताया कि संस्था का उद्देश्य केवल भोजन उपलब्ध कराना ही नहीं है, बल्कि छात्रों में पठन-पाठन के प्रति रुचि बढ़ाना, स्कूल उपस्थिति में सुधार, तथा कुपोषण को कम करने में योगदान देना भी है। भोजन की गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु प्रत्येक रसोईघर में आधुनिक तकनीकी उपकरणों का उपयोग किया जाता है और भोजन तैयार करने की प्रक्रिया अत्यंत स्वच्छता मानकों के अनुरूप होती है |

## राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार प्रसार को दो वाहन रवाना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मथुरा।** जनपद न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मथुरा विकास कुमार द्वारा 13 दिसम्बर को लगने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता के लिए जनपद न्यायालय परिसर, मथुरा से दो प्रचार वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया | प्रचार वाहन के साथ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारी व पराविधिक स्वयंसेवक उपस्थित रहे | प्रचार वाहनों ने शहर व ग्रामीण क्षेत्र में लोक अदालत का प्रचार प्रसार किया | इस मौके पर राम किशोर पाण्डेय अपर जिला जज, सुरेंद्र प्रसाद अपर जिला जज, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मथुरा सहित अन्य न्यायिक अधिकारीगण उपस्थित रहे | 13 दिसम्बर को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत का प्रचार प्रसार पूरे जनपद में किया जा रहा है | सुरेंद्र प्रसाद, अपर जिला जज, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मथुरा द्वारा समस्त जनमानस से अपील की गई है कि 13 दिसम्बर को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में अपने मुकदमे को चिन्हित कर स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के साथ उपस्थित होकर उसका निस्तारण कराए |

## हत्या के प्रयास के दो आरोपी पकड़े

**मथुरा।** थाना कोतवाली पुलिस ने हत्या के प्रयास के अपराध में वांछित चल रहे दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है | अभियुक्तों के कब्जे से हत्या के प्रयास में प्रयुक्त तमंचा, कारतूस बरामद किये हैं। प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली विनोद बाबू मिश्रा के मुताबिक कृष्णा उर्फ सिद्धार्थ पुत्र रोहतान सिंह निवासी हंसराज नगर कालौनी गोवर्धन चौराहा थाना हाईवे व सौरभ पुत्र दौजीराम निवासी हंसराज नगर कालौनी गोवर्धन चौराहा थाना हाईवे को श्रीजी हास्पिटल के पास से गिरफ्तार किया गया |

### सार्वजनिक सूचना

दिनांक 13-12-2025 को थाना कोतवाली शहर मथुरा पर मो0सा0 एंव कार आदि कुल 09 वाहनो की उच्चाधिकारी गणों के निर्देशन में नीलामी की कार्यवाही किया जाना प्रस्तावित है। अतः आप सभी को सूचित किया जाता है। कि आप सभी उक्त वाहन नीलामी में सम्मिलित हों।

दिनांक 13-10-2025

**प्रभारी निरीक्षक**
थाना कोतवाली, शहर जनपद मथुरा

# देश के शीर्ष डिबेटर के रूप में उभरे जीएलए विधि संकाय के छात्र रौनक

**मथुरा।** जीएलए विश्वविद्यालय, मथुरा के विधि संकाय के अंतिम वर्ष के प्रतिभाशाली छात्र रौनक उपमन्यु ने राष्ट्रीय स्तर पर जीएलए की श्रेष्ठ विधि शिक्षा, प्रशिक्षण और शैक्षणिक गुणवत्ता की ऐसी छाप छोड़ी है, जो एक मिसाल बनी है | छात्र रौनक ने अब तक देशभर के प्रतिष्ठित आईआईटी, आईआईएम और शीर्ष विश्वविद्यालयों में आयोजित 506 बहस प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया है | इनमें वे दर्जनों प्रमुख डिबेट प्रतियोगिताओं में जज भी रहे | सैकड़ो प्रतियोगिताओं में बहस करते हुए 252 बार प्रथम स्थान हासिल कर वे देश के पहले ऐसे छात्र-डिबेटर बन गए हैं,




जिन्होंने इतनी बड़ी संख्या में शीर्ष स्थान प्राप्त करते हुए नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया है | यह उपलब्धि न केवल जीएलए विश्वविद्यालय, बल्कि संपूर्ण ब्रज क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है | इस वर्ष रौनक ने कुल 45 प्रतियोगिताओं में भाग लेकर सभी में प्रथम पुरस्कार जीतकर यह सिद्ध किया कि कठिन परिश्रम, तर्कशक्ति और वक्तृत्व कौशल का समन्वय सफलता का वास्तविक आधार है | रौनक उपमन्यु ने देश की कई राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में निर्णायक की भूमिका भी निभाई | दिल्ली विश्वविद्यालय के हिंदू कॉलेज में आयोजित एक प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर उन्हें केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया। इसके अलावा इंदौर इंस्टिट्यूट ऑफ लॉ, आईआईटी दिल्ली तथा इंडियन नेशनल कांग्रेस द्वारा आयोजित युवा संसद प्रतियोगिता में भी वे प्रथम स्थान पर रहे, जहां उन्हें पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, वरिष्ठ नेता रणदीप सुरजेवाला एवं सांसद राजीव शुक्ला द्वारा सम्मानित किया गया। पिछले 25 दिनों में ही रौनक ने दिल्ली आईआईटी संस्थान समेत 8 प्रथम पुरस्कार जीतकर अपनी असाधारण दक्षता सिद्ध की है | इन प्रतियोगिताओं में आत्मा राम सनातन धर्म कॉलेज, श्री वेंकटेश्वर कॉलेज, देहरादून प्रौद्योगिकी संस्थान, श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज और हिंदू कॉलेज शामिल रहे | जीएलए विधि के छात्र की इस उपलब्धि से यह स्पष्ट होता है कि जीएलए विश्वविद्यालय का विधि संकाय न केवल पाठ्यक्रम-आधारित शिक्षा देता है, बल्कि विद्यार्थियों में विश्लेषण क्षमता, तार्किक सोच, बहस-कौशल, संविधानिक समझ और न्यायिक दृष्टि विकसित करने पर विशेष ध्यान देता है | विश्वविद्यालय में नियमित मूट कोर्ट, शोध-आधारित विधि अध्ययन, व्यावहारिक प्रैक्टिस सत्र तथा अनुभवी प्राध्यापकों के मार्गदर्शन ने रौनक जैसे छात्रों को राष्ट्रीय स्तर पर चमकने की मजबूत नींव दी है |

जीएलए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अनूप कुमार गुप्ता ने बधाई देते हुए कहा कि रौनक उपमन्यु ने अपने कठिन परिश्रम, आत्मविश्वास और अद्भुत वक्तृत्व कौशल से न केवल जीएलए विश्वविद्यालय का गौरव बढ़ाया है, बल्कि ब्रजभूमि को भी राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई है। उन्होंने कहा कि जीएलए की उच्च गुणवत्ता वाली विधि शिक्षा और समर्पित संकाय विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा निखारने का अवसर प्रदान करता है |

## एक नजर

### हादसे में बाइक सवार घायल

**धामपुर।** नहटौर मार्ग पर प्रयास चौकी के पास एक अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को टक्कर मार दी, जिसमें गंभीर रूप से घायल हो गया। लखन (45 वर्ष) पुत्र महाशय सिंह निवासी ग्राम नंदपुर, थाना बढ़ापुर अपनी बाइक से धामपुर से नहटौर की ओर जा रहा था। तभी प्रयास चौकी के निकट किसी अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से लखन सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और घायल को सीएचसी धामपुर में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने उसकी नाजुक हालत को देखते हुए उसे जिला चिकित्सालय बिजनौर रैफर कर दिया। धामपुर पुलिस ने घायल के परिजनों को सूचित कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। अज्ञात वाहन व चालक की तलाश जारी है।

### पेंशनर दिवस 17 को

**बिजनौर।** वरिष्ठ कोषाधिकारी विजय शंकर तिवारी ने शासन के पत्र के हवाले से जानकारी देते हुए बताया कि 17 दिसंबर, 2025 को दोपहर 12:00 बजे पेंशनरों की विभिन्न समस्याओं पर सुनवाई एवं निराकरण के लिए जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में पेंशनर दिवस कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष बिजनौर में आयोजित किया जायेगा, जिसमें जनपद के प्रमुख कार्यालयाध्यक्षों द्वारा प्रतिभाग किया जाना स्वयं अनिवार्य अपेक्षित है।

### पुलिस से न्याय की गुहार



**स्योहारा।** पांच दिन पूर्व रामगंगा पुल के पास हुए दर्दनाक सड़क हादसे में मौहल्ला शेखान निवासी रिहान तथा सेफ उर्फ गोलू पुत्र अनीस की मौत के मामले में परिजनों ने आज थाने पहुंचकर कार्रवाई की मांग की। दोनों युवक स्कूटी से अपने घर लौट रहे थे। जैसे ही वे रामगंगा पुल के पास पहुंचे। सामने से आ रहे एक अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने उनकी स्कूटी में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों युवक सड़क पर दूर जा गिरे और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। पुलिस ने घटना के बाद अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। आज मृतक रिहान और सेफ उर्फ गोलू के परिजन पूर्व विधायक हाजी नईमुल हसन के साथ थाने पहुंचे। परिजनों ने थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार से अज्ञात वाहन चालक की पहचान और गिरफ्तारी के बारे में जानकारी मांगी। थाना प्रभारी ने परिजनों को आश्वासन दिया कि पुलिस लगातार सुराग तलाश रही है और जल्द ही आरोपी वाहन तथा चालक को पकड़ लिया जाएगा।

### सीएचसी में डेटा वैलिडेशन बैठक



**स्योहारा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डब्ल्यूएचओ के एसएमओ डॉ. जयनारायण सिंह की अध्यक्षता में प्रखंड स्तरीय साप्ताहिक बीडब्ल्यूआर एवं डेटा वैलिडेशन बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि नियमित टीकाकरण से जुड़े सभी सत्रों का सर्वे एवं ड्यू लिस्ट अपडेट कार्य सभी आशा कर्मी निर्धारित समय के भीतर पूरा करें। जिन आशा कर्मियों की ड्यू लिस्ट अद्यतन नहीं पाई जाएगी, उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी। सभी ईंट भट्टों क्रेशर एवं कोल्हू स्थलों पर पहुंची फैमिलियों का आशा द्वारा हेड काउंट सर्वे समय से करवाने के निर्देश दिए गए ताकि प्रत्येक बच्चे और गर्भवती महिला का शत-प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित हो सके। सहसपुर क्षेत्र में खसरा के अधिक मामले सामने आने पर विशेष सतर्कता बरतने और दोनों खसरा टीके समय से लगवाने पर जोर दिया गया टीका उत्सव के दौरान बुधवार और शनिवार को सभी एएनएम को सुबह 9 बजे तक अपने सत्र स्थलों पर पहुंचकर नियमित टीकाकरण एवं अन्य आवश्यक सेवाएं प्रदान करने के निर्देश दिए गए। साथ ही सभी लगाए गए टीकों को प्रतिदिन यू-विन पोर्टल पर समय से फीड करने के आदेश दिए गए। इसके अलावा सभी स्वास्थ्य कर्मियों को सघन पर्यवेक्षण रखते हुए सर्वे, ड्यू लिस्ट अपडेट तथा सभी टीकाकरण सत्र स्थलों का निरीक्षण सुनिश्चित करने को कहा गया। बैठक में जेएसआईआई जिला कोऑर्डिनेटर अमित कुमार, डॉ. राकेश कुमार, हेल्थ सुपरवाइजर राजेश कुमार, वीर सिंह, एआरओ आलोक कुमार, बीपीएम शालिनी विश्नोई, डीईओ अनम, राशि, बाल विकास परियोजना अधिकारी, डब्ल्यूएचओ मॉनिटर राजेश कुमार सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे।

### श्याम सिंह एडवोकेट का स्वागत



**बढ़ापुर।** भाजपा प्रांतीय परिषद के सदस्य नियुक्त किए जाने पर श्याम सिंह एडवोकेट का उनके समर्थकों ने स्वागत किया। भाजपा के वरिष्ठ नेता ठाकुर रामपाल सिंह के आवास पर भाजपा प्रांतीय परिषद के सदस्य नियुक्त किए जाने पर उनके समर्थकों ने मिठाई खिलाकर उनका स्वागत किया है। श्याम सिंह ने मिली जिम्मेदारी के लिए पार्टी नेतृत्व का आभार जताया है। इस मौके पर ठाकुर रामपाल सिंह, सुरेंद्र कर्णवाल, सभासद राहुल कश्यप, मुकेश आर्य, मिक्की गुप्ता, सोहित गुप्ता, डॉ.राजपाल सैनी, नितिन प्रजापति, परवीन सिंह, सभासद योगेश प्रजापति आदि मौजूद रहे।

### हाथी को वनों में खदेड़ने की मांग



**बढ़ापुर।** क्षेत्र के ग्राम बहेड़ी के अधिकांश किसानों की कृषि भूमि वनों से सटी हुई है। वहां पर किसानों ने अधिकतर गन्ने व गेहूं की फसल बोई हुई है। पिछले एक सप्ताह से एक हाथी वनों से निकलकर गन्ने की फसल में घुस आया। किसान भगाने का प्रयास करते है तो भाग जाता है और कुछ समय बाद फिर वापस लौट आता है। एक खेत से दूसरे खेत में ही घूमता फिर रहा है। किसानों का कहना है कि हाथी देखने में बूढ़ा और कमजोर लग रहा है। लोगों को देखकर वह गन्ने के खेत में छिप जाता है। हाथी गन्ने की फसल को खाकर और गेहूं की फसलों को पैरों से रौंदकर बर्बाद कर रहा है। उनका कहना है कि पिछले दो दिनों से हाथी गन्ने के खेत में ही डेरा जमाए हुए है। भगाने पर भी नहीं भाग रहा है और गन्ने के खेत में छिपा हुआ है। किसान कुंवर सिंह, राजाराम, वीरेंद्र सैनी, रंजीत सिंह, हरकेश सिंह, रघुवीर सिंह, तिलक सिंह, सोनू सैनी, महेंद्र सिंह, मगन सिंह आदि किसानों ने वन विभाग से हाथी को वनों में खदेड़ कर उन्हें खेतों में आने से रोकने के लिए कारगर कदम उठाने की मांग की है।

# पटाखा फैक्ट्री में आग लगने से हड़कंप

## एसडीएम ने निरीक्षण के बाद फैक्ट्री को किया सील





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** आंकू में पटाखा फैक्ट्री के लैब यूनिट में आग लग गई। आग लगने के दौरान हुए धमाके की आवाज काफी दूर तक सुनी गई। आग लगने पर लैब यूनिट की टीन की छत भी उड़ गई। एसडीएम धामपुर व पुलिस के अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद एसडीएम धामपुर स्मृति मिश्रा के निर्देश पर राजस्व विभाग की टीम ने फैक्ट्री पर सील लगा दी।

प्राप्त समाचार के अनुसार नहटौर क्षेत्र के ग्राम आंकू में नहर के पास लगी पटाखा फैक्ट्री में गुरुवार की सुबह को आग लग गई थी। आग लगने के दौरान टीन तक उड़ गई। लैब यूनिट में आग लगना बताया जा रहा है, जिसमें केमिकल मिलाकर मिश्रण तैयार किया जाता है। आग लगने पर कर्मचारियों ने आग पर काबू पा लिया था। आग बुझने के बाद फायर बिग्रेड भी मौके पर पहुंची थी। किसी के हताहत नहीं होना बताया जा रहा है। हादसे के समय कर्मचारी नाश्ता कर रहे थे, जिससे एक बड़ा हादसा होने से टल गया। सूचना पर एसडीएम धामपुर स्मृति मिश्रा राजस्व विभाग की टीम व पुलिस के अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंची और वहां उन्होंने निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद फैक्ट्री पर सील लगा दी गई। एसडीएम धामपुर स्मृति मिश्रा ने बताया कि फैक्ट्री पर सील लगा दी गई। आगामी कार्रवाई विधिक रूप से की जाएगी।

# सांसद चंद्रशेखर ने नगीना में एम्स की मांग संसद में उठाई

## ईवीएम सिस्टम हटाकर बैलट पेपर से मतदान करने की भी मांग रखी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नगीना लोकसभा क्षेत्र में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान की स्थापना की मांग एक बार फिर जोर पकड़ती दिखाई दे रही है। इस मुद्दे को क्षेत्र के सांसद चंद्रशेखर आजाद ने संसद में पूरे दम के साथ उठाया है।

उन्होंने सदन में ईवीएम के स्थान पर वैलेट वोट की व्यवस्था लागू करने की मांग रखते हुए लोकतांत्रिक अधिकारों की मजबूती का प्रश्न भी उठाया। इसके साथ ही उन्होंने कांशीराम और ज्योतिबा फुले को नमन करते हुए नगीना और आसपास के क्षेत्र की स्वास्थ्य जरूरतों पर विशेष जोर देते हुए कहा कि नगीना लोकसभा क्षेत्र में एम्स स्थापना अब समय की मांग बन गई है।

सांसद चंद्रशेखर द्वारा संसद में प्रस्तुत किए गए अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (संशोधन) विधेयक, 2024 के दस्तावेजों में स्पष्ट रूप से यह उल्लेख किया गया है कि उत्तर प्रदेश राज्य अब तक एम्स जैसी सर्वोच्च स्वास्थ्य संस्था की स्थापना के लिए पर्याप्त कदम नहीं उठा पाया है। सांसद चंद्रशेखर ने कहा



कि दस्तावेजों के अनुसार उत्तर प्रदेश के कई जिलों में स्वास्थ्य संरचना अत्यंत जर्जर अवस्था में है।

ग्रामीण व पिछड़े क्षेत्रों में चिकित्सा सुविधाएं बेहद कमजोर हैं। ऐसे क्षेत्रों में एम्स की स्थापना से न केवल इलाज की गुणवत्ता बढ़ेगी, बल्कि गंभीर रोगों के उपचार में भी क्रांतिकारी सुधार होगा। नगीना जैसे पिछड़े क्षेत्र में एम्स की स्थापना से जनपद बिजनौर, मुरादाबाद, संभल, अमरोहा और उत्तराखंड के सीमावर्ती क्षेत्रों तक लाखों लोगों को सीधा लाभ मिलेगा।

विधेयक में वित्तीय प्रावधानों का भी उल्लेख है, जिसके अनुसार यदि प्रस्तावित संशोधन पारित होता है, तो भारत सरकार को प्रारंभिक चरण में लगभग एक हजार करोड़ रुपये का बजट खर्च करना पड़ सकता है। यह राशि भूमि अधिग्रहण, भवन निर्माण, विशेषज्ञ डॉक्टरों की नियुक्ति और उच्च स्तरीय चिकित्सा उपकरणों की व्यवस्था पर खर्च होगी।

सांसद चंद्रशेखर ने सदन में यह भी कहा कि नगीना क्षेत्र सामाजिक, भौगोलिक और आर्थिक दृष्टि से पिछड़ा हुआ है। यहां के लोग आज भी गंभीर बीमारी की स्थिति में दिल्ली या अन्य बड़े शहरों पर निर्भर हैं। यदि क्षेत्र में एम्स की स्थापना होती है तो लाखों परिवारों को जीवनदान जैसा लाभ मिलेगा। उन्होंने केंद्र सरकार से मांग की कि उत्तर प्रदेश में नए एम्स के लिए नगीना क्षेत्र को प्राथमिकता दी जाए और प्रक्रिया को शीघ्र गति दी जाए।

संसद में उठाए गए इस मुद्दे के बाद क्षेत्र के लोगों में एक नई उम्मीद जाग उठी है। स्थानीय नागरिकों और सामाजिक संगठनों ने सांसद द्वारा उठाई गई इस मांग का स्वागत किया है और इसे धामपुरख्रनगीनाख्रबिजनौर क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक कदम बताया है।

### विवाहिता की शिकायत पर दहेज उत्पीड़न का केस

**स्योहारा।** क्षेत्र की विवाहिता ने अपने पति, सास, ससुर और चाचा ससुर पर दहेज उत्पीड़न का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़िता का कहना है कि ससुराल पक्ष द्वारा उससे 20 बीघा जमीन और बुलेट बाइक की मांग की जा रही थी। पीड़िता द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार उसकी शादी 8 दिसंबर 2022 को हुई थी। विवाह में उसके परिजनों ने लगभग 20 लाख रुपये खर्च किए थे और दहेज में स्विफ्ट कार दी थी। इसके बावजूद आरोप है कि ससुराल पक्ष शादी के बाद से ही अतिरिक्त दहेज की मांग करता रहा। विवाहिता ने आरोप लगाया कि शादी के कुछ समय बाद उसने एक पुत्र को जन्म दिया। इसके बाद भी आरोपितों के व्यवहार में कोई सुधार नहीं आया और लगातार दबाव बनाया जाता रहा। पीड़िता ने आरोप लगाया कि 23 जुलाई 2025 को पति, सास, ससुर और चाचा ससुर ने दहेज की मांग पूरी न होने पर उसके साथ गाली-गलौज, धक्का-मुक्की और मारपीट की तथा घर से निकाल दिया। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप है। थाना प्रभारी संजय कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर पति सहित चारों नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच जारी है।

# विद्या मंदिर में सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** रामगोपाल रामचंद्र सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में 'सप्तशक्ति संगम' कार्यक्रम उत्साह पूर्वक मनाया गया। इसमें अपने भारत देश की गौरवमय नारी शक्ति यथा रानी लक्ष्मीबाई, माता जीजाबाई, सावित्रीबाई फुले, कल्पना चावला, महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, हरमनप्रीत कौर, व्योमिका सिंह एवं सोफिया कुरैशी जैसी आदर्श शक्तियों के जीवन प्रसंगों को स्मरण किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आज की नारी शक्ति को जागृत करना और मानव समाज की भावी पीढ़ी, देश व समाज के विकास में उनका सहयोगी बनना है।

इस अवसर पर लगभग 400 माता और बहनों ने अपनी सहभागिता अर्जित की। यामिनी देवी, मोनिका



शर्मा, सरस्वती शिशु मंदिर धामपुर की आचार्या सर्वेश कुमारी और सरस्वती विद्या मंदिर जैतरा की आचार्या रूपांजलि आदि ने अपने-अपने विचार रखें। साथ ही साथ मंचासीन अतिथियों में मुख्य अतिथि श्रीमती निधि गुप्ताजी, अध्यक्षा श्रीमती रीता रानी, आभावती प्राचार्य बालिका विद्या मंदिर धामपुर, श्रीमती पूर्णिमा शर्मा आचार्या बालिका विद्या मंदिर धामपुर, रूपांजलि जी आचार्या सरस्वती विद्या मंदिर जैतरा आदि ने भी अपने-अपने विचार रखें। बालिका विद्यालय की प्रधानाचार्य श्रीमती आभा रानी ने बताया कि आज की माता बहनों को आत्मनिर्भर बनना है और स्वयं सुरक्षा के सभी प्रकार के उपाय में दक्ष बनना है। आज की नारियों किरण बेदी और सोफिया कुरैशी आदि के विकास की कहानी बताई। कार्यक्रम की संचालिका आचार्या श्रीमती सर्वेश कुमारी जी एवं कुव रूपांजलि जी रही।

प्रधानाचार्य हेमेंद्र सिंह ने सभी का आभार व्यक्त प्रकट करते हुए बताया कि आज के समय में इस प्रकार के कार्यक्रम सभी शिशु मंदिरों व विद्या मंदिरों में चल रहे हैं। इसका उद्देश्य माता और बहनों को समाज की विकृतियों का सामना करते हुए उन्हें अपनी संतानों का मार्गदर्शन करने का उपाय बताया। आज मोबाइल का सदुपयोग कम और दुरुपयोग अधिक हो रहा है। परिणामत: समाज डाकू बनने की परिस्थितियों पर प्रकाश डाला और विवाह परिवार आदि टूटने से सावधान किया।

# सड़क किनारे युवती का शव मिलने से सनसनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** थाना क्षेत्र के ग्राम महमूदपुर में उस समय हड़कंप मच गया। जब सुबह ग्रामीणों ने सड़क किनारे स्थित आम के बाग के पास एक अज्ञात युवती का शव पड़ा देखा। सूचना फैलते ही मौके पर बड़ी संख्या में लोग एकत्र हो गए

सूचना मिलते ही स्योहारा थाना पुलिस के साथ-साथ एसओजी टीम भी मौके पर पहुंची और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। पुलिस



ने आसपास के लोगों से पूछताछ की, लेकिन युवती की पहचान संबंधी कोई भी सुराग हाथ नहीं लगा। थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि मृत युवती की आयु लगभग 28 वर्ष प्रतीत हो रही है। काफी प्रयासों के बावजूद अभी तक उसकी पहचान नहीं हो सकी है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि मौत के वास्तविक कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट और आगे की जांच के बाद ही चल सकेगा।

# माइनर टूटने से खेतों में भरा पानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** चांदपुर विधानसभा क्षेत्र में सिंचाई खंड बिजनौर की सुल्तानपुर माइनर नहर परसों रात अचानक टूट गई। नहर में लंबे समय से चली आ रही तकनीकी खामियों और विभागीय लापरवाही के कारण यह घटना हुई, जिसके चलते नारनौर, सुल्तानपुर, खानपुर और कमालपुर गांवों के खेतों में तेजी से पानी भर गया।

गौर करने वाली बात यह है कि कुछ दिन पहले ही ग्रामीण क्षेत्र बाढ़ की मार झेल चुका था और अब नहर टूटने की घटना ने किसानों पर दोहरी मार डाल दी है। लगातार आपदाओं ने किसानों की कमर तोड़ दी है। नहर टूटते ही गेहूं, सरसों सीजन की बुआई पूरी तरह बर्बाद हो गई। कई खेतों में



## किसानों की फसल नष्ट, मुआवजे की मांग

मिट्टी बह गई। घटना की सूचना पाकर राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश महासचिव अशोक चौधरी अपनी टीम के साथ तुरंत मौके पर पहुँचे। उन्होंने खेतों का जमीनी निरीक्षण किया। किसानों की समस्याएं सुनीं और नुकसान का पूरा आंकलन किया। उन्होंने कहा कि विभागीय लापरवाही के कारण किसानों को भारी आर्थिक हानि हुई है और सरकार को तत्काल राहत एवं मुआवजा प्रदान करना चाहिए। उनके साथ पूर्व विधानसभा अध्यक्ष शीशपाल राठी, युवा विधानसभा अध्यक्ष रवि गांधी, नगराध्यक्ष मुंजरिम अहमद, क्षेत्रीय महासचिव योगेंद्र प्रधान, जिला महासचिव डॉ. विपिन तोमर, वरिष्ठ नेता अकरम उस्मानी, वरिष्ठ नेता पीतम सिंह, विधानसभा अध्यक्ष नहटौर संजीव चिकारा, व्यापार प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष राजीव तोमर, पूर्व जिला महासचिव गजेन्द्र सिंह, अशफाक प्रधान, सतेंद्र सिंह (डायरेक्टर), हेमेंद्र प्रधान, सर्वजीत सिंह प्रधान, राजेश खन्ना, गजेन्द्र सिंह, नरेश नेताजी, राजीव चौधरी, जगदीश सिंह, यशपाल सिंह प्रधान, भूदेव सिंह, महेंद्र सिंह आदि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## एक नजर

### आरवीआईटी के छात्रों का एचसीएल में चयन



**बिजनौर।** आरवी इंस्टटीयूट ऑफ टेक्नोलॉजी के 4 छात्रों का चयन एचसीएल टेक्नोलोजीज कम्पनी में हुआ। सभी छात्रों का चयन कम्पनी द्वारा आयोजित की गई लिखित परीक्षा, सामूहिक वाद विवाद, टेक्निकल राउंड और साक्षात्कार के आधार पर हुआ। जिसमें छात्रों के पिछले तीन वर्षा के शैक्षणिक रिकॉर्ड को भी देखा गया। कम्पनी द्वारा 4 छात्रों का चयन किया गया, जिसमें बी टेक कम्प्यूटर साइन्स ब्रांच से 2 छात्राओं खुशी चौहान और सिमरन जोशी का चयन हुआ तथा इंफार्मेशन टेक्नोलोजी ब्रांच से भी 2 छात्र रचित शर्मा और सिदरा जैदी का चयन हुआ। संस्थान के प्रबन्ध निदेशक सन्नी देशवाल एवं निदेशक डा. नितिन अग्रवाल ने सभी चयनित छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट विभाग के हेड उज्ज्वल पाठक और कोर्डिनटर फिरोज द्वारा किया गया।

### क्रिसेंट में फायर ड्रिल का आयोजन



**चांदपुर।** मुस्लिम फंड द्वारा संचालित शिक्षण संस्थान क्रिसेंट स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में व्यापक स्तर पर फायर ड्रिल का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यालय के शिक्षकों और कर्मचारियों ने आग लगने की आपातकालीन स्थिति में त्वरित व प्रभावी कार्रवाई का शानदार प्रदर्शन किया। ड्रिल में स्टाफ ने फायर एक्सटिंग्विशर, फायर हॉज, सैंड बकेट सहित विभिन्न सुरक्षा उपकरणों का उपयोग कर आग बुझाने की प्रक्रिया का अभ्यास किया। इसी दौरान पूरे विद्यालय परिसर को सुरक्षित रूप से खाली कराया गया, निकास मार्गों की जांच की गई और सुरक्षा प्रोटोकॉल का कठोरता से पालन किया गया। विद्यालय प्रशासन ने बताया कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम न केवल सुरक्षा मानकों को मजबूत करते हैं, बल्कि वास्तविक आकस्मिक परिस्थितियों में विद्यार्थियों और कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में अत्यंत महत्वपूर्ण होते हैं। फायर ड्रिल सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई, जिसे देखते हुए अभिभावकों और स्थानीय लोगों ने विद्यालय के इस सराहनीय प्रयास की प्रशंसा की।

### डीएम से मिले आरटीआई कार्यकर्ता



**बिजनौर।** राष्ट्रीय राजमार्ग द्वारा रेलवे क्रासिंग पर बने फ्लाईओवर ब्रिज को स्वीकार न करने के संबंध में जिला अधिकारी को अवगत कराया गया है। नजीबाबाद के आदर्श नगर निवासी आरटीआई कार्यकर्ता मनोज शर्मा ने जिला अधिकारी जसजीत कौर से मुलाकात कर उन्हें एक शिकायती पत्र दिया, जिसमें अवगत कराया गया कि वर्ष 2012 में उत्तर प्रदेश सेतू निगम द्वारा तहसील नजीबाबाद की नगर पंचायत जलालाबाद स्थित रेलवे क्रांसिग संख्या 484 पर करोडों रूपये की लागत से पलाईओवर ब्रिज का निर्माण कराया गया था, जिसे बाद में यूपी सेतू निगम द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग को स्थानांतिरत कर दिया गया था और वर्तमान में उक्त पुल के एक्सपेंशन ज्वाईट में दरार आ चुकी है तथा जगह जगह गहरे गहरे गड्ढे हो रखे है। इस कारण पूर्व में कई दुर्घटनायें घट चुकी है। आरटीआई कार्यकर्ता ने कहा कि जब पुल की मरम्मत के संबंध मे राष्ट्रीय राजमार्ग के परियोजना प्रबंधक ने कहा कि उक्त पुल हमे स्थानांतिरत नहीं हुया है और जब हमने सेतू निगम को अवगत कराया तो सेतू निगम ने इस संबंध में कहा कि उक्त पलाईओवर ब्रिज वर्ष 2013 में हम राष्ट्रीय राजमार्ग को स्थानांतिरत कर चुकें है। आरटीआई कार्यकर्ता ने उक्त फ्लाई ओवर ब्रिज स्थानातंरण में आ रही बाधाओं को दूर किये जाने की मांग की। जिला अधिकारी बिजनौर ने इस संबंध में उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

### जरूरतमंदों को कंबल वितरित



**नहटौर।** ग्राम रूखड़ियो में स्थित धर्मशाला में राजस्व विभाग ने एक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें 75 जरूरतमंदों को ठंड के मौसम को देखते हुए कंबल वितरित किए गए। इस मौके पर राजस्व विभाग के तहसीलदार धनराज कुमार ने कहा कि प्रदेश सरकार की ओर से ठंड के मौसम में लोगों की मदद करने के उद्देश्य से यह कंबल वितरित किए जा रहे है। इस मौके पर तहसीलदार धनराज कुमार, कानूनगो ओमवीर सिंह, लेखपाल ब्रह्म सिंह रवि, ग्राम प्रधान मनीराम, ग्राम पंचायत सचिव दीप अमर राही, शेर सिंह आदि मौजूद रहे।

### रैन बसेरे का निरीक्षण



**नहटौर।** नगर पालिका ओर से ठंड के मौसम को देखते हुए झील पार्क में रैन बसेरे बनाया गया है। तहसीलदार धनराज कुमार, कानूनगो ओमवीर सिंह, लेखपाल ब्रह्म सिंह रवि ने रैन बसेरे का निरीक्षण किया। रैन बसेरे की व्यवस्थाओं को देखकर उन्होंने आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस मौके पर तहसीलदार धनराज कुमार ने निर्देश देते हुए कहा कि ठिठुरन सर्द मौसम शुरू हो गया है। रैन बसेरे में आने वाले राहगीरों को पूरी व्यवस्था दी जाए। इसके अलावा चौराहों पर रैन बसेरे के बारे में संकेतक भी लगा दे।

# देखना पर्याप्त नहीं अब हम मदद करना सीखेंगे

## जिलाधिकारी की पहल, देखना काफी नहीं, अब हम जान बचाएँगे' बागपत का मिशन देशभर के लिए उदाहरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** अक्सर यह देखने को मिलता है कि कोई व्यक्ति अचानक सड़क किनारे गिर पड़ता है–कभी दिल की धड़कन रुकने से, कभी साँस अटकने से, कभी किसी अनदेखी स्वास्थ्य समस्या से। दृश्य लगभग हर बार एक जैसा होता है। लोग तुरंत इकट्ठा हो जाते हैं, चारों तरफ़ चिंतित चेहरों का घेरा बन जाता है। सभी मदद करना चाहते हैं, हाथ काँपते हैं, दिल तेज़ धड़कता है, पर किसी को यह नहीं पता होता कि सहायता कैसे दी जाए। कोई पानी पिलाने की कोशिश करता है, कोई गाल थपथपाता है, कोई घबराकर मोबाइल निकालकर एम्बुलेंस बुलाता है। नीयत सबकी अच्छी होती है, लेकिन 'गोल्डन मिनट्स'कृवे कीमती शुरुआती मिनट जिनमें जीवन बचाया जा सकता है–धीरे–धीरे खिसकते जाते हैं। और अक्सर, जब तक चिकित्सा सहायता पहुँचती है, तब तक जीवन उस व्यक्ति से दूर जा चुका होता है।



ऐसे अनगिनत उदाहरण यह दिखा देते हैं कि समस्या चिकित्सा संसाधनों की कमी नहीं, बल्कि नागरिकों के पास जीवनरक्षक कौशल न होने की है। और हर बार यह संकेत देती है कि अब तैयारी बदलनी होगी। जब मदद सामने ही मौजूद हो, तो किसी को इंतज़ार में क्यों मरना पड़े? यही प्रश्न इस अभियान की शुरुआत बना और इसी प्रश्न से जन्म हुआ जिले के साहसिक स्वप्न का जीवनरक्षकों का जिला। यह वह पहल है जब एक जिला कहता है–देखना पर्याप्त नहीं अब हम मदद करना सीखेंगे। क्योंकि देखने वाले बहुत हैं, लेकिन जीवन बचाने वाले बहुत कम और अब बागपत यह अंतर समाप्त करना चाहता है। भारत में हर वर्ष लाखों लोग कार्डियक अरेस्ट का शिकार होते हैं। 80प्रतिशत मामलों में यह अस्पताल के बाहर होता है। विश्व स्तर पर जहां CPR सीखने वालों की संख्या 40प्रतिशत–60प्रतिशत तक होती है, वहीं भारत में यह संख्या 2प्रतिशत से भी कम दर्ज की गई है। भारत में हर साल लाखों हृदयगति रुकने की घटनाएँ दर्ज होती हैं, जिनमें से अधिकांश इसलिए जानलेवा बनती हैं क्योंकि वहाँ खड़े लोग सिर्फ़ दर्शक रह जाते हैं–जीवनरक्षक नहीं बन पाते। यह संकट केवल किसी एक जिले, किसी एक शहर या किसी एक स्थिति का नहीं, बल्कि पूरे देश का है। सड़क हादसे में मरने वाले लोगों में से लगभग 30प्रतिशत समय पर प्राथमिक उपचार न मिलने के कारण दम तोड़ देते हैं।

बच्चों और बुजुर्गों में बीवा. पदह, साँस रुकना और अचानक गिरने के मामलों में अगर पहले पाँच मिनट में सहायता मिले, तो जीवित रहने की संभावना पाँच गुना तक बढ़ सकती है। लेकिन यथार्थ यह है कि औसत भारतीय नागरिक को प्राथमिक उपचार तक की जानकारी नहीं होती। इसके लिए जिला प्रशासन ने एक व्यापक सर्वे कराया। परिणाम चौंकाने वाले थे। बड़ी संख्या में आबादी ने कभी फर्स्ट–एड प्रशिक्षण नहीं लिया था। अधिकांश, आशा–आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, युवाओं ने केवल किताबों में जीवनरक्षक तकनीकें पढ़ी थीं, अभ्यास कभी नहीं किया। यह भी पाया गया कि ग्रामीण क्षेत्रों में प्रशिक्षण की कमी के कारण मौत का जोखिम 40प्रतिशत तक बढ़ जाता है। ऐसे में यह पूरी तरह से नागरिकों पर निर्भर है कि वे उस महत्वपूर्ण समय में सही प्रतिक्रिया दें या नहीं।

आँकड़ों ने यह साफ कर दिया कि भारत में हम बच्चों को गणित सिखाते हैं, लेकिन जीवन बचाना नहीं( हम लोगों को करियर के लिए तैयार करते हैं, लेकिन संकटों के लिए नहीं( और हम समाज को शिक्षित तो करते हैं, पर उसे तत्पर नहीं बनाते। इसी चुनौती को स्वीकार करते हुए बागपत ने यूपी की पहली Lifesaver Registryß तैयार करने की दिशा में काम शुरू किया – एक ऐसी व्यवस्था जहाँ हर प्रशिक्षित नागरिक की जानकारी दर्ज होगी और जहाँ साधारण लोग आपात स्थिति में असाधारण काम कर सकेंगे।

इस रजिस्ट्री का लक्ष्य है। पहले चरण में 10,000 से अधिक प्रशिक्षित नागरिक और आगे चलकर 50,000+ जीवनरक्षक नागरिक तैयार करना, जो किसी भी कोने में हों। बागपत, दिल्ली, मेरठ या देश के किसी शहर में–वे हर जगह जीवन बचाने की तैयारी लेकर चलेंगे। इस अवसर पर इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी बागपत के चैयरमैन पंकज गुप्ता, कार्यक्रम समन्वयक मयंक गोयल, स्वास्थ्य विभाग से सीएमओ डा.तीरथ लाल, डा. विभाष राजपूत, विद्यालय से डा. वंदना, अंकुर सहित अन्य मौजूद रहे।

## फार्म हाउस के बाहर खड़ी कार में संदिग्ध परिस्थितियों में लगी आग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** सिंघावली अहीर थाना क्षेत्र के डोला गांव स्थित रॉयल फार्म हाउस के बाहर खड़ी एक कार में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। अचानक लगी आग से मौके पर अफरा–तफरी मच गई।

स्थानीय लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक कार का करीब 60 प्रतिशत हिस्सा जलकर राख हो चुका था। आग बुझने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली। कार मालिक अरुण ने बताया कि वे एक शादी समारोह में शामिल होने आए थे और अपनी गाड़ी मैरिज हॉल के बाहर खड़ी की थी। कुछ देर बाद शोर सुनकर बाहर आए तो कार में आग लगी हुई देखी। अरुण ने आरोप लगाया कि उनकी गाड़ी में असामाजिक तत्वों द्वारा आग लगाई गई है, यह किसी तकनीकी खराबी से लगी आग नहीं है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जांच शुरू कर दी है। थाना पुलिस का कहना है कि मामले की पड़ताल की जा रही है और आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## राजकीय कन्या इंटर कॉलेज में हुआ ऐतिहासिक अभियान का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** इससे पूरे जिले की प्रतिक्रिया–क्षमता का वैज्ञानिक आंकलन किया जा सकेगा और समय के साथ इसे मजबूत किया जाएगा। इस ऐतिहासिक अभियान का शुभारंभ राजकीय कन्या इंटर कॉलेज में हुआ। प्रशिक्षित अधिका. रियों ने जैसे ही छात्रों से पूछा कि ब्व्ट का अभ्यास कौन करेगा, जिला. धिकारी अस्मिता लाल ने स्वयं आगे बढ़कर लाइव CPR का अभ्यास किया। जिलाधिकारी को देखकर छात्राओं की झिझक खत्म हो गई और कार्यक्रम के बाद सैकड़ों छात्राओं ने मैनिकिन पर CPR का अभ्यास किया। इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के सहायक आयुक्त गोल्ड मेडलिस्ट फर्स्ट एड ट्रेनर एवं जीवन रक्षक पदक विजेता डा. अरुण कुमार ने वॉलंटियर अमन कुमार की सहायता से सीपीआर का प्रशिक्षण दिया एवं सभी बिंदुओं पर विस्तार से जानकारी दी। CPR की प्रक्रिया, हाथों की स्थिति, चेस्ट कम्प्रेशन की गहराई, गति (100–120 compressions प्रति मिनट), choking में राहत देने की विधि और इमरजेंसी रिस्पॉन्स के बुनियादी सिद्धांतों को बेहद सरल भाषा में समझाया। वरिष्ठ पत्रकार कमलकांत घोष ने अपनी व्यक्तिगत पीड़ा साझा की। उनके प्रियजन की मौत सिर्फ़ इसलिए हुई क्योंकि उस समय मौजूद भीड़ को CPR नहीं आती थी। उनका यह वाक्य–अगर वहाँ खड़े सौ लोगों में से किसी एक को भी CPR आती, तो शायद वह आज जीवित होते कृने हर व्यक्ति को यह समझा दिया कि CPR केवल कौशल नहीं–एक मानवीय जिम्मेदारी है।

## हर घर में हो कम से कम एक जीवनरक्षक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जिलाधिकारी ने कहा कि इस अभियान का लक्ष्य दर्शक मानसिकता को बदलना है। अब लोग केवल देखेंगे नहीं मदद भी करेंगे। यह अभियान नागरिकों के भीतर बसे जिम्मेदार नागरिक को अभिव्यक्ति का अवसर देगा।

सभी नागरिक सीपीआर को एक लाइ स्किल के रूप में सीखेंगे और स्कूल, बाजार, सार्वजनिक स्थानों पर इमरजेंसी स्थिति में तुरंत पीड़ित व्यक्ति को मदद कर जान बचाएंगे। सीपीआर तकनीक में किसी दवाएगों की जरूरत नहीं होती बल्कि यह एक आसान अभ्यास है। कार्यक्रम के दौरान संयुक्त राष्ट्र की आपदा–आधारित डॉक्यूमेंट्री दिखाई गई, जिसमें आग, भूकंप, सड़क हादसे, भवन ढहने जैसी परिस्थितियों में घबराए बिना तुरंत प्रतिक्रिया कैसे दी जाए, यह सिखाया गया।

जिला प्रशासन ने आगे की विस्तृत योजना भी तैयार की है। सीएचसी बागपत के अधीक्षक डा. विभाष राजपूत ने बताया कि आशा– आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, पंचायत प्रतिनिधियों, माय भारत स्वयंसेवकों, स्काउट– गाइड इकाइयों, एनसीसी, यूथ क्लब और स्वयंसेवी संगठनों को भी प्रशिक्षण दिया जाएगा ताकि यह कौशल घर–घर पहुँच सके।

इस अभियान की खास बात यह भी है कि इसमें कोई आयु सीमा नहीं ह–12 वर्ष के बच्चे से लेकर 70 वर्ष के बुजुर्ग तक सभी प्रशिक्षण ले सकते हैं।

इससे हर वर्ग, हर क्षेत्र और हर समुदाय इस सुरक्षा–चक्र का हिस्सा बनेगा।

## एक नजर

### दुर्घटना के बाद मदद मिलने में होने वाली देरी होगी कम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** इस पहल से आने वाले समय में कई बड़ी समस्याओं का समाधान होगा। दुर्घटना के बाद मदद मिलने में होने वाली देरी कम होगी। दिल का दौरा और कार्डियक अरेस्ट में जीवन बचाने की बेहद कम दर में सुधार होगा। भीड़ का केवल खड़े होकर देखना और वीडियो बनाना जैसी सामाजिक प्रवृत्तियाँ बदलेंगी। प्राथमिक उपचार के अभाव में बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं की अनावश्यक मौतें कम होंगी। आपात स्थितियों में घबराहट और भ्रम की जगह एक प्रशिक्षित, शांत और तैयार प्रतिक्रिया विकसित होगी। और सबसे महत्वपूर्ण–समुदाय में मदद की संस्कृति को मजबूती मिलेगी, जो आज तेज़ी से कमजोर पड़ रही है। इस अभियान से जो परिवर्तन होंगे, वे केवल कौशल तक सीमित नहीं रहेंगे। नागरिकों में आत्मविश्वास बढ़ेगा। समुदाय घबराएगा नहीं–तत्पर रहेगा। भीड़ अब दर्शक नहीं, सहयोगी बनेगी। घर–घर में जीवन–बचाने वाले कौशल पहुँचेंगे। आपातकाल का जवाब तेज़, प्रभावी और संगठित होगा। इससे सामाजिक ताने–बाने में वह भरोसा लौटेगा, जहाँ लोग एक–दूसरे के लिए खड़े होते हैं। और सबसे अनोखी बात यह है कि यह आंदोलन बागपत तक सीमित नहीं है। जो भी नागरिक यहाँ प्रशिक्षण लेगा, वह जहाँ भी जाएगा। दिल्ली, गुजरात, उत्तराखंड, महाराष्ट्र, बेंगलुरु–वह हर जगह जीवन बचाने की क्षमता अपने साथ ले जाएगा। यही इस पहल की सबसे बड़ी ताकत है। यह किसी भूगोल की सीमा में बंधी नहीं–यह एक मानसिकता का निर्माण है। यह लोगों को भीड़ से अलग करता है–क्योंकि जहाँ भी वे होंगे, वहाँ वे केवल दर्शक नहीं, बल्कि पहले उत्तरदाता होंगे। यह अभियान नागरिकों को crowd&watcher ugha- cfYd Þnation&ready lifesaver बनाता है। यह अभियान अपनी तय गति से आगे बढ़ एक वर्ष में 50,000 से अधिक प्रशिक्षित नागरिक तैयार करेगा–जो उत्तर प्रदेश ही नहीं, पूरे देश के लिए एक उदाहरण बनेंगे। जैसे स्वच्छता, टीकाकरण और शिक्षा अभियानों ने भारत की सोच बदली, वैसे ही यह पहल नागरिक–कर्तव्य, संवेदनशीलता और सामुदायिक तत्परता की नई संस्कृति स्थापित अब बागपत न सिर्फ़ जीवनरक्षकों का जिला कहलाएगा, बल्कि यह देश को यह दिखाएगा कि एक जिले की दृढ़ इच्छाशक्ति कैसे पूरे समाज की सोच बदल सकती है। यह कहानी बागपत की है, लेकिन इसका संदेश पूरे भारत का है। जहाँ नागरिक केवल देखने नहीं, बल्कि जीवन बचाने के लिए आगे बढ़ते है। वहीं से एक नया भारत शुरू होता है।

## अज्ञात व्यक्तियों द्वारा ट्रैक पर रखा गया पाइप, ट्रेन को इमरजेंसी ब्रेक लगाकर रोका

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** बड़ौत कोतवाली क्षेत्र में रेलवे ट्रैक पर 10 फीट लंबा लोहे का पाइप मिलने से एक बड़ी रेल दुर्घटना टल गई। अज्ञात व्यक्तियों द्वारा ट्रैक पर पाइप रखे जाने के बाद ट्रेन को इमरजेंसी ब्रेक लगाकर रोका गया। पुलिस और रेलवे विभाग ने मामले की जांच शुरू कर दी है।



यह घटना कासिमपुर खेड़ी गांव के समीप रेलवे ट्रैक पर हुई। पाइप ट्रैक पर रखे होने की सूचना मिलते ही अधिकारियों ने तत्काल कार्रवाई करते हुए ट्रेन को रुकवाया। यदि ट्रेन पाइप से टकराती तो एक गंभीर हादसा हो सकता था, जिसमें ट्रेन के पलटने का भी खतरा था। सूचना मिलते ही पुलिस कर्मचारी और रेलवे विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने पूरे मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है कि आखिर यह पाइप किसने और किस उद्देश्य से पटरी पर रखा था। बड़ौत कोतवाली में अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। स्टेशन मास्टर शशि भूषण की तहरीर के आधार पर यह मुकदमा पंजीकृत किया गया है। उन्होंने अपने प्रार्थना पत्र में बताया कि इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन को रोका गया, जिससे एक संभावित बड़ी दुर्घटना को टाला जा सका। अधिक. ारी फिलहाल इस घटना की गहनता से जांच कर रहे हैं।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से सब्जी विक्रेता की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** बड़ौत–मेरठ मार्ग पर दादरी गांव के सामने बुधवार देर रात एक अज्ञात वाहन की टक्कर से 55 वर्षीय सब्जी विक्रेता रामकुमार कश्यप की मौत हो गई। रामकुमार मूल रूप से बरवाला गांव के निवासी थे।

रामकुमार कश्यप पिछले 20 वर्षों से अपनी पत्नी धर्मबीरी, पुत्र दर्शन और पुत्री डोली के साथ अपनी ससुराल पुरानी दादरी गांव में रह रहे थे। वे बाइक के रहड़े पर सब्जी बेचने का काम करते थे। बुधवार रात करीब 7 बजे वे किसी काम से पैदल ही बिनौली जा रहे थे। बड़ौत–मेरठ मार्ग पर पहुंचते ही पीछे से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर लगने से रामकुमार लहूलुहान होकर सड़क पर गिर गए, जबकि वाहन चालक मौके से फरार हो गया। राहगीरों ने उन्हें सड़क पर पड़ा देखकर दादरी गांव में सूचना दी। इसके बाद उनके साले सुभाष, राम. निवास, अंकुल और अन्य ग्रामीण मौके पर पहुंचे। उन्होंने एंबुलेंस बुलाकर रामकुमार को सीएचसी बिनौली पहुंचाया।

चिकित्सकों ने उनकी गंभीर हालत को देखते हुए मेरठ रेफर कर दिया, लेकिन मेरठ ले जाते समय रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। रामकुमार के शव को दादरी गांव लाया गया और उनके बरवाला स्थित परिवार को सूचना दी गई। सूचना मिलने पर मृतक के भाई देशपाल और अन्य परिजन दादरी पहुंचे। वे शव को बरवाला गांव ले गए, जहां उनका अंतिम संस्कार किया गया। इस संबंध में थाना प्रभारी राकेश कुमार शर्मा ने बताया कि अभी तक थाने में कोई तहरीर नहीं दी गई है। तहरीर मिलने पर जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## कांग्रेस पुराने मुद्दों को उखाड़ने का करेगी काम

**शाह टाइम्सस संवाददाता**

**बडौत।** कांग्रेस पार्टी कार्यालय पर अध्यक्ष रामहरि पवार ने प्रेस वार्ता करते हुए कहा कि आगामी 14 दिसंबर को कांग्रेस पार्टी की रामल. ीला मैदान दिल्ली में होने वाली वोट चोर गद्दी छोड़ महारेली राहुल गांधी के नेतृत्व में की जाएगी जिसको सफल बनाने के लिए कांग्रेसी एकजुट होकर रैली को सफल बनाने का कार्य करेंगे। नगर से भारी संख्या में कांग्रेसी महा रैली में पहुंचेंगे। इसके लिए कांग्रेसियों ने शहर में जगह बैठक करके कांग्रे. सियों को एकजुट करने का आवाह्न कर दिया है। अब कांग्रेसी के साथ गांव देहात शहर तक के पुराने कांग्रेसी भी एकजुट होने लगे हैं। कांग्रेस यह एसी मात्र पार्टी है जो सबको एक साथ लेकर चलने का काम करती है। कांग्रेस में सब का हित है अब कांग्रेस पुराने मुद्दों को उखाड़ने का काम करेगी। भाजपा चुनावी मुद्दे भूल गई है जो वादा जनता से किया था। सभी वादे भाजपा मुखर रही है। कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रामहरि पवार अपने शहर कांग्रेस पार्टी कार्यालय पर पार्टी कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों के साथ प्रेस वार्ता कर रहे थे।



## अंश राणा ने रजत पदक जीतकर जनपद का किया नाम रोशन

**शाह टाइम्सस संवाददाता**

**बडौत।** ओम साई शूटिंग अकादमी के निशानेबाज अंश राणा ने 69वी नेशनल स्कूल गेम्स शूटिंग प्रतियोगिता में प्रदेश के इंदौर में जनपद का प्रतिनिधित्व करते हुए रजत पदक पर अपना सटीक निशाना लगाकर कब्जा जमाया और जनपद का नाम रोशन किया। लगातार जनपद के निशानेबाज देश–विदेश में अपना नाम रोशन कर रहे हैं। जनपद की मिट्टी में जन्मे ऐसे होनहार छात्रों का जगह–जगह स्वागत किया जा रहा है। इससे पूर्व में भी दर्जन पर छात्र निशानेबाजी में जनपद का नाम रोशन कर चुके हैं। उनकी इस उपलब्धि पर साई शूटिंग अकादमी के निशानेबाजों में खुशी की लहर दौड़ गई। विजेता अंश राणा के एकेडमी पहुंचने पर स्वागत किया जाएगा। ओम साई शूटिंग अकादमी के कोच विकास कुमार ने इनके उज्जवल भविष्य की कामना की और ऐसे ही कड़ी मेहनत कर देश का नाम रोशन करने के लिए भी प्रेरित किया। इस शुभ अवसर पर संकित कश्यप शिवम मान अनीता नैन, नैन्सी तुषीर, आयुषी तोमर, वाशु तोमर कर्ण, वंश कश्यप, विकाश कुमारी, समीर चौधरी, सुंद. रम पांचाल, गोपाल कश्यप, शाहरुख खान, लव तोमर, एलेक्स, मयंक खोखर, आशीष खोखर, गगन शर्मा आदि ने मिठाई खिला कर खुशियां मनाई।



## लोयन मलकपुर गांव के लोगों की पंचायत आयोजित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के लोयन मलकपुर गांव के लोगों की एक पंचायत आयोजित की गई। पंचायत में मलकपुर चीनी मिल से निकले नाले के दूषित पानी की समस्या को लेकर ग्रामीणों ने धरना दिया। समस्या का समाधान नहीं होने पर महापंचायत बुलाने का भी निर्णय लिया। पंचायत में चीनी मिल के खिलाफ आंदोलन की रणनीति बनाने पर भी बल दिया। पंचायत में ग्रामीणों ने कहा कि मलकपुर चीनी मिल से दूषित पानी की वजह से गांव में संक्रामक बीमारी फैलने का भी खतरा बना हुआ है। इसके लिए लगातार धरने प्रदर्शन भी किए गए, मगर आज तक इस समस्या का समाधान नहीं हो पाया। पंचायत में ग्रामीणों ने बताया कि गांव से निकल रहे। नाले के पानी से दुर्गंध आती है। वहां आने–जाने में लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। हैंडपंपों का पानी भी प्रदूषित होने लगा है। इस मुद्दे को लेकर एशिया चैंपियन सुभाष पहलवान ने कहा कि अगर समस्या का समाधान नहीं किया गया तो इसी नाले में खड़े होकर आंदोलन की रूपरेखा बनाते हुए वह खुद जल समाधि लेने को भी तैयार है। इस मौके पर दीपक तोमर समाजसेवी अश्वनी कुमार एडवोकेट टिनु प्रधान निशांत तोमर विक्रांत तोमर, छपरौली चौयरमेन धर्मेंद्र खोखर अर्जुन तोमर राजीव तोमर विजय हिंदुस्तानी रमेश चौधरी धर्मपाल सिंह अंकुश हिलवाडी सौरभ तोमर विक्रांत चौधरी के अलावा भारी संख्या में पंचायत में लोगों ने भाग लिया।

## श्रद्धालुओं द्वारा केवल ज्ञान कल्याणक महोत्सव मनाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** दिगंबर जैन मंदिर कमेटी के तत्वावधान में दिगंबर जैन कॉलेज ए फील्ड में पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव के पांचवें दिन जैन श्रद्धालुओं द्वारा केवल ज्ञान कल्याणक महोत्सव मनाया गया।

सोधर्म इंद्र सौरभ जैन के नेतृत्व में कुबेर इंद्र सिद्धार्थ जैन, यज्ञनायक प्रभात जैन, ईशान इंद्र राजीव जैन, सनत इंद्र सतीश जैन, महेंद्र इंद्र अशोक जैन आदि इन्द्रगणों ने भक्ति भाव से आदिनाथ भगवान एवं चौबीसों भगवान की प्रतिमा का अभिषेक किया एवं शांतिधारा की। इस अवसर पर सभी इंद्र इंद्रियों द्वारा भाव विभोर होकर नृत्य किया गया। इसके बाद सभी श्रद्धालुओं ने अष्ट द्रव्यों से विधि विधान पूर्वक आदिनाथ भगवान की पूजन की। नाटकीय प्रस्तुति के माध्यम से दिखाया गया कि भगवान आदिनाथ ने दीक्षा के बाद एक वर्ष तक बिना अन्न जल के घोर तपस्या की। वर्षी तप के बाद राजा श्रेयांस ने गन्ने के रस से उनका पारणा कराया। नगर में सभी ने प्रतीक रूप में आदिनाथ भगवान को गन्ने के रस से पारणा कराया और गन्ने के रस का प्रसाद प्राप्त किया। राजा श्रेयांस बनने का सौभाग्य विशाल जैन सुपुत्र सुभाष चंद जैन खाद वालो को प्राप्त हुआ। एक हजार वर्षों की कठिन तपस्या के बाद आदिनाथ भगवान को केवल ज्ञान प्राप्त हुआ। पंडित हंसमुख राय के निर्देशन में केवलज्ञान कल्याणक की सभी क्रियाएं संपन्न कराई गई। इस अवसर पर संगीतकार रामकुमार भोपाल ने जैन भजनो की सुंदर प्रस्तुति दी। पंच कल्याणक के मध्य प्रवचन देते हुए आचार्य सौरभ सागर जी महाराज ने कहा कि केवलज्ञान तीन लोक के, तीनों कालों के, समस्त वस्तुओं को एक साथ एक समय में जानने व देखने में सक्षम है।

## दिन और रात के तापमान में बड़े अंतर से बढ़ रही बीमारियां

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** बदलते मौसम के कारण लोगों को स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। दिन और रात के तापमान में बड़े अंतर से बीमारियां बढ़ रही हैं, जिससे विशेषकर बच्चों और बुजुर्गों को परेशानी हो रही है।



जिले में दिन का तापमान लगभग 24 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता है, जबकि रात में यह गिरकर 8 डिग्री सेल्सियस तक आ जाता है। दिन में गर्मी और रात में ठंड के कारण लोग बीमार पड़ रहे हैं। जिला अस्पताल में प्रतिदिन 700 से अधिक ओपीडी दर्ज की जा रही हैं।

इनमें सबसे अधिक मरीज बुखार, जुकाम और त्वचा संबंधी समस्याओं के साथ पहुंच रहे हैं। मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए जिला अस्पताल में अतिरिक्त डॉक्टरों की तैनाती की गई है और उनकी विशेष देखभाल सुनिश्चित की जा रही है।

बदलते मौसम को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने एक एडवाइजरी जारी की है। इसमें बच्चों और बुजुर्गों को अपनी सेहत का विशेष ध्यान रखने और पौष्टिक आहार लेने की सलाह दी गई है।

सीएमएस अनुराग वैष्णव ने लोगों से अपने स्वास्थ्य का ख्याल रखने, सर्दी से बचाव करने और पूरी बाजू के कपड़े पहनने की अपील की है। उन्होंने किसी भी तरह की स्वास्थ्य परेशानी होने पर तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जाकर उपचार कराने की सलाह दी है। इसके अतिरिक्त, लोगों को आवश्यकता पड़ने पर ही रात में घर से बाहर निकलने और मास्क पहनने की भी सलाह दी गई है।

## रैंकिंग खराब करने वाले अधिकारियों को कार्यशैली में सुधार के दिए सख्त निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जनपद में सरकारी योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुँचाने के लिए जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में सीएम डैशबोर्ड से संबंधित विकास कार्यों की कड़ी समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। रैंकिंग खराब करने वाले अधिका. रियों को कार्यशैली में तत्काल सुधार लाने के निर्देश जारी किए गए। नवंबर माह की रैंकिंग में कई विभागों की रैंकिंग संतोषजनक नहीं रही। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को कहा कि वे स्वयं स्थलीय निरीक्षण करें, लाभार्थियों और शिकायतकर्ताओं से नियमित फीडबैक लें और कार्यों में तेजी और पारदर्शिता सुनिश्चित करें। उन्होंने चेतावनी दी कि अगले एक माह के भीतर रैंकिंग में सुधार न होने पर जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

# किठौर में पुलिस-पशु चोरों की मुठभेड़

## दो आरोपियों के पैर में लगी पुलिस की गोली, घायलों समेत चार गिरफ्तार, चोरी की भैंस बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** मेरठ के किठौर थाना क्षेत्र में देर रात पुलिस और पशु चोरों के बीच मुठभेड़ हो गई। इस दौरान दो पशु चोर पैर में गोली लगने से घायल हो गए। पुलिस ने घायलों सहित कुल चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह मुठभेड़ असीलपुर में 27 नवंबर को हुई पशु चोरी की घटना में शामिल गिरोह से हुई। एसपी देहात अभिजीत कुमार ने बताया कि किठौर पुलिस सायफन चौकी क्षेत्र में नियमित चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान पुलिस ने असीलपुर गांव में हुई पशु चोरी की घटना में वांछित चार आरोपियों को पकड़ा। किठौर सीओ प्रमोद कुमार, थाना प्रभारी प्रताप सिंह और अन्य पुलिसकर्मी जब आरो. पियों से चोरी में प्रयुक्त उपकरण और तमंचे बरामद कर रहे थे तभी चोरों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में दो चोरों के पैर में गोली लगी। घायल चोरों की पहचान साजिद पुत्र वसीरूद्दीन निवासी नई बस्ती शाहजहांपुर, थाना किठौर और इमरान पुत्र रहीसुल निवासी ग्राम ललियाना, थाना किठौर के रूप में हुई है। पुलिस ने मौके से दो अन्य आरोपी फुरकान पुत्र शमसुद्दीन और साजिद पुत्र



उम्मेद निवासीगण ग्राम ललियाना को भी गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से चोरी की गई एक भैंस और एक कटिया बरामद की गई है। इसके अलावा घटना में प्रयुक्त गाड़ी, दो तमंचे, दो खोखा कारतूस, रस्सी, डंडे और एक चाकू भी पुलिस ने जब्त किया है। घायल चोरों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



# लोकसभा सांसद हरेंद्र मलिक ने उठाई दौराला-सकौती में ट्रेन स्टॉपेज की मांग

**कोरोना काल में बंद हुए रेलवे स्टॉपेज को खुलवाने के लिए संसद में उठी मांग**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मुजफ्फरनगर से लोकसभा सांसद हरेंद्र मलिक ने संसद भवन में अपनी लोक सभा क्षेत्र में आने वाले उन स्टॉपेज को फिर से खोलने की मांग की है जिन्हें कोरोना काल में बंद किया गया था। हरेंद्र मलिक ने दौराला, सकौती खतौली के बंद स्टॉपेज को खुलवाने के लिए रेल मंत्री से आग्रह किया है। हरेंद्र मलिक ने लोकसभा में बोलते हुए कहा कि उन्होंने पूर्व में भी कई बार आग्रह किया है मगर अभी तक लोगों की समस्या का समाधान नहीं हुआ है। उन्होंने लोकसभा स्पीकर और रेल मंत्री से इस और ध्यान आकर्षित करने का आग्रह किया और कहा कि पनीपन से मुजफ्फरनगर के बीच भी रेलवे लाइन बिछाई जाए। उन्होंने कहा कि इस का सर्वे भी हो चुका है और डीपीआर भी बनाई गई थी लेकिन आज तक कुछ नहीं हुआ यह उनकी पुरानी मांग है। उन्होंने रेल मंत्री का ध्यान आकर्षित करते हुए उनसे कहा कि वह लोगों की समस्या को देखते हुए उनका समाधान करें। उन्होंने कहा कि अगर बंद स्टॉपेज खुलेंगे तो लोगों को रोजगार मिलेगा। रोजी रोटी को लेकर स्टॉपेज जरूर खुलना जरूरी है। इस दौरान सांसद हरेंद्र मलिक ने क्षेत्र से जुड़े कई अहम मुद्दे भी लोकसभा में उठाए।




# पूर्व विधायक संगीत सोम ने किया गोशाला में टीन शेड का उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** सरधना से भाजपा ने पूर्व विधायक ठा. संगीत सोम ने मंडी समिति स्थित गौशाला में टीन शेड का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि सभी सनातियों की जिम्मेदारी है कि गोवंश की देखभाल अच्छी तरह से करनी चाहिए।

बुधवार सुबह बिनौली रोड स्थित मंडी परिसर में स्थित गौशाला में टीन शेड के उद्घाटन के मौके पर पहुंचे पूर्व भाजपा विधायक ठा. संगीत सोम ने फीता काटकर उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने अपनों हाथों से गोवंशों को गुड़ व चारा खिलाते हुए कहा कि गोवंशों की सेवा करना सभी सनातियों का फर्ज है। सभी को इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चााहिए। इस दौरान विना. ेद जैन, आलोक जैन, नीटू प्रधान, पुरूषोतम बंसल, राजीव जैन, संतराम सैनी, विमला अरोरा, महबूब फरीदी आदि मौजूद रहे।





### ई-रिक्शा की टक्कर से बच्ची घायल, उपचार के दौरान हुई मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** तीन दिन पूर्व जानी थाना क्षेत्र के गांव में एक ई रिक्शा चालक ने बच्ची को टक्कर मार दी जिसमें बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई जहां बच्ची को पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया लेकिन तीन दिन बाद बच्ची की उपचार के दौरान मौत हो गई। पीड़ित की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया। जानी थाना क्षेत्र के गांव पाचली खुर्द में तीन दिन पूर्व घर के बाहर खेल रही अमायरा पुत्री गुलजार निवासी किठोली को एक ई रिक्शा ने टक्कर मार दी जिससे बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई। बच्ची को पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया। तीन दिन बाद बच्ची की उपचार के दौरान मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और आरोपी की तलाश में जुट गई। बच्ची की मौत की खबर सुनते ही परिवार वालों में कोहराम मच गया। वहीं ग्रामीणों ने ई रिक्शा चालकों पर कार्रवाई की बात कही। बात दें कि जानी क्षेत्र में ई-रिक्शा बेलगाम होकर तेज गति से दौड़ रहे हैं जिससे आए दिन हादसे होते रहते हैं।

# गंदगी व जलभराव से परेशान किला खेवान के लोग

**नगर पालिका से कई बार की जा चुकी है शिकायत**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** नगर के मोहल्ला किला खेवान के लोग नगर पालिका की लापरवाही का दंश झेलने को मजबूर है। कई बार शिकायत के बावजूद गंदगी व जलभराव की समस्या से निजात नहीं मिल पा रही है। वार्ड के लोगों ने मामले की शिकायत उच्च अधिकारियों से करने की बात कही है। किला खेवान के रहने वाले शमशाद, अल्ताफ, महबात, आफताब, दिलशाद, शान आलम आदि का कहना कि धार्मिक स्थल की तरफ जाने वाले रास्ते पर गंदगी व जलभराव रहता है जिसके बारे में कई बार नगर पालिका परिषद को अवगत कराया जा चुका है लेकिन समाधान करने के बजाय नगर पालिका सुनने का तैयार नहीं है। लोगों का आरोप है चेयमरैन से व्यक्तिगत तौर पर भी मामले के बारे में कहा जा चुका है लेकिन पालिका निजात दिलाने को तैयार नहीं है। इस बारे में ईओ दीपिका शुक्ला का कहना है कि जल्द ही मामले का निस्तारण करा दिया जाएगा।



सरधना के मोहल्ला किला खेवान में जलभराव के बीच से गुजरते स्कूली बच्चे।

# कोरोना काल में रोके गए 18 महीने के डीए का भुगतान करने की मांग




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सेवानिवृत्ति डिप्लोमा इंजीनियर्स कल्याण संघ के पदा. धिकारी ने गुरुवार को एक ज्ञापन कमिश्नर को सौंपा। ज्ञापन में उनका कहना था कि डिप्लोमा इंजीनियर को सरकारों द्वारा दरकिनार किया जा रहा है वह अपनी मांगों को लेकर कई बार ज्ञापन दे चुके हैं लेकिन उनकी समस्या का आज तक समाधान नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि आठवें वेतन आयोग के विषय में पेंशनरों के हित सुरक्षित रखे जाएं, कोरोना कल में रोके गए 18 माह के वेतन का भुगतान कराया जाए, पेंशनर से वसूली 15 वर्षों तक की जाती है यह वसूली 10 वर्ष 11 माह में पूर्ण हो जाती है इस वसूली की अवधि को कम किया जाए। इसके अलावा उन्होंने मांग की है कि सेवानिवृत्त होने के उपरांत 65 वर्ष पर पांच प्रतिशत, 70 वर्ष पर 10 प्रतिशत और 75 वर्ष पर 15 प्रतिशत अतिरिक्त पेंशन दी जाए। इस दौरान भगवान शर्मा, वीएस तेवतिया, आरके गोयल, ए.के कौशिक आदि मौजूद रहे।

# 'सप्तशक्ति संगम' कार्यक्रम का हुआ आयोजन

## महिला सशक्तिकरण को चलाई जा रही विभिन्न सरकारी योजनाओं की विस्तारपूर्वक दी गई जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** नगर में स्थित जवत्री देवी सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय प्रांगण में 'सप्तशक्ति संगम' कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य समृद्ध भारत के लिए महिलाओं में सप्तशक्ति (श्री वाक स्मृति, मेधा, श्रुति, क्षमा कीर्ति) को जागृत करना है। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पूनम बिश्नोई व मिशन शक्ति केंद्र की प्रभारी साक्षी शर्मा रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता सभासद कुसुमलता बिश्नोई आदि मुख्य अतिथियों ने सर्वप्रथम मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके कार्यक्रम का आरंभ किया।

मिशन शक्ति केंद्र की प्रभारी साक्षी शर्मा ने महिला सशक्तिकरण हेतु चलाई जा रही विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए महिला हेल्पलाइन के बारे में विस्तार से बताया। चित्रा बिश्नोई ने परिवार प्रबोधन पर जोर देते हुए पारिवारिक एकजुटता पर प्रकाश डाला। पूनम बिश्नोई ने कहां कि नारी शक्ति अपने आप को पहचानते हुए स्वावलंबी




बनने पर जोर दिया, साथ ही महारानी अहिल्याबाई होल्कर व रानी लक्ष्मीबाई आदि के उदाहरण देते हुए अपने परिवार को एकजुट रखने पर जोर दिया। अपने बच्चों को वीर, साहसी एवं दयालु बनाने के साथ साथ पर्यावरण रक्षा तथा परिवार प्रबोधन आदि विषयों को सरल भाषा में समझाया।

विद्यालय की छात्राओं ने भारतीय संस्कृति, समाज को अपने जीवन चरित्र से दिशा देने व राष्ट्र की सुरक्षा हेतु अपना जीवन समर्पित करने वाली प्रेरणादाई वीरांगनाओं रानी लक्ष्मीबाई, रानी अहिल्याबाई होलकर, मां सरस्वती वं भारत माता की वेशभूषा धारण करके उनके प्रेरणादायक संदेशों की प्रस्तुति की।

उक्त कार्यक्रम 'सप्तशती संगम' की पूर्ण व्यवस्था विद्यालय की कार्यक्रम संयोजक रीता बिश्नोई के नेतृत्व में की गई थी। कार्यक्रम का संचालन स्वाति बिश्नोई ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुसुमलता बिश्नोई ने की है कार्यक्रम के सुंदर आयोजन के लिए सभी का आभार व्यक्त किया। विद्यालय समिति की ओर से सभी मुख्य अतिथियों को शाल उड़ाकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम में लगभग 275 मातृशक्ति ने भाग लिया। इस दौरान महिला मोर्चा की नगर अध्यक्ष राजबाला सैनी, सुधा अग्रवाल, सभासद अनुराधा तोमर, कविता सैनी, आचार्या गुड़ियां, दीपा ,स्वाति, सारिका, पुष्पा , प्रियांशी, दीपांशी, मानसी, संजना, काजल आदि ने पूर्ण सहयोग किया।

# वक्फ सम्पत्तियों के रजिस्ट्रेशन की बढ़ाई जाए तारीखः काजी शादाब



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य काजी शादाब ने गुरुवार को पूर्व केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता मुख्तार अब्बास नकवी से नई दिल्ली स्थित उनके सरकारी आवास पर शिष्टाचार मुलाकात की एवं बुके देकर उनका सम्मान किया। इस दौरान काजी शादाब ने पूर्व केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री को अवगत कराया कि उम्मीद पोर्टल पर वक्फ संपत्तियों के पंजीकरण का कार्य समय सीमा समाप्त होने तक कुल वक्फ संपत्तियों में से लगभग 37 प्रतिशत का ही पंजीकरण हो पाया है। काजी शादाब ने मुस्लिम समाज की ओर से पूर्व केंद्रीय मंत्री से मांग की कि लाखों की संख्या में बची हुई वक्फ संपत्तियों का पंजीकरण उम्मीद पोर्टल पर करने के लिये समय सीमा बढ़ाई जाए। इस मौके पर अजहर भारती, दानिश वारसी, फिरोज अंसारी आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# मवाना पुलिस का खेल, डेढ़ साल से दर्ज मुकदमें में कार्रवाई जीरो

## कृषक पीजी कॉलेज का मामला, समिति सचिव ने तत्कालीन प्राचार्य सहित स्टाफ के चार लोगों के खिलाफ दर्ज कराई थी रिपोर्ट

**नामजद आरोपी ने जमा नहीं किए छात्रों के अभिलेख**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मवाना।** धोखाधड़ी और गबन जैसी संगीन धाराओं में डेढ़ साल पहले दर्ज हुए मुकदमें की विवेचना में शिथिलता बरतने का मवाना पुलिस ने रिकार्ड बना दिया है। मामला कृषक पीजी कॉलेज का है, जहां प्रबंध समिति सचिव ने कॉलेज के तत्कालीन प्राचार्य सहित चार लोगों के खिलाफ अप्रैल 2024 में मुकदमा दर्ज कराया था। नामजद आरोपियों ने अभिलेख कॉलेज में जमा नहीं किए, जिससे उस वर्ष के छात्रों का भविष्य अधर में लटक गया है। परेशान छात्रों ने गुरूवार को कॉलेज में हंगामा किया। उधर, कॉलेज प्राचार्य ने थाने पहुंचकर पुलिस को प्रार्थना पत्र देते हुए मुकदमें में आरोपियों की गिरतारी की मांग की है।

### यह था मामला

7 अप्रैल 2024 को कृषक पीजी कॉलेज की प्रबंध समिति सचिव अर्चना वर्मा ने तत्कालीन प्राचार्य तनुज कुमार, आशू लिपिक मनु चौधरी, लेखाकार नवीन कुमार वर्मा व हरनंदन सिंह के खिलाफ धोखाधड़ी व गबन की धाराओं में थाना मवाना में मुकदमा दर्ज कराया था। आरोप है कि आरोपियों ने मिलकर वर्ष 2018-19 सत्र की फीस का गबन किया था। इस मामले में गठित तीन सदस्यीय जांच समिति ने आरोपियों को दोषी माना था। इसके साथ ही आरोपियों ने फर्जी रसीद बुक छपवाकर समाज कल्याण विभाग प्रेषित रिकार्ड में भी हेराफेरी की।



थाना मवाना पहुंचे कृषक पीजी कॉलेज के प्राचार्य।

### विवेचना लंबित रख आरोपियों को पहुंचाया लाभ

उक्त मुकदमें को पिछले डेढ़ साल से मवाना पुलिस ने लंबित रख रखा है। विवेचना कई बार थाने में ही इधर से उधर स्थानांतरित हो चुकी है। वर्तमान में यह विवेचना इंस्पेक्टर मवाना के पास है। विवेचना को लंबित रखना सीधे तौर पर मवाना पुलिस की कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिन्ह खड़ा करता है। इससे आरोपियों को लाभ मिलने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता।

### आरोपियों ने गायब कर दिए अभिलेख

जिस साल कॉलेज में यह गड़बड़झाला हुआ, उस साल के छात्रों से संबंधित अभिलेख कॉलेज में जमा नहीं हुए और छात्रों का परीक्षा परिणाम अटक गया। इससे दर्जनों छात्रों का भविष्य अधर में लटक गया है। परेशान छात्रों ने गुरूवार को कॉलेज पहुंचकर हंगामा किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने हंगामा शांत किया। उसके बाद कॉलेज प्राचार्य डा. विमलेश मिश्रा थाना मवाना पहुंचे और आरोपियों की गिरतारी के लिए इंस्पेक्टर मवाना को प्रार्थना पत्र सौंपा। उधर, इंस्पेक्टर पूनम जादौन गिरफ्तारी को लेकर प्राचार्य को कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाई।

# बाइक चोर पकड़ा, सिवाल खास से चोरी हुई तीन बाइक बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** कस्बा सिवाल खास में में पिछले कुछ दिनों से बाईक चोरों का आतंक पनप रहा था जिससे आए दिन बाईक चोरी की घटनाएं बढ़ती जा रही थीं। कस्बा सिवाल खास निवासी हाशिम पुत्र शाहिद सागर पुत्र प्रमोद की मोटरसाइकिल चोरी हो गई थी। पुलिस ने पीड़ितों ने जानी थाने में तहरीर देते हुए मुकदमा दर्ज कराया था। सिवालखास से चोरी हो रही मोटरसाइकिल से ग्रामीण तंग आ रहे थे। इसी के चलते लगातार जानी थाना पुलिस चोरी की घटनाओं को रोकने के लिए काम कर रही थी। बुधवार की देर रात जानी थाना प्रभारी निरीक्षक अखिलेश मिश्र सिवाल खास, चौकी इंचार्ज नितिन कुमार ने मुखबिर तंत्र से जानकारी लेते हुए सिवाल खास में एक आम के बाग में जाने वाले रास्ते पर चैकिंग के दोरान एक आरोपी को चोरी की मोटरसाइकिल सहित दबोच लिया। जहां आरोपी ने पूछताछ में बताया कि वह काफी दिनों से सिवाल खास से मोटरसाइकिल चोरी कर रहा था और थाना टीपी नगर से भी उसने एक बाइक चोरी की थी। आरोपी पर करीब आधा दर्जन चोरी के मुकदमे दर्ज हैं। आरोपी की पहचान साहिल उर्फ नेचा पुत्र इकबाल कस्बा सिवाल खास के रूप में हुई। आरोपी के पास से चोरी की तीन मोटरसाइकिल भी बरामद हुई हैं। पुलिस ने आरोपी को चालान कर जेल भेज दिया है।



## संक्षिप्त खेल समाचार

### जूनियर विश्व कप हॉकी में जर्मनी को खिताबी जीत पर दी बधाई

**चेन्नई, वार्ता।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने आज जर्मनी टीम को जूनियर पुरुष विश्व कप हॉकी टूर्नामेंट में अपने खिताब बरकरार रखने के लिए बधाई दी तथा भारतीय टीम की कांस्य पदक मुकाबले में अर्जेंटीना शानदार जीत के लिए सराहना की। कल रात यहां खेले गए फाइनल मुकाबले में जर्मनी ने पेनल्टी शूटआउट में स्पेन को 3-2 से हराकर कड़ी टक्कर वाला मैच जीता। निर्धारित समय तक दोनों टीमें 1-1 से बराबरी पर थीं। जर्मनी ने आठवीं बार इस टूर्नामेंट का खिताब जीता हैं। एक सोशल मीडिया पोस्ट पर स्टालिन ने कहा कि जज्बा, कौशल और जोश यही चैंपियन की एनर्जी है।

### सेल्टा से हार के बाद रियल मैड्रिड के कई खिलाड़ियों पर दुर्व्यवहार को लेकर लगे प्रतिबंध

**मैड्रिड, वार्ता।** सेल्टा विगो से हार के बाद रियल मैड्रिड पर मुख्य रूप से रेफरी के साथ दुर्व्यवहार के कारण उसके खिलाड़ियों पर प्रतिबंध लगाए गए है। रियल मैड्रिड को सेल्टा विगो के साथ मैच के दौरान दूसरे हाफ में डिफेंडर फ्रान गार्सिया और अल्वारो कैरेरास और फॉरवर्ड एंड्रिक को दिखाए गए रेड कार्ड के लिए भारी अनुशासनात्मक कीमत चुकानी पड़ी। गार्सिया पर स्पेनिश फुटबॉल फेडरेशन (आरएफईएफ) की अनुशासनात्मक कमेटी ने एक मैच का बैन लगाया है, जिसे वह इस वीकेंड डेपोर्टिवो अलावेस के खिलाफ मैच में नहीं खेल सकेंगे। उन्हें दो एलो कार्ड मिलने के बाद मैच से बाहर कर दिया गया था। हालांकि, कैरेरास और एंड्रिक को दो मैचों के लिए प्रतिबंधित किया गया है।

# रोहित-कोहली का ए+ ग्रेड खतरे में

## शुभमन गिल का प्रमोशन संभव, विमेंस टीम की फीस बढ़ेगी, 22 को बीसीसीआई की सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट मीटिंग



**नई दिल्ली, वार्ता।** 22 दिसम्बर को होने वाली बीसीसीआई की मीटिंग में खिलाड़ियों का सेंट्रल कान्ट्रैक्ट सबसे बड़ा मुद्दा होगा। रोहित शर्मा और विराट कोहली ए+ ग्रेड में हैं, लेकिन उनका टॉप ग्रेड से बाहर होना लगभग तय माना जा रहा है। वजह यह कि दोनों खिलाड़ी अब केवल वनडे खेल रहे हैं। उनकी जगह शुभमन गिल, )षभ पंत और केएल राहुल के ए+ ग्रेड में प्रमा. ेशन पर चर्चा होगी। बैठक में महिला क्रिकेटरों की घरेलू मैच फीस बढ़ाने पर भी बड़ा फैसला हो सकता है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पुरुष और महिला खिलाड़ियों को बराबर मैच फीस मिलती है, लेकिन डोमेस्टिक लेवल पर अब तक यह लागू नहीं हुआ है। हाल ही में वर्ल्ड कप जीतने के बाद विमेंस क्रिकेटरों की फीस बढ़ाने की मांग तेज हुई है, जिसे बोर्ड मीटिंग में मंजूरी मिल सकती है। इसी के साथ घरेलू अंपायरों और मैच रेफरियों की फीस स्ट्रक्चर पर भी बदलाव प्रस्तावित है। बीसीसीआई अपनी डिजिटल प्रापर्टीज, स्ट्रीमिंग राइट्स और वेबसाइट अपग्रेड पर अपडेट भी देगी। मीटिंग का एजेंडा- विमेंस क्रिकेटर्स की डोमेस्टिक मैच फीस में बढ़ोतरी, मेंस प्लेयर्स के सेंट्रल कान्ट्रैक्ट में बदलाव, अंपायर व मैच रेफरी के भुगतान में सुधार, बीसीसीआई की डिजिटल प्रापर्टीज और स्ट्रीमिंग राइट्स अपडेट। एमएस धोनी ने 2014 में टेस्ट क्रिकेट छोड़ा था और उसके बाद वे सिर्फ वनडे और टी-20 खेलते रहे। 2018-19 के बीसीसीआई कान्ट्रैक्ट साइकिल (अक्टूबर 2018 से सितम्बर 2019) में धोनी ए+ ग्रेड में थे। इसके बाद उन्हें टॉप ब्रैकेट से हटा दिया गया। 2019-20 के कान्ट्रैक्ट में धोनी को ग्रेड । (5 करोड़) में शामिल किया गया, लेकिन अगस्त 2020 में इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद वे कान्ट्रैक्ट लिस्ट से बाहर हो गए। धोनी ने 2019 वनडे वर्ल्ड कप सेमीफाइनल में अपना आखिरी इंटरनेशनल मैच खेला था। विमेंस टीम ने हाल ही में वनडे वर्ल्ड कप जीता था इंटरनेशनल लेवल पर विमेंस और मेंस को बराबर मैच फीस (पे-पैरिटी) मिलती है, लेकिन घरेलू क्रिकेट में अभी तक ऐसा नहीं हुआ है। महिला खिलाड़ी पूरे सीजन काफी मैच खेलती हैं, लेकिन उनकी फीस कम है। भारत की हाल की वनडे वर्ल्ड कप जीत के बाद इस फैसले की मांग और तेज हुई है। इसलिए फीस बढ़ाने का प्रस्ताव बैठक के सबसे अहम मुद्दों में शामिल है।

# आईएसपीएल नीलामी में 144 खिलाड़ियों पर 10 करोड़ खर्च

● **सचिन तेंदुलकर ने कहा कि खुद से मुकाबला करा, जुनून व मेहनत ही आपको आगे ल जाएगी**

**नई दिल्ली, वार्ता।** इंडियन स्ट्रीट प्रीमियर लीग

सीजन-3 की नीलामी के दौरान क्रिकेट आइकान सचिन तेंदुलकर ने सभी खिलाड़ियों को मेहनत, जुनून और आत्म-सुधार पर केंद्रित रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा,श्मैंने क्रिकेट खेलना इसलिए शुरू किया क्योंकि मुझे इस खेल से बेहद प्यार था। मैं बस भारत के लिए खेलना चाहता था और इसके लिए जो भी करना पड़े, मैं तैयार था। उन्होंने कहा कि करियर के शुरुआती दिनों में भी वे कड़ी मेहनत से पीछे नहीं हटे। एक समय ऐसा था जब मैंने गर्मी की छुट्टियों में 55 दिन लगातार अभ्यास किया और बीमार पड़ गया। जुनून और जोश नहीं होगा, तो आगे नहीं बढ़ पाएंगे। सचिन ने कहा कि प्रदर्शन के साथ उम्मीदें जुड़ना स्वाभाविक है। उम्मीदें इसलिए होती हैं क्योंकि आपने पहले अच्छा किया है। इसे दबाव समझने के बजाय इसे अपनी मेहनत की पहचान की तरह देखें। उन्होंने कहा कि किसी और से नहीं, बल्कि खुद के कल से मुक. ाबला करना ही असली प्रगति है। आईएसपीएल 9 जनवरी से 6 फरवरी के बीच सूरत में खेला जाएगा। इसमें आठ टीमें हिस्स लेंगी। मुंबई में आक्शन हुआ। इस अवसर पर सलमान मान, सैफ अली और अक्षर कुमार भी मौजूद रहे। इस बार आक्शन में 101 शहरों के 408 खिलाड़ी उतरे। जिसमें 144 खिलाड़ियों पर करीब 10 करोड़ खर्च किए गए। विजय पावले आक्शन के सबसे महंगे खिलाड़ी रहे। उन्हें पिछली बार की चौंपियन माझी मुंबई ने 32.50 लाख में खरीदा। आईएसपीएल आक्शन के दौरान सचिन सहित के कई स्टार मौजूद रहे। सचिन ने बताया कि क्रिकेट उनके लिए हमेशा जुनून रहा। विजय पावले ऑक्शन के सबसे महंगे खिलाड़ी विजय पावले आक्शन के सबसे महंगे खिलाड़ी रहे।

# यौन उत्पीड़न को लेकर तोफेल अहमद रायहान पर चार्जशीट

● **पुलिस ने तोफेल के खिलाफ शादी का वादा कर एक महिला के यौन उत्पीड़न की चार्जशीट दाखिल की**

**ढाका, वार्ता।** पुलिस ने बांग्लादेश 'ए' टीम के तेज गें. दबाज ऑलराउंडर तोफेल अहमद रायहान के खिलाफ शादी का वादा कर एक महिला के यौन उत्पीड़न को लेकर चार्जशीट दाखिल की है।

गुलशन पुलिस स्टेशन के जांच अधिकारी सब-इंस्पेक्टर मोहम्मद समिउल इस्लाम ने गुरुवार को इस बात की पुष्टि करते हुए कहा, ष्चार्जशीट महिला और बाल उत्पीड़न रोकथाम अधिनियम की धारा 9(1) के तहत दाखिल की गई है। दस्तावेज के अनुसार, तोफेल के खिलाफ आरोप पहली नजर में सही साबित हुए, जिसका समर्थन शिकायतकर्ता के शुरुआती बयान, होटल बुकिग रिकॉर्ड, मेडिकल जांच और दूसरे सबूतों से हुआ। सूत्रों ने बताया कि इस मामले में अगली सुनवाई 30 दिसम्बर को होगी, जब चार्जशीट कोर्ट के सामने पेश की जाएगी। केस दस्तावेजों में कहा गया है कि तोफेल ने इस साल जनवरी में पहली बार महिला से फेसबुक पर संपर्क किया था और मैसेंजर पर रेगुलर बातचीत हुई जो बाद में एक रोमांटिक रिश्ते में बदल गई। महिला ने शुरू में मना कर दिया था, लेकिन बाद में तोफेल के यह भरोसा दिलाने पर मान गई कि वह उससे शादी करना चाहता है। शिकायतकर्ता के अनुसार, 31 जनवरी को तोफेल कथित तौर पर महिला को गुलशन के एक होटल में ले गया, उसे अपनी पत्नी के तौर पर मिलवाया और जल्द ही शादी का वायदा कथित तौर पर बिना सहमति के यौन संबंध बनाए। महिला ने जब शादी करने को कहा तो उसके साथ कई मौकों पर मार पीट की गई। इसके बाद महिला ने 1 अगस्त को गुलशन पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज कराया, जिसमें बार-बार यौन हिसा की घटनाओं की रिपोर्ट की गई। 24 सितम्बर को, हाई कोर्ट ने तोफेल को छह हफ्ते की अग्रिम जमानत दी और उसे जमानत खत्म होने से पहले महिला और बाल उत्पीड़न रोकथाम ट्रिब्यूनल के सामने सरेंडर करने का निर्देश दिया। हालांकि, उसने कोर्ट के निर्देश का पालन नहीं किया। बांग्लादेश 'ए' टीम के रेगुलर सदस्य तोफेल ने अग्रिम जमानत मिलने के बाद दूसरी राष्ट्रीय टीम के लिए छह-ए-साइड टूर्नामेंट खेलने के लिए हांगकांग की यात्रा भी की।

# अकरम ने आईपीएल को उबाऊ लीग करार दिया

## कहाः बच्चे बड़े हो जाते हैं, लीग खत्म नहीं होती



**कराची, वार्ता।** पाकिस्तान के पूर्व कप्तान वसीम अकरम ने भारतीय लीग आईपीएल (इंडियन प्रीमियर लीग) पर तंज कसा है। अकरम ने पाकिस्तान सुपर लीग (पीसीएल) के प्रमा. ेशन इवेंट में कहा- श्ढाई से तीन महीने चलने वाली लीगें उबाऊ होती हैं। यह टूर्नामेंट कभी खत्म ही नहीं होता, बच्चे बड़े हो जाते हैं, लेकिन वो लीग खत्म ही नहीं होती।श आईपीएल का आयोजन मार्च से जून तक चलता है। अकरम का तंज इसी बात पर था। लंदन के लाडर्स क्रिकेट ग्राउंड में आयोजित एक प्रमोशन शो पर अकरम ने कहा- श्पीसीएल की छोटी अवधि ने लीग को विदेशी खिलाड़ियों के लिए आकर्षक बना दिया है। प्रतिभा दिखाने के मामले में पीसीएल नंबर-1 है। दरअसल, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने 11वें सीजन में 2 नई टीमों शामिल करने का ऐलान किया है। इन पर बोली 6 जनवरी, 2026 को लगाई जाएगी। नए इन्वेस्टर्स की तलाश करने के लिए ही इस शो का आयोजन किया गया था। जिसमें च्ब्ठ चीफ मोहसिन नकवी, पूर्व पीसीबी अध्यक्ष रमीज राजा और पूर्व कप्तान वसीम अकरम शामिल हुए। अकरम ने कहा कि पीसीएल की सबसे अच्छी बात यह है कि यह सिर्फ 34-35 दिन चलती है, अगले साल शायद थोड़ा और बढ़ जाए। विदेशी खिलाड़ी जब पाकिस्तान आते हैं, तो 35-40 दिन रहना पसंद करते हैं। ढाई से तीन महीने सबके लिए बहुत लंबा हो जाता है। मुझे भी बोरियत होने लगती है। नकवी बोले- पीसीएल को दुनिया की नंबर-1 लीग बनाना चाहते हैं नकवी ने कहा कि वे पाकिस्तान सुपर लीग को दुनिया की नंबर एक लीग बनाने के लिए कमिटेड हैं। वहीं, रमीज राजा ने कहा कि पीसीएल विदेशी खिलाड़ियों के लिए भी सर्वश्रेष्ठ लीग है, क्योंकि दुनिया में कहीं भी पाकिस्तान जैसा मेजबान नहीं है। आईपीएल दुनिया की सबसे बड़ी क्रिकेट लीग आईपीएल दुनिया में सबसे ज्यादा दिन तक खेली जाने वाली लीग है। बीसीसीआई द्वारा संचालित इस लीग में दस टीमें खेलती हैं और लगभग दो महीने तक यह लीग खेली जाती है। इस बार इसका आगाज 15 मार्च से होने की संभावना है, जबकि फाइनल 31 मई को खेला जा सकता है।

### चोटिल टिकनर दूसरे टेस्ट नहीं करेंगे गेंदबाजी व फील्डिंग

**वेलिगटन, वार्ता।** न्यूजीलैंड को एक और बड़ा झटका लगा है उसके तेज गेंदबाज ब्लेयर टिकनर कंधे की चोट के कारण वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट के बाकी बचे मैच में गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण से बाहर हो गए हैं। बेसिन रिजर्व में पहले दिन क्षेत्ररक्षण के दौरान उनका कंधा जाम हो गया था। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की वेबसाइट के अनुसार, 32 वर्षीय टिकनर बाउंड्री रोकने के लिए डाइव लगाते समय घायल हो गए और उन्हें स्ट्रेचर पर ले इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। न्यूजीलैंड ने गुरुवार को जारी एक बयान में कहा कि ब्लैक कैप्स के तेज गेंदबाज ब्लेयर टिकनर वेलिगटन में दूसरे टेस्ट के बाकी बचे मैच में गेंदबाजी या क्षेत्ररक्षण नहीं करेंगे, और उनके बल्लेबाजी करने की भी संभावना नहीं है, क्योंकि पहले दिन बाउंड्री रोकने के लिए डाइव लगाते समय उनका कंधा डिसलोकेट हो गया था। टिकनर, जिन्हें कल रात इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया था, आज मैदान पर टीम के साथ जुड़ेंगे क्योंकि वह खेलने के लिए अपनी वापसी का समय तय करने के लिए आगे विशेषज्ञ मूल्यांकन का इंतजार कर रहे हैं। चोट से पहले, टिकनर ने वेस्टइंडीज को 205 रन पर रो. कने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, उन्होंने पहले दिन की शानदार गेंदबाजी में चार विकेट लिए थे। न्यूजीलैंड ने गुरुवार को अपनी पहली पारी 24/0 से शुरू की, और महत्वपूर्ण आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप मैच में मजबूत बढ़त बनाने पर नजर थी। यह चोट इस सीरीज में न्यूजीलैंड की बढ़ती फिटनेस चिताओं को और बढ़ा देती है, जिसमें तेज गेंदबाज मैट हेनरी और नाथन स्मिथ पहले ही बाहर हो चुके हैं।



# अब्दुल ने एशियन यूथ पैरा गेम्स में जीते दो पदक

**दुबई, वार्ता।** भारतीय एथलीट अब्दुल कादिर इंदौरी ने एशियन यूथ पैरा गेम्स की 50 मीटर (एस1-5) बैकस्ट्रोक में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण तथा 50 मीटर (एस 2-7) बटरफ्लाई स्पर्धा में कांस्य पदक जीते। भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) और पैरा कमेटी ऑफ इंडिया सोशल मीडिया पर मंच एक्स पर अब्दुल कादिर इंदौरी को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए बधाई दी है। साई ने लिखा कि दुबई में डबल मेडल की लहर। अब्दुल कादिर इंदौरी ने एशियन यूथ पैरा गेम्स 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए 50मी बैकस्ट्रोक (एस1-5) में गोल्ड और 50मी बटरफ्लाई (एस2-7) में कांस्य पदक जीता। यह दृढ़ संकल्प, गति और सच्ची खेल भावना का एक शानदार प्रदर्शन है। पैरा कमेटी ऑफ इंडिया ने लिखा कि भारत के लिए सुनहरा अवसर। एक शानदार उपलब्धि जो उनके धैर्य, अनुशासन और भारत के युवा पैरा एथलीट की बढ़ती ताकत को दर्शाती है। बधाई हो, अब्दुल। भारत ने एशियन यूथ पैरा गेम्स के लिए 122 सदस्ई दल भेजा है।

# कॉन्वे-मिचेल ने दिलाई न्यूजीलैंड को बढ़त

● **डवेन कॉन्वे ने 60 और मिचेल ने 61 रनों की अर्द्धशतकीय पारी खेली**



**वेलिंग्टन, वार्ता।** डेवन कॉन्वे (60) और मिचेल हे (61) की अर्धशतकीय पारियों के दम पर न्यूजीलैंड ने दूसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन गुरुवार को स्टंप्स के समय तक पहली पारी में 278 रन का स्कोर करने के साथ 73 रनों की बढ़त के बाद दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज के 32 के स्कोर पर दो विकेट झटक कर मैच पर अपनी मजबूत पकड़ बना ली है।

न्यूजीलैंड ने कल के 24 रन के स्कोर से आगे खेलना शुरु किया। न्यूजीलैंड का पहला विकेट सुबह के सत्र में टॉम लेथम (11) के रूप में गिरा। उन्हें केमार रोच ने बोल्ड आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए केन विलियमसन ने डेवन कॉन्वे के साथ दूसरे विकेट के लिए 67 रन जोड़े। 31वें ओवर में एंडरसन फिलीप ने केन विलियमसन (37) को बोल्ड आउट कर वेस्टइंडीज को दूसरी सफलता दिलाई। रचिन रविंद्र (पांच) रन बनाकर आउट हुए। 36वें ओवर में जस्टिन ग्रीव्स ने डेवन कॉन्वे को आउटकर न्यूजीलैंड को चौथा झटका दिया। डेवन कॉन्वे ने 108 गेंदों में आठ चौकों की मदद से 60 रनों की पारी खेली। वेस्टइंडीज के गेंदबाजी आक्रमण के आगे न्यूजीलैंड के बल्लेबाज अंतराल पर अपने विकेट गंवाते रहे। मिचेल हे ने 93 गेंदों में नौ चौके और एक छक्का लगाते हुए (61) रन बनाए। डैरिल मिचेल (25), ग्लेन फिलिप्स (18), जेकब डफी (11), माइकल रे (13) रन बनाकर आउट हुए। न्यूजीलैंड ने 74-4 ओवरों में 278 का स्कोर बनाया। ब्लेयर टिकनर चोट के कारण बल्लेबाजी करने नहीं उतरे। वहीं जैकरी फॉक्स 23 रन बनाकर नाबाद रहे। वेस्टइंडीज की ओर से एंडरसन फिलीप ने तीन और केमार रोच ने दो विकेट लिए। जेडेन सील्स, ओजे शील्ड्स, जस्टिन ग्रीव्स और रॉस्टन चेज ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इसके बाद दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज ने दिन का खेल समाप्त होने के समय दो विकेट पर 32 रन बना लिए और वह अभी भी न्यूजीलैंड के पहली पारी में बनाए गए स्कोर से 41 रन पीछे है। ब्रैंडन किग (नाबाद 15) और केवम हॉज (नाबाद तीन) क्रीज पर मौजूद है।

# मूनी और किंग ने पर्थ स्कॉर्चर्स को डब्ल्यूबीबीएल के फाइनल में पहुंचाया

● **बेथ मूनी ने 76 और अलाना किंग ने 11 रन बनाकर तीन विकेट भी लिए**

**नॉर्थ सिडनी, वार्ता।** बेथ मूनी (76) और अलाना किंग (11 रन और तीन विकेट) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत पर्थ स्कॉर्चर्स ने सिडनी सिक्सर को 11 रनों से हराकर डब्ल्यूबीबीएल टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बना ली हैं। पर्थ स्कॉर्चर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में आठ विकेट पर 183 का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। बेथ मूनी ने (76), केटी मैक (40), पेज स्कोफील्ड ने (14) रनों का योगदान दिया। शेष बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी सिडनी सिक्सर की शुरुआत अच्छी नहीं रही और घरेलू टीम ने एलिसे पेरी, एलिसा हीली और सोफिया डंकले को जल्दी-जल्दी खो दिया, हालांकि एश गार्डनर और अमेलिया केर के बीच 53 रन की साझेदारी से उन्हें कुछ उम्मीद मिली।अमेलिया केर (42), सोफिया डंकले (41), एलिसे पेरी (29) और एश गार्डनर (26) रन बना करन आउट हुयी। किंग ने पावर सर्ज में शानदार दूसरा ओवर फेंका, जिसमें सिर्फ छह रन दिए और गार्डनर को मिड-ऑफ पर कैच आउट करवाया। किंग ने फिर से खतरनाक मैटलान ब्राउन को आउट किया। अलाना ने 17 रन देकर तीन विकेट लेकर मैच जिताऊ प्रदर्शन किया। सिक्सर निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट पर 172 रन ही बना सकी और मुकाबला 11 रनों से हार गई।

# शादी टूटने के बाद स्मृति मंधाना पहली बार पब्लिक इवेंट में दिखी

● **कप्तान हरमनप्रीत कौर को गले लगाया भारतीय उपकप्तान ने कहा कि क्रिकेट से ज्यादा कुछ पसंद नहीं**



**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय महिला टीम की उपकप्तान स्मृति मंधाना शादी टूटने के बाद पहली बार किसी पब्लिश इवेंट में नजर आई। उन्होंने बुधवार को नई दिल्ली के भरत मंडपम में आयोजित एक निजी इवेंट में हिस्सा लिया। मंधाना ने अपनी मैनेजर नूपुर कश्यप और भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर को गले लगाया।

कार्यक्रम में मंधाना ने कहा कि मुझे क्रिकेट से ज्यादा कुछ भी पसंद नहीं है। भारतीय जर्सी पहनने से मोटिवेशन मिलता है और सभी परेशानियां दूर हो जाती हैं। 2 दिन पहले मंधाना ने इंस्टा पोस्ट करके पलाश मुछाल के शादी टूटने की जानकारी दी थी। दोनों की शादी 23 नवम्बर को होनी थी। मंधाना ने कहा कि हर दिन की शुरुआत शून्य से होती है एक सवाल पर मंधाना ने कहा कि क्रिकेट ने मुझे दो बातें सिखाई हैं। पहली- हर दिन की शुरुआत शून्य से होती है और दूसरी- अपने नहीं, अपनी साथ खिलाड़ियों के लिए खेलो। उन्होंने कहा कि वर्ल्ड कप में हमने तय किया था कि किसी को खुद के लिए नहीं खेलना, बल्कि अपने बगल वाले खिलाड़ी के लिए खेलना है। इससे दबाव कम होता है और ऊर्जा बढ़ती है।

मंधाना ने कहा कि जब आप सोचते हैं कि आपको अपने साथी के लिए अच्छा करना है, तो काम आसान हो जाता है। मैं भी अपने बगल के खिलाड़ी के लिए शतक बनाना चाहती थी, खुद के लिए नहीं। मंधाना श्रीलंका के खिलाफ टी-20 सीरीज के लिए उपकप्तान मंधाना को श्रीलंका के खिलाफ 5 टी-20 की सीरीज के लिए भारत की महिला टीम का उपकप्तान बनाया गया है। यह सीरीज 21 दिसम्बर से शुरू होकर 30 दिसम्बर तक चलेगी। शुरुआती 2 मुकाबले विशाखापट्टनम और बाकी 3 मैच तिरुवनंतपुरम में खेले जाएंगे।

# ओडिशा नवल टाटा हाई परफार्मेंस सेंटर ने शाहबाद हॉकी अकादमी हरियाणा को 6-0 से हराया

● **पहले मैच में साई एनसीओई सोनीपत हरियाणा ने जरखड़ हॉकी अकादमी लुधियाना को 5-2 से हराया**

**जालंधर, वार्ता।** ओलंपियन सुरजीत हॉकी स्टेडियम में जारी उन्नीसवें ऑल इंडिया बलवंत सिंह कपूर अंडर-19 लड़कों के हॉकी टूर्नामेंट के पांचवे दिन वीरवार को पूल बी की ओड़ीशा नवल टाटा हाई परफार्मेंस सेंटर और पूल सी में सुरजीत हॉकी अकादमी की टीम ने चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है।

पहले मैच में साई एनसीओई सोनीपत हरियाणा ने जरखड़ हॉकी अकादमी लुधियाना को 5-2 से हराया। विजेता टीम की तरफ से दो गोल सुनील, अंकुश, सरिजन यादव, आदित्य कुमार ने 1-1 गोल किया। जरखड़ अकादमी की तरफ से अर्जन दीप सिंह ने 2 गोल किये। साई एनसीओई सोनीपत हरियाणा के सुनील को मैन ऑफ द मैच चुना गया। ओडिशा नवल टाटा हाई परफार्मेंस सेंटर की टीम ने बेहतर खेल का प्रदर्शन करते हुए शाहबाद हॉकी अकादमी हरियाणा को 6-0 से हराया। योजिन लमज ने दो, बिलकन ओरम ने 2, बिद्यानंदा सिंह और दीपक परधान ने 1-1 गोल किया। ओड़िशा टीम के योजिन लमज को मैन ऑफ दा मैच चुना गया। सुरजीत हॉकी अकादमी ने एसएआईएल हॉकी अकादमी रुड़केला को 3-1 से हराया। सुरजीत अकादमी की तरफ से हर्षदीप सिंह, अजयपाल सिंह, मनदीप सिंह ने 1-1 गोल किया। एसएआईएल टीम की तरफ लेलसन लमज ने एक गोल किया। सुरजीत हॉकी अकादमी के अजयपाल सिंह के मैन ऑफ द मैच चुना गया।

# फिर बढ़ी तिथि

चुनाव आयोग ने एक बार फिर मतदाता सूचियों के गहन पुनरीक्षण यानि एसआईआर के लिए चल रहे अभियान की तिथि बढ़ा दी है। ऐसा दूसरी बार है जब चुनाव आयोग ने यह तिथि बढ़ाई है। यह तिथि पांच राज्य उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात, तमिलनाडु के साथ अंडमान निकोबार के लिए बढ़ाई गई है। यहां यह बताना भी जरूरी है कि निर्वाचन आयोग ने बिहार में एसआईआर कराने के बाद 12 राज्यों व केंद्रशासित क्षेत्रों में एसआईआर की प्रक्रिया शुरू की है। आयोग की ओर से बताया गया है कि इन राज्यों के मुख्य चुनाव अधिकारियों ने तिथि बढ़ाने के लिए अनुरोध किया था। उत्तर प्रदेश में यह तिथि 26 दिसंबर तक के लिए बढ़ गई है। चुनाव आयोग का कहना है कि यह फैसला यह सुनिश्चित करने के लिए किया गया है कि नई सूची में किसी भी पात्र व्यक्ति का नाम नहीं छूटे। वैसे आयोग के फैसले को लेकर शुरू से ही उसकी आलोचना हो रही थी और उस पर आरोप लग रहे थे कि इतने कम समय में इतना बड़ा काम संभव नहीं है। कोई भी समझ सकता है कि 4 नवंबर से 4 दिसंबर तक का समय इतने बड़े काम को लेकर नाकाफी था और यह किसी के भी समझ में नहीं आ रहा था। इस बीच कई बीएलओ ने अपनी जान से भी हाथ धो लिया, इसके पीछे जो कारण माना गया वह भी एसआईआर का दबाव ही माना गया। इसको लेकर भी चुनाव आयोग की आलोचना हो रही थी। शायद यह आलोचनाओं का ही दबाव रहा कि चुनाव आयोग को अपने ही फैसलों में दो बार संशोधन करना पड़ा। अच्छी बात यह है कि चुनाव आयोग ने जल्द ही अपनी गलती सुधारने का काम किया और 22 दिनों का समय अतिरिक्त दिया। निसंदेह इससे जहां बीएलओ से दबाव हटेगा वहां लोगों को भी हड़बड़ी में काम करने से निजात मिलेगी। विशेषकर उन लोगों को जो अपने घरों से दूर काम के सिलसिले में बाहर हैं। साथ ही चुनाव आयोग की ओर से यह भी संदेश जाएगा कि वह इस बात को लेकर गंभीर है कि कोई पात्र व्यक्ति मताधिकार से वंचित न होने पाए। वैसे बेहतर होता कि चुनाव आयोग उदारता व दूरदर्शिता दिखाते हुए कम से कम उन राज्यों में पर्याप्त समय दे सकता था, जहां अगले वर्ष चुनाव नहीं होने जा रहे हैं, लेकिन चुनाव आयोग ने पता नहीं किस समझ के साथ बहुत ही कम समय सीमा के साथ एक बड़े काम के साथ आगे बढ़ने का फैसला लिया। जबकि इसकी कोई जरूरत नहीं थी। विपक्ष भी चुनाव आयोग पर यह कहकर आरोप लगा रहा है कि अगर वास्तव में एसआईआर को लेकर चुनाव आयोग गंभीर है और घुसपैठियों को निकालना उसका मकसद है, तो फिर वह गंभीरता उसके आचरण में क्यों दिखाई नहीं दे रही है। वह इतनी हड़बड़ी में क्यों है, यह समस्या कोई आनन फानन में हल नहीं होने वाली, क्योंकि हड़बड़ी में काम करने से अनावश्यक भय का वातावरण बनता है।

## संसद में धूम्रपान कानून का अपमान



लोकतंत्र के मंदिर संसद में धूम्रपान करना संविधान और कानून का अपमान है, लोकतंत्र के मंदिर में एक दुर्भाग्यपूर्ण एक घटना को घटते हुए देखा गया, पूरे देश में ई-सिगरेट 2019 से पूरी तरह से प्रतिबंधित हैं, कानून के अनुसार सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान करना भी प्रतिबंधित है, लेकिन, संसद यानी लोकतंत्र के मंदिर में ई-सिगरेट लाना और पीना कानून के खिलाफ है, इन सभी का उल्लंघन टीएमसी के सांसद ने किया है। इस मामले पर संज्ञान लेते हुए अध्यक्ष ने भी कहा कि ये पूर्ण तरीके से गलत है, इसकी जांच होगी और जो भी दोषी पाया जाएगा, उस पर कार्यवाही की जाएगी, इसी शीतकालीन सत्र में हमने देखा कि एक सांसद द्वारा संसद में कुत्ते को लेकर आना और ऊपर से यह कहना कि यह तो नहीं पर जो अंदर बैठे है वो काटते हैं, इसका मतलब संसद के अधिकारी, सुरक्षाकर्मी, सांसद समेत सभी लोगों पर एक तरह का बड़ा आक्षेप है। **–शहजाद पूनावाला, प्रवक्ता, भाजपा**

# इंडिगो: एक मानव निर्मित संकट





रजनीश कपूर

**इंडिगो संकट, एयरलाइन प्रबंधन और नियामकीय निगरानी दोनों की व्यापक विफलता को उजागर करता है। डीजीसीए द्वारा नए नियमों के तहत क्रू उपलब्धता की जांच किए बिना सर्दी के शेड्यूल को मंजूरी देना, ऑडिट की कमी को दर्शाता है। अन्य एयरलाइंस, जैसे एयर इंडिया, अकासा और यहां तक कि स्पाइसजेट ने नियाम परिवर्तनों की प्रत्याशा में रोस्टर समायोजित करके और अतिरिक्त स्टाफ भर्ती करके इसी तरह के व्यवधानों से बचाव किया। सोचने वाली बात है कि यह संकट कम किया जा सकता था या पूरी तरह टाला भी जा सकता था, यदि इंडिगो ने स्टाफिंग और अनुपालन के लिए अधिक पारदर्शी और सक्रिय दृष्टिकोण अपनाया होता।**

भारतीय विमानन क्षेत्र ने हाल ही में अपने सबसे अंधकारमय दौर से गुजरा है, जब प्रमुख निजी एयरलाइन इंडिगो की अनुपालन न करने की वजह से एक बड़ा संकट उत्पन्न हुआ। इस संकट ने न केवल आकाश में बल्कि जमीन पर भी अफरा-तफरी मचा दी, जिससे भारतीय विमानन की वैश्विक छवि को गहरा धक्का लगा। इंडिगो का वर्तमान संकट, जिसमें 3,000 से अधिक उड़ानों के रद्द होने और व्यापक परिचालन पक्षाघात शामिल है, 2019 में जेट एयरवेज के ग्राउंडिंग के बाद भारतीय विमानन में सबसे गंभीर व्यवधान है। यह एयरलाइन, जो लंबे समय से दक्षता और समय की पाबंदी का प्रतीक मानी जाती थी, अब नए फ्लाइट ड्यूटी टाइम लिमिटेशंस नियमों की पूर्वानुमान और तैयारी में विफलता के कारण विश्वास के संकट का सामना कर रही है। पुरानी अंडर-स्टाफिंग और दुबली-पतली मैनपावर रणनीति के साथ मिलकर, एयरलाइन को आपातकालीन योजनाओं के लिए हाथ-पांव मारने पड़े, जिससे देश भर में हजारों यात्री फंसे रह गए।

यह संकट पूरी तरह से टाला जा सकता था, यदि एयरलाइन ने नियामक के निर्देशों का पालन किया होता। इंडिगो के प्रबंधन ने पायलट यूनियनों और उद्योग विशेषज्ञों की बार-बार चेतावनियों को नजरअंदाज कर दिया, जो हायरिंग फीज और नो-पोचिंग समझौतों के जोखिमों के बारे में थीं। लालच के चलते एयरलाइन ने अपनी मौजूदा फ्लाइटों बढ़ोतरी भी की जिसने आग में घी डालने का काम किया। नए एफडीटीएल नियम लागू होने पर एयरलाइन कॉकपिट और केबिन क्रू की गंभीर कमी सामने आई। लागत कटौती के लिए स्टाफ संख्या को न्यूनतम रखने की रणनीति तब उलटी पड़ गई। संकट को और गहरा किया खराब रोस्टर प्लानिंग और नियामकीय चूकों ने। इंडिगो के सीईओ पीटर एलबर्स ने स्वीकार किया कि सामान्य परिचालन धीरे-धीरे ही बहाल हो पाएगा, क्योंकि एयरलाइन नए पायलट डड्यूटी नियमों से अस्थाई छूट मांग रही है। सवाल यह उठता है कि जब डीजीसीए ने सभी ऑपरेटरों को नए नियमों का अनुपालन करने के लिए पर्याप्त समय दिया था, तो इंडिगो ने उन्हें नजरअंदाज करने का फैसला क्यों लिया?

भारत के विमानन इतिहास में ऐसे कई उदाहरण हैं जहां निजी एयरलाइनों का पतन प्रबंधन की विफलताओं और बाहरी दबावों के कारण हुआ। किंगफिशर एयरलाइंस, जो कभी देश की सबसे चमकदार कैरियर थी, वित्तीय कुप्र. बंधन और अत्यधिक कर्ज के कारण 2012 में अचानक बंद हो गई। जेट एयरवेज, जो भारत के निजी विमानन युग का अग्रदूत था, 2019 में नियम पुस्तिका के उल्लंघनों, खराब वित्तीय नियंत्रणों, बढ़ते घाटे और बदलते बाजार हालातों से अनुकूलन में असमर्थता के कारण इसी भाग्य का शिकार हुआ। इंडिगो का नए एफडीटीएल नियमों को नजरअंदाज करने का तरीका भी जेट एयरवेज की याद दिलाता है, जो इसी तरह के घमंड के चलते अपनी सुविधा के लिए नियमों को अनदेखा करती रही। यह उदाहरण एक दोहरावदार पैटर्न को रेखांकित करते हैं, वे एयरलाइंस जो अल्पकालिक लागत बचत को पायलटों और यात्रियों की सुरक्षा तथा नियामकीय अनुपालन आवश्यकताओं से ऊपर रखती हैं, वे एक ब्रेकिंग पॉइंट पर पहुंचकर अचानक ढह जाती हैं।

इंडिगो संकट, एयरलाइन प्रबंधन और नियामकीय निगरानी दोनों की व्यापक विफलता को उजागर करता है। डीजीसीए द्वारा नए नियमों के तहत क्रू उपलब्धता की जांच किए बिना सर्दी के शेड्यूल को मंजूरी देना, ऑडिट की कमी को दर्शाता है। अन्य एयरलाइंस, जैसे एयर इंडिया, अकासा और यहां तक कि स्पाइसजेट ने नियाम परिवर्तनों की प्रत्याशा में रोस्टर समायोजित करके और अतिरिक्त स्टाफ भर्ती करके इसी तरह के व्यवधानों से बचाव किया। सोचने वाली बात है कि यह संकट कम किया जा सकता था या पूरी तरह टाला भी जा सकता था, यदि इंडिगो ने स्टाफिंग और अनुपालन के लिए अधिक पारदर्शी और सक्रिय दृष्टिकोण अपनाया होता। डीजीसीए द्वारा सख्त अनुपालन ऑडिट की अनुपस्थिति ने भी इस अराजकता में भूमिका निभाई। भविष्य के संकटों को रोकने के लिए, एयरलाइंस को परिचालन लचीलेपन को प्राथमिकता देनी चाहिए, पर्याप्त स्टाफिंग में निवेश करना चाहिए और नियामकीय निकायों तथा कर्मचारी यूनियनों के साथ खुले संवाद बनाए रखने चाहिए। सरकार को भी इन पर निगरानी रखनी चाहिए ताकि उड़ान शेडड्यूल केवल परिचालन और सुरक्षा मानदंडों के अनुपालन की जांच के बाद ही मंजूर किए जाएं। परिचालन मुद्दों को ध्यान में रखते हुए, डीजीसीए को ऑपरेटरों से सुझाव भी लेने चाहिए ताकि उनकी मांगों को समायोजित किया जा सके। इंडिगो का संकट सिर्फ एक एयरलाइन की गलतियों की कहानी नहीं है, बल्कि पूरे भारतीय विमानन क्षेत्र के लिए एक चेतावनी है।

इंडिगो संकट के मद्देनजर डीजीसीए द्वारा सख्त नियामकीय कार्रवाई भारत में एयरलाइन उल्लंघनों के लिए एक शक्तिशाली मिसाल कायम कर सकती है। डीजीसीए ने पहले ही सामूहिक रद्दीकरणों की परिस्थितियों की जांच के लिए एक व्यापक जांच शुरू कर दी है, जिसमें चार सदस्ईय पैनल को 15 दिनों के भीतर रिपोर्ट सौंपने का काम सौंपा गया है ताकि प्रवर्तन कार्रवाइयों और संस्थागत सुधारों की सिफारिश की जा सके। पिछले उदाहरण दिखाते हैं कि नियामक ने अनुपालन न करने के लिए कठोर दंड लगाने में संकोच नहीं किया, जिसमें 10 लाख से 90 लाख रुपये या इससे अधिक के वित्तीय जुर्माने, ऑपरेटर अनुमतियों का निलंबन और बार-बार या गंभीर उल्लंघनों के लिए जिम्मेदार अधिकारियों को हटाना भी शामिल है। उदाहरण के लिए, डीजीसीए ने हाल ही में एयर इंडिया को एक पायलट को अनिवार्य नियामकीय आवश्यकताओं को पूरा किए बिना उड़ान संचालित करने की अनुमति देने के लिए 30 लाख रुपये का जुर्माना लगाया। डीजीसीए ने पहले क्रू शेड्यूलिंग और सुरक्षा निगरानी में गंभीर और दोहरावदार चूकों के लिए एयर इंडिया के वरिष्ठ अधिकारियों को हटाया है। ऐसे दंडों को लागू करके और एयरलाइंस तथा उनके प्रबंधन को व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार ठहराकर, डीजीसीए एक स्पष्ट संदेश देता हैरू परिचालन शॉर्टकट, नियामकीय अनुपालन न करने और लापरवाही को त्वरित और सख्त परिणामों से सामना करना पड़ेगा। इंडिगो का संकट बताता है कि परिचालन उत्कृष्टता सिर्फ दक्षता और समय की पाबंदी के बारे में नहीं है, बल्कि एयरलाइन क्रू व यात्री सुरक्षा, तैयारीऔर जिम्मेदारी के बारे में भी है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# प्यार को जाने देना आसान नहीं...

**किसी ऐसे इंसान को जाने देना, जिससे आपने दिल से प्यार किया हो, बेहद मुश्किल होता है। जो यादें और वादे कभी सब कुछ थे, वे एक पल में बेमानी लगने लगते हैं, पर अगर कोई वाकई आपके साथ नहीं रहना चाहता, तो क्या उन्हें रोकना सही है? आइए, इस उलझन को समझते हैं और जानते हैं कि वो कौन-सा पल होता है, जब किसी को जाने देना ही आपके लिए सबसे बेहतर फैसला बन जाता है।**

अगर कोई आपको छोड़कर जाना चाहता है, तो उसे जाने दें, यह बात हम सबने सुनी है। लेकिन क्या यह इतना आसान होता है? क्या आपने कभी खुद से पूछा है कि उस शख्स के लिए दरवाजा खोलने का सही वक्त कब आता है? जब रिश्ता टूटने की कगार पर हो, तो दिल और दिमाग के बीच एक खींचतान शुरू हो जाती है। क्या एक आखिरी कोशिश करनी चाहिए? या फिर अपनी आत्मा को और तकलीफ देने से बेहतर है कि सब कुछ छोड़कर आगे बढ़ा जाए? किसी ऐसे इंसान को जाने देना, जिससे आपने दिल से प्यार किया हो, बेहद मुश्किल होता है। जो यादें और वादे कभी सब कुछ थे, वे एक पल में बेमानी लगने लगते हैं। पर अगर कोई वाकई आपके साथ नहीं रहना चाहता, तो क्या उन्हें रोकना सही है? आइए, इस उलझन को समझते हैं और जानते हैं कि वो कौन-सा पल होता है, जब किसी को जाने देना ही आपके लिए सबसे बेहतर फैसला बन जाता है। इसके बाद डॉ. उन दो संकेतों की गहराई से व्याख्या करते हैं, जो दर्शाते हैं कि अब शायद रिश्ते को अलविदा कह देने का समय आ गया है न सिर्फ उनके लिए, बल्कि आपके अपने भावनात्मक स्वास्थ्य के लिए भी।

### संकेत 1- जब वे रिश्ते की जिम्मेदारियों से कतराने लगते हैं

डॉ. के अनुसार, यदि आपका साथी अब रिश्ते में अपनी भूमिका निभाने से बच रहा है या जिम्मेदारी लेने से पीछे हट रहा है, तो यह एक बड़ा संकेत है कि शायद उन्हें जाने देने का वकघ्त आ गया है।

वह समझाते हैं, एक स्वस्थ और सशक्त रिश्ते के लिए दो लोगों की भागीदारी जरूरी होती है। अगर आपका साथी अब ना तो आत्ममंथन करने को तैयार है, ना संघर्षों में अपनी भूमिका स्वीकार करता है, और ना ही आपके साथ आगे बढ़ना चाहता है तो यह रिश्ता टिक नहीं पाएगा। ऐसे हालातों में रिश्ता धीरे-धीरे खत्म होने लगता है, चाहे आप उसे कितना भी थामे रहें।

### संकेत 2- जब वे साझेदारी छोड़कर आपको ही दोष देने लगते हैं

डॉ. बताते हैं कि जब आपका साथी अब रिश्ते में करुणा और समझ के बजाय, केवल दोष देने की भाषा अपनाने लगे तो यह एक स्पष्ट संकेत है कि रिश्ता बिखरने की कगार पर है। वे कहते हैं, जब बातचीत हम इसे मिलकर कैसे ठीक करें? आप से बदलकर तुम ही समस्या हो बन जाए तो समझ लीजिए कि अब आप दोनों एक टीम नहीं रह गए। जब कोई समझने की कोशिश छोड़कर आपको जज करने लगे, और मिलकर रास्ता निकालने के बजाय दोष बांटने लगे, तो रिश्ते की नींव हिल जाती है। डॉ. आगे जोड़ते हैं, एक बार जब आपका साथी समाधान की तलाश में आपके साथ खड़े होने के बजाय दूरी बनाने लगे, तो वह दरअसल रिश्ते से बाहर निकलने का रास्ता ढूंढ रहा होता है।

### रोज की बहस से परेशान हो गए हैं, जानें असहमति से निपटने के स्मार्ट तरीके

बहस किसी भी रिश्ते का एक स्वाभाविक हिस्सा होती है, इसकी तीव्रता और आवृत्ति इस बात पर निर्भर करती है कि लोग उसे कैसे संभालते हैं। कई जोड़ें बहस के बावजूद एक-दूसरे को



समझने की कोशिश करते हैं और मतभेद सुलझा लेते हैं, जबकि कुछ केवल लड़ते रह जाते हैं। रिश्ते में असहमति होना सामान्य है, लेकिन उन्हें सुलझाना अपने आप में एक कला है, जिसे हर कोई नहीं जानता, लेकिन सीखा जरूर जा सकता है। अगर आपके और आपके पार्टनर के बीच बार-बार छोटी-छोटी बातों पर बहस होती है, तो इसका समाधाान संभव है, बस जरूरत है सही नजरिए और संवाद की। यह समझना बेहद जरूरी है कि बहस के दौरान आपकी प्रतिक्रिया न सिर्फ उस पल की स्थिति को प्रभावित करती है, बल्कि रिश्ते की दिशा भी तय कर सकती है। रिलेशनशिप कोच कृति और जय ने इंस्टाग्राम पर कुछ अहम सवाल साझा किए हैं, जो आपके अपने व्यवहार को समझने और उसमें सुधार लाने में मदद कर सकते हैं। उन्होंने सुझाव दिया है कि ये सवाल अपने पार्टनर से जरूर पूछें ताकि आप न केवल बहस की जड़ को समझ सकें, बल्कि बेहतर संवाद के जरिए रिश्ते को मजबूत भी बना सकें।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# कोशिकाओं की सुरक्षा प्रणाली के लिए घातक है यह वायरस

एक नए अध्ययन में जीका वायरस के संक्रमण फैलाने की शक्ति के जैविक रहस्य का पता लगाया गया है। जीका मरीज की कोशिकाओं की अपनी खुद की देखभाल करने वाली प्रणाली का उपयोग कर उनमें प्रवेश कर जाता है। जबकि कोशिकाओं की सतहें संक्रामक प्रोटीन के प्रवेश के लिए जरूरी हैं, वे एंटीवायरल प्रतिक्रिया उत्पन्न करने में भी अहम भूमिका निभाते हैं। ऐसा होने से पहले, संक्रामक प्रोटीन की गतिविधि को कम करने के लिए कोशिकाओं द्वारा खुद को स्वस्थ रखने के लिए उपयोग की जाने वाली प्रक्रिया में हेरफेर किया जाता है, जिससे अनियंत्रित संक्रामक संक्रमण का रास्ता साफ हो जाता है।

प्रोसीडिंग्स ऑफ द नेशनल एकेडमी ऑफ साइंसेज में प्रकाशित शोध पत्र में शोधकर्ता के हवाले से कहा गया है कि हालांकि एचआईवी जैसे अन्य वायरस मरीज के रिसेप्टर्स को चुप कराने के लिए जाने जाते हैं जो उन्हें कोशिकाओं में जाने देते हैं, लेकिन जीका में कम से कम तीन ऐसे प्रोटीन होते हैं जो यह काम कर सकते हैं।

यह सबसे दिलचस्प हिस्सा है, केवल एक ही नहीं, बल्कि कई जीका प्रोटीन ऐसा कर सकते हैं। शोधकर्ताओं ने दो जीका वायरस के स्ट्रेन या उपभेदों को देखा और तीन शारीरिक रूप से अहम कोशिकाओं की जांच की। दोनों स्ट्रेन के साथ, तीनों अलग-अलग तरह की कोशिकाओं में कमी देखी जा सकती है। ऐसा लगता है कि यह एक अहम तंत्र है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार, साल 2007 से एडीज एजिप्टी मच्छरों द्वारा लोगों में फैलने वाला जीका वायरस अफ्रीका, अमेरिका, एशिया और प्रशांत क्षेत्र में संक्रामक प्रकोप का कारण बना। हालांकि 2017 के बाद से दुनिया भर में मामलों में कमी आई है, लेकिन अमेरिका और अन्य स्थानीय क्षेत्रों में वायरस का संक्रमण छोटे स्तर पर जारी है। साल 2015 में ब्राजील में एक बड़ी महामारी ने गर्भावस्था के दौरान जीका संक्रमण और माइक्रोसेफली या सामान्य से छोटे सिर के आकार सहित जन्मजात समस्याओं के साथ पैदा होने वाले शिशुओं के बीच संबंध की पुष्टि की। जबकि अधिकांश संक्रमित लोगों में केवल हल्के लक्षण विकसित होते हैं, वायरस वयस्कों और बड़े बच्चों में गुइलेन बैरे सिंड्रोम, न्यूरोपैथी और मायलाइटिस (रीढ़ की हड्डी की सूजन) से भी जुड़ा हुआ है। इस अध्ययन में इनमें से दो प्रोटीनों पर गौर किया गया, जिन्हें एएक्सएल और टीम-1 के रूप में जाना जाता है, जिन्हें पहले जीका संक्रमण से जोड़ा गया था। इसमें शोधकर्ताओं ने यह समझने की कोशिश की कि एएक्सएल और टीम-1 के द्वारा प्रवेश करने के बाद जीका संक्रमण को कैसे बनाए रखता है।

शोध पत्र में शोधकर्ताओं के हवाले से कहा गया है कि सांस लेने, प्रजनन और तंत्रिका तंत्र से संबंधित तीन प्रकार की कोशिकाओं में जीका वायरस के अफ्रीकी और एशियाई स्ट्रेन का उपयोग करके सेल कल्चर प्रयोग पूरे किए, जो रोग. जनक द्वारा निशाना बनाए गए थे। मानव कोशिकाएं जो फेफड़ों के काम को आगे बढ़ाती है, भ्रूण को सहारा देने वाली कोशिकाएं जिन्हें ट्रोफोब्लास्ट कहा जाता है और ग्लियोब्लास्टोमा मस्तिष्क कैंसर कोशिकाएं होती है। प्रयोगों से पता चला कि जीका द्वारा संक्रमण के बाद तीन प्रकार की कोशिकाओं पर एएक्सएल और टीम-1 दोनों को कम किया गया। शोध पत्र में शोधकर्ताओं के हवाले से उम्मीद जताई गई थी कि यह दबाव दो सामान्य प्रोटीनों की गिरावट

**शोध पत्र में शोधकर्ताओं के हवाले से कहा गया है कि सांस लेने, प्रजनन और तंत्रिका तंत्र से संबंधित तीन प्रकार की कोशिकाओं में जीका वायरस के अफ्रीकी और एशियाई स्ट्रेन का उपयोग करके सेल कल्चर प्रयोग पूरे किए, जो रोगजनक द्वारा निशाना बनाए गए थे।**

प्रक्रियाओं के माध्यम से हुआ था, लेकिन इसके बजाय पाया गया कि जीका वायरस एक सेलुलर खुद की देखभाल करने वाले दिनचर्या का उपयोग करता है।

इस मामले में, वायरस की संक्रामक प्रक्रिया ने मरीज की कोशिकाओं को अपने स्वयं के सुरक्षात्मक प्रोटीन को दबाने के लिए हेरफेर किया, एक संक्रामक अनुकूली रणनीति जो जीका को अपने आपको नियंत्रित करने में मदद करता है। इस दबाव के बिना, एएक्सएल और टीम-1 एंटीवायरल प्रतिक्रिया के हिस्से के रूप में उत्तेजक अणुओं का उत्पादन करना शुरू कर देंगे। संक्रामक प्रवेश को सुविधाजनक बनाने का उनका सामान्य स्तर भी अधिक जीका कणों को पहले से संक्रमित कोशिकाओं तक पहुंचाने में सक्षम बना सकता है, जिससे सुपरइंफेक्शन नामक एक प्रतिस्पर्धी नजरिए की स्थापना होती है। ऐसा कुछ जिससे वायरस बचना चाहते हैं क्योंकि भीड़भाड़ से कोशिकाओं के नष्ट होने का खतरा होता है, जो संक्रमित रोगजनकों को मार देता है। आगे के प्रयोगों ने तीन जीका प्रोटीन की पहचान की जो मरीज की कोशिका ऑटोफैगी को प्रेरित करते हैं, जो




सभी वायरस की झिल्ली पर स्थित होते हैं। सामान्यत: ए प्रोटीन वायरस के प्रवेश में मध्यस्थता करते हैं या वायरस के अपने आपको दोहराने में शामिल होते हैं, लेकिन वे इस को. शिका के सही से काम न करने के लिए भी जिम्मेदार होते हैं। क्योंकि वायरस कुछ ऐसा एनकोड करते हैं जो उनके लिए जरूरी होता है, या तो उनकी अपने आपको दोहराने के लिए या मरीज को नियंत्रित करने के लिए ऐसा किया जाता है।

शोध पत्र में शोधकर्ता के हवाले से कहा गया है कि निश्चित रूप से जानने के लिए और अधिक शोध की जरूरत है, लेकिन इस बात के आसार हैं कि यह तंत्र इबोला वायरस के लिए प्रासंगिक है, जो मरीज की कोशिकाओं तक पहुंचने के लिए टीम-1 प्रोटीन का उपयोग करता है, या जीका के समान फ्लेविवायरस परिवार के अन्य रोगजनकों के लिए, जिसमें वेस्ट नाइल, पीला बुखार और डेंगू वायरस शामिल हैं। वायरस के लिए एक मरीज जितना अधिक जरूरी होता है, वायरस उसे नियंत्रित करने के लिए उतना ही अधिक काम करता है। इन तंत्रों को समझना संक्रामक रोगों का कारण बनने वाले उभरते या फिर से उभरने वाले वायरस के लिए तैयार रहने का एक जरूरी हिस्सा है।

...साभार

# अमेरिका के बाद मेक्सिको भी भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाएगा



■ 2026 से लागू होगा, भारत के अलावा चीन, भारत, दक्षिण कोरिया, थाईलैंड और इंडोनेशिया शामिल

**मेक्सिको सिटी।** अमेरिका के बाद अब मेक्सिको भी भारत पर हाई टैरिफ लगाने जा रहा है। मेक्सिको की संसद ने बुधवार को भारत समेत 5 एशियाई देशों पर 50 प्रतिशत तक का भारी टैरिफ लगाने का ऐलान किया। यह टैरिफ ऐसे देशों पर लगाया जाएगा जिनके साथ मेक्सिको का कोई फ्री ट्रेड एग्रीमेंट नहीं है। यह साल 2026 से लागू होगा। जिन देशों पर मेक्सिको टैरिफ लगाएगा उनमें भारत के अलावा चीन, भारत, दक्षिण कोरिया, थाईलैंड और इंडोनेशिया शामिल हैं। मेक्सिको इन देशों से बहुत ज्यादा सामान खरीदता है। 2024 में इन देशों से 253.7 अरब डालर का सामान आया। इतने ज्यादा आयात की वजह से मेक्सिको को करीब 223 अरब डालर का घाटा हुआ। अब नए कानून के अनुसार कारें, आटो पार्ट्स, कपड़े-टेक्सटाइल, प्लास्टिक के उत्पाद, स्टील और जूते-चप्पल जैसे लगभग 1400 तरह के सामान महंगे होंगे। ज्यादातर पर 35 प्रतिशत तक और कुछ पर 50 प्रतिशत तक टैरिफ लगेगा। एक्सपर्ट्स का मानना है कि यह कदम 2026 में होने वाली यूएसएमसीए (अमेरिका-मेक्सिको-कनाडा व्यापार समझौता) की समीक्षा से पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को खुश करने की कोशिश है। क्योंकि अमेरिका लंबे समय से चीन से मेक्सिको के रास्ते आने वाले सस्ते सामान पर चिंता जता रहा है। चीन सरकार, मेक्सिको के बड़े कारोबारी संगठन और विपक्षी दल टैरिफ लगाने को गलत कदम बता रहे हैं। उनका कहना है कि टैरिफ दरअसल आम उपभोक्ताओं पर एक्स्ट्रा टैक्स है, जिससे रोजमर्रा का सामान महंगा हो जाएगा और महंगाई बढ़ेगी। पहले प्रस्तावित बिल इससे भी सख्त था, लेकिन विरोध के बाद करीब दो-तिहाई सामान पर टैरिफ को कम कर दिया गया। सीनेट में बिल 76 के मुकाबले 5 वोटों से पास हुआ जबकि 35 सांसदों ने वोटिंग से दूर रहना चुना।

# नेपाल में चीन के लोन से बना पोखरा एयरपोर्ट फेल

■ जमकर भ्रष्टाचार हुआ, टूरिस्ट भी नहीं आए चीनी कंपनी समेत 55 लोगों पर केस

**काठमांडू।** नेपाल में पोखरा इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्रोजेक्ट में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार का खुलासा हुआ है। 2012 में 620 करोड़ रुपये अनुमानित लागत वाला यह प्रोजेक्ट 892 करोड़ तक पहुंच गया।

जांच के बाद नेपाल की कमिशन फार इन्वेस्टिगेशन आफ एब्यूज आफ अथारिटी (सीआईएए) ने 5 पूर्व मंत्रियों, 10 पूर्व सचिवों सहित कुल 55 लोगों और चीनी कंपनी चाइना सीएएमसी इंजीनियरिंग पर भ्रष्टाचार का केस दर्ज किया है। एयरपोर्ट 2023 में शुरू हुआ, लेकिन ढाई साल में यहां सिर्फ 45 इंटरनेशनल फ्लाइट्स आई और करीब 3,000 यात्री पहुंचे, जबकि इसे पश्चिमी नेपाल का अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन हब घोषित किया गया था।। पोखरा इंटरनेशनल एयरपोर्ट को कभी नेपाल के 'गेटवे आफ वर्ल्ड' के रूप में पेश किया गया था। दावा किया गया था कि यह पश्चिमी नेपाल का अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन हब बनेगा और टूरिस्ट बढ़ेंगें। संचालन के ढाई साल बाद यहां सिर्फ 45 अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें दर्ज की गईं। यात्रियों की संख्या सिर्फ 3000 रही। हिमालयन एयरलाइंस और सिचुआन एयरलाइंस ने कुछ टेस्ट फ्लाइट्स चलाईं, लेकिन नियमित सेवा नहीं चल सकीं। पोखरा एयरपोर्ट प्रोजेक्ट चीन के एग्जिम बैंक से लोन लेकर बनाई गई थी और इसे नेपाल की पर्यटन क्षमता दोगुनी करने वाला प्रोजेक्ट बताया गया था।



**तिरुनेलवेली। तमिलनाडू में चुनाव कर्मचारी मतदाता सूचियों के विशेष गहन संशोधन (एसआईआर) के प्रपत्रों को अलग करते हुए।**

## अमेरिका में युद्ध विभाग के लिए 901 अरब डॉलर संबंधी विधेयक पारित

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी प्रतिनिधि सभा ने बुधवार शाम वित्त वर्ष 2026 के लिए युद्ध विभाग को 901 अरब डॉलर की भारी-भरकम रकम आवंटित करने संबंधी राष्ट्रीय रक्षा प्राधिकरण विधेयक को पारित किया। यह राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के अनुरोध से आठ अरब डॉलर जडादा है। यह 3000 से जयादा पन्नों वाला विधेयक 112 के मुकाबले 312 वोटों से पास हुआ है। अब इसे मंजूरी के लिए सीनेट में भेजा जा रहा है। आखिरी वोटिंग में 18 रिपब्लिकन और 94 डेमोक्रेट्स ने ष्नकारात्मकष् वोट दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### ट्रम्प से जितनी जल्दी हो सके मिलने को तैयार हूं: ताकाइची

**टोक्यो।** जापान की प्रधानमंत्री सनाए ताकाइची ने संसद में कहा है कि वह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से जल्द से जल्द मिलने के लिए तैयार हैं। सुताकाइची ने बुधवार को कहा कि मैं वाशिंगटन जा सकती हूं और जब राष्ट्रपति ट्रम्प विदेश जाएंगे और यदि उनसे मिलना संभव है तो मैं जल्दी उनसे मिलना चाहूंगी। यह बात उन्होंने डेमोक्रेटिक पार्टी फॉर द पीपल के नेता युइचिरो तमाकी के चीन दौरे से पहले ट्रम्प से मिलने के प्रस्ताव के बाद कही। तमाकी ने खास तौर पर सुझाव दिया कि प्रधानमंत्री अगले वर्ष जनवरी में दावोस फोरम में हिस्सा लें और वहां ट्रम्प से मिलें।

### चीन ने मैक्सको की ओर से बढ़ाए आयात शुल्कों की निंदा की

**बीजिंग।** चीन के वाणिज्य मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने गुरुवार को मैक्सिको की एकतरफा नीतियों और संरक्षणवाद में सुधार का आग्रह करते हुए कहा है कि चीन ने हमेशा एकतरफा आयात शुल्क वृद्धि का विरोध किया है। प्रवक्ता ने यह टिप्पणी मेक्सिको की संसद द्वारा 'गैर-मुक्त व्यापार समझौता भागीदारों' पर शुल्क बढ़ाने के प्रस्ताव को मंजूरी देने के संबंध में एक मीडिया प्रश्न के उत्तर में की। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, नए शुल्क 1 जनवरी, 2026 से प्रभावी होंगे।

### गाजा में वर्चस्व बढ़ाना चाहता है इजरायल: तुर्की

**अनकारा।** तुर्की के विदेश मंत्री हकान फदिान ने बुधवार को कहा कि इजरायल सीरिया को अपने विस्तार के क्षेत्र के तौर पर देखता है जबकि इजरायली प्रधानमंत्री बेन्जमिन नेतन्याहू का मंत्रिमंडल गाजा में अलग-अलग तरीकों से युद्ध जारी रख पश्चिमी एशिया में अपना वर्चस्व मजबूत रखने की कोशिश कर रहा है। अनादोलू एजेंसी ने फिदान के हवाले से कहा कि तेल अवीव की हरकतों का सीरिया पर असर पड़ रहा है। यह क्षेत्र की स्थिरता के लिए गंभीर खतरा है।

### मेलोनी की जेलेंस्की से युक्रेन युद्ध समाप्त करने की अपील

रोम। इटली की प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी ने यहां यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लोडिमिर जेलेंस्की से मुलाकात के दौरान यूक्रेन में जारी संघर्ष को सुलझाने का आग्रह किया है। इटली के अखबार कोरिएरे डेला सेरा ने अपनी रिपोर्ट रिपोर्ट में ब्रदर्स ऑफ इटली पार्टी के सूत्रों के हवाले से कहा है कि सुमेलोनी ने जेलेंस्की पर अमेरिकी शांति योजना के संबंध में आग्रह किया। इस दौरान जेलेंस्की ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को नरम रुख अपनाने के लिए उनसे (सुमेलोनी) से हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया।

# 9 करोड़ में मिलेगी अमेरिकी नागरिकता

## ट्रम्प गोल्ड कार्ड आज से लागू, प्लेटिनम कार्ड जल्द शुरू होगा, अमेरिकी राष्ट्रपति बोले: कार्ड से सरकारी खजाना बढ़ेगा



■ ट्रम्प ने इसी साल फरवरी में 'गोल्ड कार्ड' वीजा प्रोग्राम शुरू करने का ऐलान किया था
■ ट्रम्प का प्लेटिनम कार्ड भी जल्द शुरू होने की उम्मीद है

**न्यूयार्क।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने गुरुवार को 'ट्रम्प गोल्ड कार्ड' के लिए अप्लाई प्रोसेस शुरू करने का ऐलान किया। इसके लिए आवेदक आज से आवेदन कर सकते हैं। कार्ड की कीमत 1 मिलियन डालर (करीब 8.8 करोड़ रुपये) है। हालांकि कंपनियों को कार्ड के लिए 2 मिलियन डालर देना होगा।

ट्रम्प ने इसी साल फरवरी में 'गोल्ड कार्ड' वीजा प्रोग्राम शुरू करने का ऐलान किया था। हालांकि उस वक्त उन्होंने इसकी कीमत 5 मिलियन डालर (42 करोड़ रुपये) रखी थी। सितम्बर में इसे घटाकर 1 मिलियन डालर किया गया। ट्रम्प का कहना है कि यह अमेरिका फर्स्ट एजेंडे का हिस्सा है, जो टॉप टैलेंट (जैसे भारत-चीन से पढ़े स्टूडेंट्स) को रोकने और कंपनियों को अमेरिका लाने के लिए है। होमलैंड सिक्योरिटी सेक्रेटरी क्रिस्टी नोएम ने कहा कि यह दुनिया के सफल उद्यमियों को आकर्षित करेगा। वहीं ट्रम्प का प्लेटिनम कार्ड भी जल्द शुरू होने की उम्मीद है। इसकी फीस करीब 5 मिलियन डालर (लगभग 42 करोड़ रुपये) है।

गुरुवार को कार्ड लान्च करते हुए ट्रम्प ने कहा गोल्ड कार्ड की अनलिमिटेड रेसीडेंसी में नागरिकों को सिर्फ पासपोर्ट और वोट देने का अधिकार नहीं मिलता, बाकी सारी सुविधाएं एक अमेरिकी नागरिक के जैसी मिलती हैं। यह प्रक्रिया उसी तरह होगी, जैसे ग्रीन कार्ड के जरिए स्थायी निवास मिलता है। राष्ट्रपति ट्रम्प ने कहा कि यह वीजा प्रोग्राम खास तौर पर धनी विदेशियों के लिए है, ताकि वे 1 मिलियन डालर देकर अमेरिका में रहते हुए काम कर सकें। उन्होंने कहा कि अब अमेरिका सिर्फ टैलेंटेड लोगों को ही वीजा देगा, न कि ऐसे लोगों को जो अमेरिकियों की नौकरियां छीन सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि इस रकम का इस्तेमाल टैक्स को घटाने और सरकारी कर्ज चुकाने में किया जाएगा। ट्रम्प ने गोल्ड कार्ड के अलावा 3 नए तरह के वीजा कार्ड भी लान्च किए थे। इनमें 'ट्रम्प गोल्ड कार्ड', 'ट्रम्प प्लेटिनम कार्ड' और 'कार्पोरेट गोल्ड कार्ड' शामिल हैं। ट्रम्प गोल्ड कार्ड व्यक्ति को अमेरिका में अनलिमिटेड रेसीडेंसी (हमेशा रहने) का अधिकार देगा। वहीं ट्रम्प प्लेटिनम कार्ड जल्दी शुरू किया जाएगा। कामर्स सेक्रेटरी हावर्ड लुटनिक के मुताबिक, यह गोल्ड कार्ड मौजूदा ईबी-1 और ईबी-2 वीजा की जगह लेगा। ग्रीन कार्ड श्रेणियां बंद हो सकती हैं। ईबी-1 वीजा अमेरिका का एक स्थायी निवास (ग्रीन कार्ड) वीजा है। ईबी-2 वीजा भी ग्रीन कार्ड के लिए है, लेकिन उन लोगों के लिए जो उच्च शिक्षा (मास्टर्स या उससे ऊपर) की योग्यता रखते हों।

## ट्रम्प की कोलंबिया के राष्ट्रपति पेट्रो को चेतावनी

■ ड्रग्स पर कार्रवाई करें 'वरना चुकानी पड़ेगी भारी कीमत'

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो को चेतावनी दी है कि यदि वह देश में मादक पदार्थों की स्थिति पर ध्यान नहीं देते हैं, तो उन्हें 'भारी मुसीबत' का सामना करना पड़ सकता है। ट्रम्प ने बुधवार को व्हाइट हाउस में संवाददाताओं से कहा कि अगर वह (पेट्रो) समझदारी से काम नहीं लेते हैं तो उनको भारी मुसीबत का सामना करन पड़ सकता है। कोलंबिया बहुत अधिक ड्रग्स का निर्माण कर रहा है। उनके पास कोकीन बनाने वाली फैक्ट्रियां हैं और वे इसे सीधे अमेरिका में बेचते हैं। इसलिए उन्हें समझदार बनना होगा, वरना वह अमेरिका का अगला निशाना होंगे और मुझे उम्मीद है कि वह सुन रहे होंगे। ट्रम्प ने कहा कि उन्होंने अभी तक पेट्रो से बात करने पर विचार नहीं किया है उनके बारे में 'जयादा नहीं सोचा' है। इस सप्ताह की शुरुआत में पॉलिटिको को दिए गए एक साक्षात्कार में अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा था कि वह कोलंबिया और मेक्सिको के संदिग्ध ड्रग्स तस्करी करने वाले अपराधियों पर हमला करने की संभावना को खारिज नहीं करेंगे। हाल के महीनों में अमेरिका ने कैरिबियन में संदिग्ध ड्रग्स तस्करी में शामिल नावों पर हमले किए हैं। अमेरिका इसके लिए मुख्य रूप से वेनेजुएला पर ड्रग्स भेजने का दोष लगाता है। पेंटागन के प्रेस सचिव किंग्सले विल्सन ने कहा कि अमेरिका ने संदिग्ध ड्रग्स तस्करी वाली नौकाओं पर कुल 21 हमले किए हैं, जिसके परिणामस्वरूप 82 लोगों की मौत हुई है।

# वेनेजुएला पर अमेरिका का मिलिट्री एक्शन

■ बीच समंदर में जहाज पर हथियारबंद कमांडो उतरे, पलभर में कब्जा किया, वेनेजुएला बोला: ये समुद्री डकैती

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने वेनेजुएला के तट के पास बीच समंदर में एक बहुत बड़े क्रूड आयल टैंकर को जब्त कर लिया। बुधवार को अमेरिकी अटार्नी जनरल पैम बान्डी ने सोशल मीडिया पर इस आपरेशन का 45 सेकेंड का वीडियो जारी किया।

वीडियो में दो सैन्य हेलीकॉप्टर समुद्र के ऊपर से तेजी से उड़ते हुए एक टैंकर को घेरते हैं। उनसे कई कमांडो रस्सियों के सहारे टैंकर के डेक पर उतरते हैं और कुछ ही मिनटों में टैंकर को अपने कब्जे में ले लेते हैं। व्हाइट हाउस में पत्रकारों से बातचीत में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भी इस जब्ती की पुष्टि की। दूसरी ओर, वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो ने इस कार्रवाई को समुद्री डकैती और खुलेआम चोरी करार देते हुए कड़ी निंदा की है। ट्रम्प ने कहा कि हमने वेनेजुएला के तट पर एक टैंकर जब्त कर लिया है, बहुत बड़ा टैंकर, शायद अब तक का सबसे बड़ा टैंकर। जब उनसे पूछा गया कि जहाज में भरे लाखों बैरल तेल का क्या होगा, तो ट्रम्प ने मुस्कुराते हुए जवाब दिया कि हम रख लेंगे, मुझे ऐसा लगता है। अटार्नी जनरल बान्डी ने कहा कि यह जहाज कई सालों से अमेरिकी प्रतिबंधों की सूची में था क्योंकि यह वेनेजुएला और ईरान के प्रतिबंधित तेल को गैरकानूनी तरीके से ले जा रहा था। इस तेल की कमाई से विदेशी आतंकवादी संगठनों को मदद पहुंचाई जा रही थी। वहीं, तीन अमेरिकी अधिकारियों ने नाम न बताने की शर्त पर न्यूयार्क टाइम्स से बताया कि जहाज वेनेजुएला का तेल लेकर जा रहा था। मिलिट्री आपरेशन का जहाज के कर्मचारियों ने कोई विरोध नहीं किया और आपरेशन में किसी को कोई नुकसान नहीं हुआ। बान्डी ने बताया कि इस अभियान को एफबीआई, होमलैंड सिक्योरिटी इन्वेस्टिगेशंस और अमेरिकी कोस्ट गार्ड ने मिलकर अंजाम दिया, जबकि सैन्य सहायता अमेरिकी रक्षा विभाग ने प्रदान की। बान्डी ने इसे पूरी तरह सुरक्षित और सफल आपरेशन बताया और कहा कि प्रतिबंधित तेल की तस्करी करने वाले छिपे हुए नेटवर्क को तोड़ने के लिए ऐसे अभियान आगे भी जारी रहेंगे।

# पाकिस्तान के पूर्व आईएसआई चीफ हमीद को 14 साल कैद



■ मिलिट्री कोर्ट ने चार आरोपों में दोषी ठहराया पूर्व पीएम इमरान खान के माने जाते हैं करीबी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की एक मिलिट्री कोर्ट ने पूर्व आईएसआई चीफ फैज हमीद को 14 साल कैद की सजा सुनाई है। उनके खिलाफ करीब 15 महीने तक कोर्ट मार्शल की कार्रवाई चली। फौज की तरफ से जारी बयान के मुताबिक, फैज पर चार गंभीर आरोपों में मुकदमा चलाया गया।

उन पर राजनीतिक गतिविधियों में शामिल होने, आफिशियल सीक्रेट्स एक्ट का उल्लंघन कर देश के हितों को नुकसान पहुंचाने, सरकारी अधिकार और संसाधनों का दुरुपयोग करने और लोगों को नुकसान पहुंचाने के आरोप थे। सेना ने कहा कि कोर्ट ने सभी आरोपों में फैज को दोषी पाया है, हालांकि उन्हें फैसले के खिलाफ अपील करने का अधिकार भी दिया गया है। फैज को पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान का करीबी माना जाता है। फैज हमीद को पिछले साल 12 अगस्त को हाउसिंग घोटाला केस में आर्मी ने अरेस्ट किया था। उनके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट ने कार्रवाई का आदेश दिया था, जिसके बाद उनका कोर्ट मार्शल शुरू किया गया।

## पाक के एफ-16 लड़ाकू विमान अपग्रेड करेगा

**इस्लामाबाद।** अमेरिका ने पाकिस्तान के एफ-16 लड़ाकू विमानों को अपग्रेड करने के लिए 686 मिलियन डालर (लगभग 5,800 करोड़ रुपये) का प्रस्ताव संसद को भेजा है। 8 दिसम्बर 2025 को डिफेंस सिक्योरिटी कोआपरेशन एजेंसी (डीएससीए) ने संसद को एक नोटिफिकेशन भेजा है, जिसमें पाकिस्तान के एफ-16 अपग्रेड पैकेज (+686 मिलियन) को मंजूरी की घोषणा की गई है। यह प्रक्रिया आर्म्स एक्सपोर्ट कंट्रोल एक्ट के तहत होगी। अब अमेरिकी संसद के पास इसे रोकने या पास करने के लिए 30 दिन का समय है। इस पैकेज में 37 मिलियन डालर की मेजर डिफेंस इक्विपमेंट और बाकी 649 मिलियन डालर की साफ्टवेयर, हार्डवेयर और लाजिस्टिक सपोर्ट शामिल हैं।

# 'हनुमान' को झूठा देवता कहने वाले अमेरिकी उम्मीदवार फेल

■ प्राइमरी चुनाव में जगह बनाने में नाकाम रहे अलेक्जेंडर डंकन, कहा था: झूठी मूर्ति क्यों लगने दे रहे

**टेक्सास।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की रिपब्लिकन पार्टी के नेता और टेक्सास सांसद उम्मीदवार अलेक्जेंडर डंकन का चुनावी सफर शुरू होने से पहले ही खत्म हो गया।

उन्हें प्राइमरी चुनाव में जगह बनाने के लिए जरूरी समर्थन नहीं मिल सका। अब टेक्सास में रिपब्लिकन पार्टी की तरफ से प्राइमरी उम्मीदवार बनने के लिए 3 उम्मीदवार रेस में हैं। टेक्सास में 3 मार्च 2026 को प्राइमरी चुनाव होने हैं। डंकन सुर्खियों में तब आए थे जब उन्होंने सितम्बर में टेक्सास के शुगर लैंड स्थित अष्टलक्ष्मी मंदिर में लगी 90 फीट ऊंचे भगवान हनुमान को झूठे भगवान की झूठी प्रतिमाश कहा था। उन्होंने सोशल मीडिया पर वीडियो पोस्ट कर लिखा था, टेक्सास में एक झूठे हिंदू देवता की झूठी मूर्ति को रखने की इजाजत क्यों दी जा रही है? हम ईसाई देश हैं! डंकन के इस बयान से हिंदू समुदाय में भारी आक्रोश फैल गया था। हजारों लोगों ने डंकन पर धार्मिक असहिष्णुता और हिंदू-विरोधी नफरत फैलाने का आरोप लगाया था। टेक्सास में भगवान हनुमान की 90 फीट ऊंची मूर्ति। इसकी स्थापना अगस्त 2024 में हुई थी। हिंदू अमेरिकन फाउंडेशन ने टेक्सास रिपब्लिकन पार्टी से डंकन के खिलाफ कार्रवाई करने और उन्हें पार्टी से निकालने की मांग की थी।

संगठन ने कहा कि डंकन का बयान पार्टी के खुद के भेदभाव-विरोधी नियमों का उल्लंघन है और यह हिंदूओं के लिए उनकी नफरत को दिखाता है। फाउंडेशन ने अमेरिकी संविधान के प्रथम संशोधन का हवाला देते हुए कहा कि किसी भी धर्म को मानने और उसकी पूजा की स्वतंत्रता हर अमेरिकी नागरिक को है।

## एक साल में दुनियाभर में 67 पत्रकार मारे गए: आरएसएफ रिपोर्ट

**पेरिस।** रिपोर्टर्स विदआउट बॉर्डर्स (आरएसएफ) की नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार साल 2025 में दुनिया भर में अपने काम के दौरान 67 पत्रकार मारे गए हैं। आरएसएफ ने अपने रिपोर्ट में कहा कि पत्रकार सिर्फ मरते नहीं है, मारे जाते हैं। पत्रकारों की हत्या की संख्या फिर से बढ़ गई है और इसका कारण नियमित और अर्धसैनिकों की आपराधिक गतिविधियां हैं। इस वर्ष 67 में से 53 पत्रकार युद्ध या आपराधिक समूह द्वारा मारे गए हैं। रिपोर्ट के अनुसार, पिछले 12 महीनों में (एक दिसम्बर तक) मारे गए पत्रकारों में से लगभग आधे (43 प्रतिशत) को गाजा में इजरायली सशस्त्र बलों द्वारा मारा गया। इसके बाद सबसे अधिक पत्रकार (नौ) मैक्सिको में आपराधिक समूहों द्वारा मारे गए।

# ट्रम्प की विदेश नीति फेल हुई: अमेरिकी प्रतिनिधि

## अमेरिकी संसद में मोदी-पुतिन की कार वाली तस्वीर दिखाई

■ डेमोक्रेट सांसद बोलीं: यह फोटो हजार शब्दों के बराबर

**वाशिंगटन।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का भारत दौरा अमेरिका में भी चर्चा में बना हुआ है। एक अमेरिकी सांसद ने पीएम मोदी और पुतिन की सेल्फी वाली तस्वीर दिखाकर राष्ट्रपति ट्रम्प की विदेश नीति की आलोचना की। अमेरिकी प्रतिनिधि सिडनी कैमलेगर-डव ने मोदी-पुतिन की तस्वीर की ओर इशारा करते हुए कहा कि यह पोस्टर हजार शब्दों के बराबर है।

इसके साथ ही उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की भारत नीति की कड़ी आलोचना की। डव ने कहा कि ट्रम्प की भारत को लेकर नीतियां ऐसी हैं जैसे हम खुद को ही नुकसान पहुंचा रहे हों। दबाव डालकर साझेदारी करना महंगा साबित होता है। और यह पोस्टर इसका सबसे बड़ा सबूत है। अमेरिका की दबाव वाली नीति भारत को रूस के करीब धकेल रही है। दूसरी ओर ट्रम्प की पार्टी के एक सांसद बिल हुइजेंगा ने क्रास-बार्डर टेररिज्म पर कड़ी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने भारत के इस दावे का खुलकर समर्थन किया है कि पाकिस्तान में बैठे लश्कर-ए-तैयबा और उसका संगठन 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' (टीआरएफ) पहलगाम हमले के पीछे थे। अमेरिकी सांसद सिडनी कैमलेगर-डव ने मोदी-पुतिन की कारपुलिंग वाली तस्वीर दिखाई। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन 4 दिसम्बर को भारत आए थे। इस दौरान वे अपनी कार छोड़कर मोदी की गाड़ी में बैठ गए थे। सांसद डव ने ट्रम्प के उस दावे पर भी तंज कसा जिसमें ट्रम्प खुद को नोबेल शांति पुरस्कार का हकदार बताते रहे हैं और दावा करते हैं कि उन्होंने आठ युद्ध रुकवाए हैं, जिनमें भारत-पाकिस्तान भी शामिल है। डव ने कहा कि जब कोई देश अपने सबसे अहम रणनीतिक साझेदारों को ही विरोधियों की ओर धकेल दे, तो वह नोबेल शांति पुरस्कार का हकदार नहीं कहलाता। डव ने आगे कहा कि अमेरिका को अब बेहद तेजी से कदम उठाने होंगे, ताकि ट्रम्प प्रशासन की नीतियों से अमेरिका-भारत साझेदारी को जो नुकसान हुआ है, उसे जल्द से जल्द ठीक किया जा सके। उन्होंने जोर देकर कहा कि दोनों देशों के बीच वह भरोसा और सहयोग फिर से बहाल करना जरूरी है, जो अमेरिका की समृद्धि, सुरक्षा और वैश्विक नेतृत्व के लिए अनिवार्य है। ये टिप्पणियां हाउस फारेन अफेयर्स सबकमेटी आन साउथ एंड सेंट्रल एशिया की उस सुनवाई के दौरान आईं, जिसका विषय था 'अमेरिका-भारत रणनीतिक साझेदारीरू एक स्वतंत्र और खुले इंडो-पैसिफिक की सुरक्षा'। अमेरिकी सांसद बिल हुइजेंगा ने कहा कि अमेरिका का भारत के साथ साझेदारी बेहद अहम है। उन्होंने याद दिलाया कि ट्रम्प प्रशासन ने इसी साल जुलाई में टीआरएफ को विदेशी आतंकी संगठन घोषित कर दिया था।



